✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 154 ✷ पृष्ठ : 16 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 1 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती पर गुजरात के केवडिया में परेड करते सेना के जवान

# एनडीए के संकल्प पत्र में युवा, किसान व महिलाओं पर फोकस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए एनडीए ने अपना चुनावी संकल्प पत्र जारी कर दिया है। एनडीए गठबंधन के शीर्ष नेताओं ने साझा रूप से अपने चुनावी वादों का एलान किया है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री और हिन्दुस्तानी आवाम पार्टी के संरक्षक जीतन राम मांझी, केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रा) प्रमुख चिराग पासवान, राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा और अन्य ने पटना में एनडीए का 'संकल्प पत्र' जारी किया। साझा चुनावी घोषणा पत्र जारी करने के बाद होटल मौर्य में साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस पीसी को सिर्फ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने ही संबोधित किया। इस क्रम में यह संकल्प पत्र किसानों के कल्याण, युवाओं को रोजगार, महिलाओं के सशक्तिकरण, अधोसंरचना विकास व नये उद्यम स्थापित करने के साथ ही विकसित एवं आत्मनिर्भर बिहार निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता का दस्तावेज है। बिहार में एनडीए सरकार द्वारा सर्वांगीण उत्कर्ष एवं सभी वर्गों के सर्वस्पर्शी विकास के कई ऐतिहासिक आयाम स्थापित हुए हैं। बिहारवासियों के जीवन में आया सकारात्मक परिवर्तन और तेजी से हो रही प्रगति इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि एनडीए के संकल्प पत्र में रोजगार, विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य से जुड़े 25 प्रमुख वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र में एक करोड़ सरकारी नौकरी एवं रोजगार देने के साथ कौशल जनगणना करके कौशल आधारित रोजगार प्रदान करने की बात कही गयी है। उन्होंने कहा कि हर जिले में मेगा स्किल सेंटर स्थापित करके बिहार को ग्लोबल स्किलिंग सेंटर के रूप



में स्थापित किया जाएगा। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को 2 लाख रुपये तक की सहायता राशि दी जाएगी। वहीं एक करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाया जाएगा 'महिला मिशन करोड़पति' के माध्यम से चिह्नित महिला उद्यमियों को करोड़पति बनाने की दिशा में काम किया जाएगा। अतिपिछड़ा वर्ग के विभिन्न व्यावसायिक समूहों को 10 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा जो अतिपिछड़ा वर्ग की विभिन्न जातियों के सामाजिक और आर्थिक स्थिति का आकलन करके उनके सशक्तिकरण के लिए न्यायोचित कदम उठाने हेतु सरकार को सुझाव देगी। किसानों के लिए कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि की शुरुआत करके किसानों को प्रति वर्ष 3000 रुपये लाभ दिया जाएगा। पंचायत स्तर पर सभी प्रमुख फसलों (धान, गेहूं, दलहन, मक्का) की एमएसपी पर खरीद की जाएगी। 'मत्स्य-दुग्ध मिशन' योजना सेप्रत्येक मत्स्य पालक को कुल 9,000 रुपयेका लाभ दिया जाएगा। 'बिहार दुग्ध मिशन' की शुरुआत करके हर प्रखंड स्तर पर चिलिंग व प्रोसेसिंग सेंटर्सस्थापित किए जाएंगे। पांच मेगा फूड पार्क स्थापित किए जाएंगे और कृषि निर्यात दोगुना किया जाएगा। 2030 तक दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त की जाएगी। बिहार गति शक्ति मास्टर प्लान प्रस्तुत किया जाएगा। श्री चौधरी ने बताया कि सरकार बनने के बाद सूबे में सात एक्सप्रेस वे बनाए जाएंगे जबकि 3600 किलोमीटर रेल ट्रैक का आधुनिकीकरण किया जाएगा। अमृत भारत एक्सप्रेस एवं नमो रैपिड रेल सेवा का विस्तार करने के साथ चार नए शहरों में मेट्रो सेवा शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि पटना के समीप ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट तथा दरभंगा, पूर्णिया एवं भागलपुर में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट विकसित किए जाएंगे। दस नए शहरों से घरेलू उड़ानें शुरू की जाएंगी। विकसित बिहार औद्योगिक मिशन के अंतर्गत एक लाख करोड़ के निवेश से औद्योगिक क्रांति लाई जाएगी। प्रत्येक जिले में अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट और 10 नए औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। साथ ही लोगों को मुफ्त राशन, 125 यूनिट मुफ्त बिजली, पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज, 50 लाख लोगों को नए पक्के मकान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जाएगी। वहीं सभी गरीब परिवारों के छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### आचार संहिता लागू होने के बाद 88 लाख जब्त

**शिवहर(नबिटा ब्यूरो)।** शिवहर पुलिस ने आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 88 लाख 74 हजार 599 जब्त करने के साथ ही 213 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वॉड टीम) द्वारा यह राशि जब्त की गई है। बीएनएनएस की धारा 126 और 129 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की गई है।

### नामांकन रद्द करने के खिलाफ याचिका दायर

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव में मोहनिया से राष्ट्रीय जनता दल की प्रत्याशी श्वेता सुमन और घोसी से राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रत्याशी राकेश कुमार सिंह द्वारा अपने नामांकन रद्द किए जाने के खिलाफ पटना हाईकोर्ट में याचिकाएं दायर की गई हैं। राजद प्रत्याशी श्वेता सुमन का नामांकन उनके जाति प्रमाण पत्र में तकनीकी त्रुटि के आधार पर रद्द किया गया है। वहीं आरएलजेपी उम्मीदवार राकेश कुमार सिंह का नामांकन आपराधिक इतिहास संबंधी कॉलम में टिक नहीं लगाने के कारण निर्वाचन अधिकारी ने निरस्त कर दिया।

### राजद प्रत्याशी रीतलाल यादव को पटना हाईकोर्ट से झटका

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना हाईकोर्ट ने दानापुर विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी रीतलाल यादव को चुनाव प्रचार के लिए जेल से बाहर आने के मामले में किसी तरह का राहत देने से साफ इंकार कर दिया। शुक्रवार को न्यायमूर्ति अरुण कुमार झा की एकलपीठ ने मामले पर सुनवाई की। हालांकि कोर्ट ने चुनाव प्रचार के लिए एमपी-एमएलए कोर्ट से औपबंधिक जमानत की गुहार लगाने की पूरी छूट दी है। कोर्ट ने चुनाव प्रचार के लिये जेल से छोड़ने के लिए दायर अर्जी को खारिज कर दिया।

### बेऊर जेल में बंद नालंदा के कैदी की मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बेऊर जेल में बंद नालंदा के हिलसा निवासी कैदी चंद्र भूषण प्रसाद की ब्रेन हेमरेज से मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने पर उसे पीएमसीएच में भर्ती कराया गया था जहां शुक्रवार को उसने दम तोड़ दिया। शराबबंदी कानून के तहत गिरफ्तारी के बाद उसे 18 अक्तूबर को जेल भेजा गया था। चंद्र भूषण प्रसाद को जेल के यमुना खंड के वार्ड में रखा गया था। इसी दौरान 29 अक्तूबर की सुबह उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। जेल अधीक्षक नीरज कुमार झा ने बताया कि तबीयत खराब होने के बाद चंद्र भूषण प्रसाद को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया। वहां शुक्रवार को उसकी मौत हो गई।

# खानदानी माफियाराज की वापसी बर्दाश्त नहीं : योगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सिवान।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार के सिवान विधानसभा क्षेत्र में भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि बिहार में किसी भी हाल में खानदानी माफिया और माफियाराज की वापसी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौसम की प्रतिकूलता, लगातार बारिश के बावजूद सभा में उमड़ी भीड़ और उत्साह को देखते हुए उन्होंने उपस्थित जनसमूह का हृदय से अभिनंदन किया और कहा कि सिवान की धरती पर फिर से भय और दहशत की सत्ता नहीं बैठने देंगे। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एनडीए सरकार बिहार में चंद्रगुप्त और चाणक्य के समय जैसा वैभव वापस लाएगी, बिहार को फिर से स्वर्णयुग की ओर ले जाया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि नालंदा विश्वविद्यालय को ध्वस्त करने वालों के वंशज आज राजनीतिक इस्लाम की मंशा लेकर विकास को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने बिहार में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश में भी जनता के उत्साह का



आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि मैं परसों रघुनाथपुर में आया था क्योंकि एक खानदानी माफिया वहां पर फिर से कब्जा करना चाहता है। यूपी में हमने बुलडोजर से रौंद रौंद कर ऐसे माफियाओं का कचूमर निकाल करके यूपी की धरती से जहन्नुम के रास्ते खोल दिये हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारी सीता मइया की धरती पर कोई मारीच और सुबाहू फिर से सिर न उठा सकेगा। उन्होंने कहा कि रघुनाथपुर की सभा में भारी बारिश के बावजूद युवाओं, माताओं के उत्साह को देखकर लगा कि सिवान में बड़ा सैलाब आने वाला है। योगी ने कहा कि बिहार के नौजवान देश और दुनिया में जहां कहीं गया है उसकी बुद्धी और मेधा का लोहा सबने माना है। अब समय आ गया है। पिछले 20 साल में नितीश बाबू के नेतृत्व में सुशासन की जो नींव मजबूत हुई है। उसपर बिहार की मेधा के बल पर सुदृढ़ भवन का निर्माण करना है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरजेडी के समय बिहार में अपराध और अपहरण एक उद्योग बन चुका था। आरजेडी के राज में किस प्रकार की अराजकता, गुंडागर्दी और परिवारवाद हावी थी, एक ही परिवार के नातेदार-रिश्तेदार पूरे बिहार को रौंदने का काम कर रहे थे। युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा कर रहे थे। मानव तो दूर पशुओं का चारा हजम करके नौजवानों के सामने भीषण संकट खड़ा कर दिया। योगी ने कहा कि भारत आभारी है पीएम मोदी का। एक गरीब के घर में पैदा होने वाले और सामान्य नागरिक के रूप में अपनी दिनचर्या को बढ़ाने वाले नरेन्द्र मोदी ने 2014 में भारत को नेतृत्व देना प्रारंभ किया। आज देश में 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन, 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना से निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा, 12 करोड़ घरों में शौचालय, 45 करोड़ गरीबों का बैंक खाता खोलवाकर, पेंशन और स्कॉलरशिप सीधे एकाउंट में देने का काम एनडीए ने मोदी जी और नितीश बाबू के नेतृत्व में किया है। चार करोड़ गरीबों के मकान बन गये हैं। मोदी जी ने कहा है कि हर गरीब को सिर ढंकने के लिए छत देंगे। ये काम आरजेडी और कांग्रेस ने क्यों नहीं किया।

# कारोबारी पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेलघाट गांव नट स्थान के पास शुक्रवार की सुबह मिठाई दुकानदार और उनके बेटे का शव बरामद किया गया। बदमाशों ने डबल मर्डर की वारदात को अंजाम दिया है। दोनों को सिर और शरीर में गोली मारी गई है। दोनों की गुरुवार की देर रात गोली मारकर हत्या की गई है। मर्डर के बाद दोनों की लाश सड़क किनारे फेंक कर बदमाश फरार हो गए। मृतकों की पहचान उदवंतनगर थाना इलाके के कसाप गांव के रहने वाले प्रमोद कुशवाहा (45) और उनके बेटे प्रियांशु कुशवाहा (20) के रूप में हुई है। अपराधियों ने पहले प्रमोद के गर्दन पर ब्लेड से वार किया गया इसके बाद एक गोली पीठ और दूसरी दाढ़ी के पास मारी गई है। वहीं प्रियांशु को सिर पर गोली मारी गई है। मृतक का बड़ा बेटा हिमांशु ने बताया कि उसकी शादी शोभी डुमरा गांव में तय हुई थी। आज उसकी सगाई थी। इसको लेकर उसके पिता और भाई प्रियांशु मार्केटिंग करने के लिए गुरुवार की शाम घर से निकले थे। गुरुवार की शाम 7 बजे फोन पर बात हुई थी। कहा था कि बामपाली, बड़का गांव के पास जा रहे हैं। कुछ देर में वापस लौट आएंगे। इसके बाद रात तक वापस नहीं लौटे तो हमलोगों ने भारी बारिश में खोजबीन शुरू की। वहीं घटनास्थल पर पहुंचे सदर सीडीपीओ 1 राजकुमार साह ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली थी। इसके बाद तुरंत मौके पर पहुंचा। मृतक पियनिया गांव के रहने वाले थे। सगाई का सामान खरीदने के लिए दोनों पिता-पुत्र घर से बाजार की ओर निकले थे। चुनावी रंजिश से जोड़कर नहीं देखा जा रहा है। एफएसएल की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है। इसके साथ एक टीम का गठन कर तकनीकी अनुसंधान के जरिए अपराधियों की पहचान करने में जट जुट गई है।

# आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने में तीन कर्मचारी बर्खास्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के बीच आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करने की मुहिम तेज हो गई है। इस कड़ी में पटना नगर निगम ने तीन मानदेय कर्मचारियों को तत्काल सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इन तीनों कर्मियों पर आरोप है कि उन्होंने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। ये तीनों कर्मचारी आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद एक राजनीतिक दल के प्रत्याशी के साथ चुनाव प्रचार में सक्रिय भागीदारी की है। जानकारी के अनुसार बांकीपुर अंचल में तैनात कर्मचारी सुधीर कुमार (मानदेय कर संग्राहक और अतिक्रमण प्रभारी), प्रवीण कुमार (मानदेय कर संग्राहक और प्रभारी सहायक) व राजीव रंजन सिंह को सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों और वीडियो में प्रचार करते देखा गया है। नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने इसे सरकारी सेवा के कर्तव्य का उल्लंघन बताते हुए कार्रवाई की है। बता दें कि विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार में आदर्श आचार संहिता लागू है। इस दौरान सरकारी कर्मचारियों को किसी भी राजनीतिक गतिविधि से दूर रहने का सख्त निर्देश जारी है। निगम के तीनों कर्मचारियों की चुनाव प्रचार में भागीदारी की खबरें वायरल होने पर नगर निगम ने 26 अक्टूबर को उन्हें शो-कॉज नोटिस जारी किया था। इस नोटिस में उन्हें 48 घंटे का समय दिया गया था ताकि वह अपना स्पष्टीकरण दे सकें। हालांकि उनके जवाब संतोषजनक न होने पर नगर आयुक्त ने तुरंत सेवा समाप्ति का आदेश जारी कर दिया।

# सीएम नीतीश ने समस्तीपुर-दरभंगा में किया रोड शो

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा/समस्तीपुर।** खराब मौसम और तेज बारिश के कारण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दरभंगा में प्रस्तावित सभा शुक्रवार को रद्द कर दी गई। हालांकि उन्होंने सड़क मार्ग से दरभंगा जिले के बेनीपुर और कुशेश्वरस्थान विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचकर रोड शो किया और जनता से जदयू उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील की। बेनीपुर और कुशेश्वरस्थान पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पाग, चादर और माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री के साथ जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा भी मौजूद रहे। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता एक बार फिर विकास की सरकार को मौका दे ताकि राज्य में जारी योजनाएं और तेजी से आगे बढ़ सकें। मुख्यमंत्री की कुशेश्वरस्थान में बड़ी सभा आयोजित की जानी थी लेकिन भारी बारिश और हेलीकॉप्टर उड़ान रद्द होने के कारण कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा। इसके बाद नीतीश कुमार ने सड़क मार्ग से समस्तीपुर होते हुए कुशेश्वरस्थान पहुंचकर रोड शो किया। नीतीश कुमार के सड़क मार्ग से आने की सूचना मिलते ही अलीनगर विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार मैथिली ठाकुर उनसे मुलाकात के लिए पहुंचीं और मिथिला की परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री का स्वागत किया। कुशेश्वरस्थान विधानसभा सीट पर जदयू के अतिरेक कुमार का मुकाबला वीआईपी के गणेश भारती से है। वहीं बेनीपुर सीट पर जदयू उम्मीदवार विनय कुमार चौधरी का मुकाबला कांग्रेस के मिथिलेश चौधरी से हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को अपने काफिले के साथ दलसिंहसराय के रास्ते अचानक विभूतिपुर पहुंचे। पंचवटी चौक सिंघियाघाट में अपने कार से ही हाथ जोड़कर कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। उसके बाद आग्रह पर वे अपनी कार से बाहर उतरे और जदयू प्रत्याशी व पूर्व विधायक रामबालक के गले में फूल माला पहनाया। प्रत्याशी दंपति ने भी मुख्यमंत्री को फूल माला से स्वागत किया।



# रिकार्ड बहुमत से बिहार में होगी एनडीए की जीत : श्रेयसी

**(विनय कुमार)**

**जमुई।** देश को कॉमनवेल्थ शूटिंग में स्वर्ण पदक दिलाने वाली जमुई विधानसभा सीट से भाजपा की तेजतर्रार विधायक श्रेयसी सिंह ने आज कहा कि बिहार चुनाव में एनडीए की हवा चल रही है और विपक्षी महागठबंधन के पास जीत का कोई अवसर नहीं है। गोल्डन गर्ल के रूप में चर्चित श्रेयसी सिंह ने कहा कि वह चुनाव प्रचार के समय लगातार धरातल पर हैं और जनता में बिहार की एनडीए सरकार को लेकर बहुत उत्साह है। उन्होंने कहा कि उनके गृह जिले जमुई की सभी सीटों पर एनडीए के उम्मीदवार आसानी से जीत दर्ज करने वाले हैं और बिहार में भी इस बार उनका गठबंधन जीत के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ देगा। भाजपा की विधायक श्रेयसी ने राजद के नेता तेजस्वी यादब के लोक लुभावने वादों पर टिप्पणी करते



हुए कहा कि किसी की जुमलेबाजी पर कोई रोक नही है। उन्होने कहा कि मतदाता समझते हैं कि कौन से वादे हकीकत में बदल सकते हैं और कौन से 'शेखचिल्ली के हसीन सपने हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के सभी परिवारों को सरकारी नौकरी देना एक चुनावी शिगुफा है और जब श्री यादव मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचेंगे ही नही तो उनके वादों पर बात करना बेकार है। राजद नेता तेजस्वी यादव के उंस दावे पर कि अपने 17 महीने के शासन में उन्होंने 5 लाख लोगों को सरकारी नौकरियां दी थी, सुश्री श्रेयसी ने कहा कि जिस खण्ड काल मे नौकरियां देने का दावा श्री यादव कर रहे हैं, उसमें बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार थे। जाहिर सी बात है कि नौकरियां मुख्यमंत्री के दस्तखत से दी गईं। उन्होंने कहा कि तेजस्वी नाहक पांच लाख नौकरियों का क्रेडिट लेने की कोशिश कर रहे हैं। यह पूछने पर कि महिला रोजगार के नाम पर दस हजार खाते में भेजने पर विपक्ष पूछ रहा है कि इतने पैसों से कौन सा रोजगार होगा, भाजपा की युवा नेता सुश्री श्रेयसी ने कहा कि दस हजार 'टोकन मनी' है और सरकार ने स्पष्ट कहा है कि जो महिलाएं रोजगार के लिए आगे आएंगी, उनके लिए दो लाख तक अतिरिक्त पूंजी की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह राशि महिला उद्यमियों को आगे ले आने की एक पहल है। भाजपा जब राजद के जंगलराज की याद दिलाती है तो विपक्ष वर्तमान शासन को 'इंस्पेक्टर राज' कहता है और अधिकारियों के भ्रष्टाचार का मुद्दा उठता है, इस सवाल के जवाब में सुश्री श्रेयसी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन की दुनिया कायल है। उनको सुशासन बाबू कहा जाता है और प्रदेश में अगर कोई अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को यह समझना चाहिए कि बिहार लालू -राबड़ी जंगल राज से बहुत आगे बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि बिहार में विकास योजनाओं की बात करें तो दस वर्षों के मनमोहन सिंह सरकार में 2005 से 2014 तक केंद्र (शेष पृष्ठ 7 पर)

# सूबे के 23.71 लाख लोगों को भेजा गया इपिक नंबर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के मतदाताओं को ईपिक नंबर भेजने का काम शुरू हो गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने डाक विभाग बिहार सर्किल की मदद से इसे भेजने का काम शुरू कर दिया है। पहले चरण यानी छह नवंबर को वोट डालने वाले 23 लाख 71 हजार 228 मतदाताओं को ईपिक नंबर भेज दिया गया है। दूसरे चरण यानी 11 नवंबर के दस लाख मतदाताओं को चार नवंबर तक ईपिक नंबर भेज दिए जाएंगे। सभी मतदाताओं को समय से वोटर कार्ड उपलब्ध हो, इसके लिए डाक विभाग बिहार सर्किल विशेष अभियान चला रहा है। बता दें कि चुनाव आयोग ने पहली बार बिहार विधानसभा चुनाव के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण किया था। एक जुलाई से 30 सितंबर तक गहन पुनरीक्षण किया गया। इस दौरान मतदाताओं से 12 तरह के कागजात लिये गये। इसमें जन्म प्रमाण पत्र, स्थाई निवास, जाति प्रमाण पत्र आदि देने पड़े। चुनाव आयोग की ओर से सभी मतदाताओं से ऑनलाइन कागजात लिये गये थे। इसके बाद आयोग ने ईपिक नंबर की सूची भी जारी की थी। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चुनाव आयोग ने समय से ईपिक नंबर भेजने का आश्वासन दिया था। ईपिक नंबर उन मतदाताओं को दिया गया है जो पहली बार मतदान करेंगे। जिन मतदाताओं ने अपने वोटर कार्ड में संशोधन किया है, उसमें सबसे ज्यादा संख्या दरभंगा जिले का है। दरभंगा जिले में नए मतदाता और संशोधन करवाने वाले मतदाताओं की संख्या भी ज्यादा है। इस कारण ईपिक नंबर भी सबसे ज्यादा यहां के मतदाताओं को ही भेजा जा रहा है।

CMYK

# बिहार बसपा के महासचिव ओम प्रकाश पांडेय सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

## महागठबंधन संयुक्त घोषणा पत्र भी जारी नहीं कर सकी : डॉ. दिलीप जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के महासचिव सह मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश पांडेय आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। इन सभी को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने सदस्यता दिलाई और पार्टी में स्वागत किया। पटना स्थित भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में ओम प्रकाश पांडेय और उनके समर्थकों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि भाजपा की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत बनाने के संकल्पों से आकर्षित होकर इन सभी लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश पांडेय के भाजपा में आने से पार्टी शाहाबाद इलाके में और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा चुनाव में सुहेलदेव भारतीय जनसेवा दल ने एनडीए को समर्थन देने की बात कही है। इसके अलावा संत रामपाल जी महाराज जी के बिहार के लाखों अनुयायी हैं, उन सभी ने इस चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों को समर्थन देने की घोषणा की है। इसके अलावा राष्ट्रीय रक्षा सेना पार्टी ने भी इस चुनाव में एनडीए को समर्थन देने का एलान किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार यादव और उपाध्यक्ष नूर अहमद ने कहा कि उनके कार्यकर्ता एनडीए के उम्मीदवारों को विजयी बनाने के लिए कार्य भी करेंगे। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि यह हमारे लिए सुखद क्षण है। उन्होंने एनडीए का समर्थन देने वाले संगठनों का दिल से आभार जताते हुए उनके प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने एनडीए द्वारा जारी संकल्प पत्र की चर्चा करते हुए कहा कि यह घोषणा पत्र नहीं, हमारे लिए संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज एनडीए में शामिल सभी पांच दलों के शीर्ष नेतृत्व ने संकल्प पत्र जारी किया है जबकि महागठबंधन की ओर से अब तक घोषणा पत्र जारी नहीं किया गया है।

# एनटीपीसी बिजली परियोजना कहलगांव में राष्ट्रीय एकता दिवस मना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** कहलगांव स्थित एनटीपीसी बिजली परियोजना में आज भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में एवं सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत टाउनशिप स्थित पूजा प्रांगण से वॉकाथॉन का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य था– संस्थान एवं समाज में ईमानदारी, पारदर्शिता, जवाबदेही तथा सतर्क नागरिक चेतना को बढ़ावा देना। साथ ही प्रत्येक व्यक्ति में नैतिक मूल्यों एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (कहलगांव) रवीन्द्र पटेल द्वारा उपस्थित जनों को राष्ट्रीय एकता शपथ एवं सत्यानिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई गई जिसमें सभी प्रतिभागियों ने देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक सद्भाव की रक्षा एवं संवर्धन के लिए तथा कार्यस्थल पर ईमानदारी एवं निष्पक्षता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। रवीन्द्र पटेल ने कहा कि सरदार पटेल ने विविधताओं में एकता स्थापित कर भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनका जीवन एवं विचार प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान ही नहीं, बल्कि सदैव नैतिकता, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य संस्कृति को अपनाया जाए। प्रतिज्ञा के उपरांत वॉकाथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया जो टाउनशिप के मुख्य मार्गों से होते हुए क्लब प्रांगण में संपन्न हुआ। इस आयोजन में एनटीपीसी कहलगांव के अधिकारियों, कर्मचारियों, सीआईएसएफ जवानों, संविदा कर्मियों एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय एनटीपीसी प्रबंधन, मानव संसाधन विभाग, सतर्कता विभाग, सीआईएसएफ तथा अन्य विभागों के सक्रिय सहयोग से किया गया। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी कहलगांव में 27 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 मनाया जा रहा है जिसका विषय है– 'सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी'।

# बैंक ऑफ बड़ौदा के अंचल कार्यालय ने किया सतर्कता जागरुकता पर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बैंक ऑफ बड़ौदा, पटना अंचल द्वारा होटल चाणक्य में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 की पूर्व संध्या पर टाउन हॉल बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूरे अंचल से 200 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के महानिदेशक-सतर्कता (डीजी) जितेन्द्र सिंह गंगवार थे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में भ्रष्टाचार-मुक्त समाज के निर्माण में सामूहिक सतर्कता की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्रों में नैतिक आचरण के महत्व को रेखांकित किया। बैठक की अध्यक्षता अंचल प्रमुख सुब्रत कुमार स्वाईं ने की। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में संगठन की उच्चतम स्तर की ईमानदारी और सुशासन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने सभी हितधारकों से भ्रष्टाचार के विरुद्ध सक्रिय भागीदारी निभाने और अपने-अपने क्षेत्रों में नैतिक आचरण के आदर्श उदाहरण बनने का आह्वान किया। बैठक में विभिन्न विभागों के कर्मचारी और प्रतिनिधि शामिल हुए। संवादात्मक सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा किए, चिंताओं को उठाया और सतर्कता तंत्र को मजबूत करने के सर्वोत्तम उपायों पर चर्चा की।

# पावरग्रिड द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

## ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के मूल्यों को अपनाने का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1, पटना के क्षेत्रीय मुख्यालय द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के अंतर्गत समाज में पारदर्शिता, निष्ठा और ईमानदारी के मूल्यों को बढ़ावा देने हेतु शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल, नई पुनराईचक में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में सत्यनिष्ठा के महत्व को समझाना और उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में नैतिक आचरण अपनाने के लिए प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में कक्षा 8 से 11 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने ओजस्वी वक्तव्यों के माध्यम से यह संदेश दिया कि सच्चाई और निष्ठा ही किसी व्यक्ति तथा राष्ट्र की प्रगति की नींव हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अधिकारियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई गई जिसमें सभी ने यह संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में ईमानदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे और भ्रष्टाचार जैसी बुराइयों से दूर रहेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ए.सी. झा ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि बच्चों के भीतर नैतिकता और अनुशासन की भावना बचपन से ही विकसित होनी चाहिए। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा पावरग्रिड के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1, पटना मुख्यालय के उप महाप्रबंधक संजीव कुमार ने सफल आयोजन के लिए प्रधानाचार्य ए.सी. झा, निर्णायक मंडल की सदस्य निवेदिता सिंह एवं विनीता शर्मा तथा कार्यक्रम समन्वयक मधुलिका झा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाते हैं बल्कि भविष्य के नागरिकों को जिम्मेदार और सच्चा इंसान बनने की प्रेरणा भी देते हैं।

# पीएनबी मेटलाइफ ने बिहार में दो नई शाखाएं शुरू कर अपनी उपस्थिति मजबूत की

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




पटना। भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने आज बिहार के बक्सर और दरभंगा में अपनी नई शाखाओं का शुभारंभ किया। कंपनी ने इन शाखाओं के उद्घाटन की घोषणा आज की। इस विस्तार के साथ कंपनी की अब बिहार में कुल 6 शाखाएं हो गई हैं। नई शाखा की शुरूआत 'पीएनबी मेटलाइफ' की 'बीमा सेवाओं को हर व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कंपनी का उद्देश्य अपने ग्राहकों तक वहां तक पहुंचना है जहां वे हैं और उन्हें भरोसेमंद बीमा सलाह व सेवाएं उपलब्ध कराना है। 'पीएनबी मेटलाइफ' के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी समीर बंसल ने कहा पीएनबी मेटलाइफ और हमारे ग्राहकों के बीच का रिश्ता हमेशा विश्वास पर आधारित रहा है। वर्तमान में हमारे भारतभर में 177 शाखाएं हैं। इस विस्तार के माध्यम से हम न केवल अपने नेटवर्क को बढ़ा रहे हैं, बल्कि अपनी सेवाओं पर ग्राहकों के भरोसे को और मजबूत बना रहे हैं जहां आवश्यकता है वहां मौजूद रहना, बीमा सुरक्षा को अधिक सुलभ बनाना और लोगों को आत्मविश्वास के साथ अपने आर्थिक भविष्य की योजना बनाने में सहायता करना, यही हमारा निरंतर लक्ष्य है। अपनी 177 शाखाओं के अलावा कंपनी के पास 20,000 से अधिक बैंकिंग पार्टनर केंद्रों के माध्यम से ग्राहकों तक पहुंचने की मजबूत व्यवस्था है। इस व्यापक नेटवर्क के जरिए पीएनबी मेटलाइफ अपने ग्राहकों को उनके वित्तीय सफर के हर चरण पर उच्च गुणवत्ता की, सुसंगत सेवाएं और सहयोग प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# काशी विश्वनाथ की तर्ज पर होगा बाबा हरिहर नाथ मंदिर का विकास : सम्राट चौधरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/सोनपुर।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोनपुर में कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए सोनपुर को गोद लेंगे और सोनपुर के विकास के लिए लगातार काम करेंगे। श्री चौधरी ने कहा कि सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी विनय कुमार सिंह मजबूत प्रत्याशी हैं। इन्होंने राबड़ी देवी को यहां हराने का काम किया है। इन्हें भारी मतों से जीत दिला कर नरेंद्र मोदी, नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत कीजिए। सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के गंगाजल गांव में एनडीए प्रत्याशी विनय कुमार सिंह (भाजपा) के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। लगातार हो रही बारिश के बावजूद भी वहां भारी संख्या में लोग सम्राट चौधरी को सुनने पहुंचे थे। लोगों का उत्साह देख कर सम्राट चौधरी ने कहा- बारिश के बावजूद यहां जुटी भारी भीड़ विनय कुमार सिंह के लिए शुभ संकेत है। उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा- एनडीए सरकार और भारतीय जनता पार्टी सोनपुर को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि यहां काशी विश्वनाथ की तर्ज पारी कॉरीडोर बनाया जाएगा। इसके लिए काम शुरू हो गया है। श्री चौधरी ने लोगों से अगाह करते हुए कहा कि लालटेन पार्टी वाले झूठ और भ्रम फैला रहे हैं आपको उनके बहकावे में नहीं आना है। श्री चौधरी ने कहा एनडीए सरकार ने 50 लाख लोगों को सरकारी नौकरी और रोजगार देने का काम किया है।


**Format C-2**

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल
*Name of the Election : बिहार विधान सभा
Name of State/UT : बिहार

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 229, बोध गया (अ० जा०) | कुमार सर्वजीत | अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-II, जीआर 2981/20 सचिवालय थाना काण्ड सं० 64/20, | धारा- 188, 269, 270 भा०द०वि० और धारा-3 एपिडमीक रोग एक्ट एवं धारा 5 डिसास्टर मैनेजमेन्ट एक्ट, सरकार के आदेश का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.


# सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 ने किया वॉकथॉन एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के अवसर पर पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1, पटना द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने हेतु एक विशेष वॉकथॉन एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

31 अक्टूबर को पावरग्रिड मुख्यालय के मुख्य द्वार-1 से ऊर्जा पार्क के मुख्य द्वार तक वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व पावरग्रिड के मुख्य महाप्रबंधक वी. पी. श्रीवास्तव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण ने किया। वॉकथॉन के दौरान कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार उन्मूलन के नारों के साथ जनमानस को जागरूक करने का संदेश दिया। इसके पश्चात ऊर्जा पार्क के मुख्य द्वार पर सतर्कता जागरूकता विषय पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजग रहने तथा उसकी रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम सतर्कता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

# गोली कांड के फरार आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** चर्चित डॉ. तपेश्वर प्रसाद गोली कांड में फरार चल रहे एक आरोपी को शेरघाटी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। काफी समय से पुलिस को इसकी तलाश थी। गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने बड़ी सफलता बताया है। शेरघाटी थाना के थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने बताया कि गोलीकांड में संलिप्त आरोपी पिछले कई दिनों से फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश दी और आमस थाना क्षेत्र के लेम्बुआ गांव से आरोपी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान दुधेश्वर चौहान के पुत्र संजय चौहान के रूप में की गई है।


**Format C-2**

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : **Rashtriya Janata Dal**
*Name of the Election : **Bihar Vidhan Sabha**
Name of State/UT : **Bihar**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 76, Simri Bakhtiyarpur | Yusuf Salahuddin | A.C.J.M.-1 Saharsha, Criminal case no - 513/2019, Bakhtiyarpur P.S. FIR No. 80/2019 | U/s 188 IPC sec-3 Property Dispute Act.,Violation of Code of Conduct | NA | NA | NA |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.



**Format C-2**

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : **Rashtriya Janata Dal**
*Name of the Election : **Bihar Vidhan Sabha**
Name of State/UT : **Bihar**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 41, Nirmali | Baidyanath Mehta | JM-1, Supaul., FIR No. 21/24 Rajeshwari Police Station, Block Chattapur, Dist.-Supaul, | Section 188 of IPC and 9 of Bihar Control of the use and play of Loudspeaker Act.1955., Violation of Model Code of conduct. | NA | NA | NA |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

# नहरों में खरीफ फसलों के लिए पानी की आपूर्ति आज से बंद

▸ रबी फसलों के लिए 25 दिसंबर से होगी पानी की आपूर्ति ▸ 44 लाख पांच हजार 79 हेक्टेयर खेत हुई सिंचित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** इंद्रपुरी बराज से खरीफ फसलों के लिए शुक्रवार से चारों जिलों रोहतास, भोजपुर, बक्सर, कैमूर जिलों के नहरों में पानी की आपूर्ति बंद कर दी जायेगी। 25 दिसंबर से रबी फसलों के लिए पानी की आपूर्ति की जायेगी। नहरों के बंद होने के बाद पश्चिमी संयोजक नहर के आधुनिकीकरण का कार्य प्रारंभ हो जाएगी। जल संसाधन विभाग के मॉनिटरिंग सेल के कार्यपालक अभियंता भारती रानी के अनुसार विभागीय आदेशानुसार खरीफ फसलों की अंतिम पटवन के बाद सोन नहरों से इस वर्ष लगभग शत प्रतिशत पटवन हुआ है। उन्होंने कहा कि खरीफ फसलों के लिए 1 जून से पानी की आपूर्ति नहरों में की जा रही थी। इस वर्ष मध्य प्रदेश के बाणसागर व उत्तर प्रदेश के रिहन्द जलाशय से किसानों की जरूरत के अनुसार नहरों में आपूर्ति को पर्याप्त पानी प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष खरीफ फसलों के चार लाख 53 हजार 105 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया था जिसमें चार लाख 45 हजार 79 हेक्टेयर में सिचाई की गई। उन्होंने कहा कि नहरों के बंद होने के बाद भी रिहन्द जलाशय के जल विद्युत केंद्र के लगातार चलने से बराज पर प्रतिदिन चार से पांच हजार क्यूसेक पानी पहुंचेगा जिसे सोन नदी में छोड़ा जायेगा। उन्होंने बताया कि रबी फसलों के लिए इस वर्ष पानी की कमी नहीं होंगी। मध्य प्रदेश के बाणसागर जलाशय से केंद्रीय जल आयोग से सोन नदी के लिए निर्धारित 10 लाख एकड़ फीट पानी सुरक्षित है जिसे जरूरत पड़ने पर रबी फसलों के लिए मांग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नहरों के बंद होने के बाद डिहरी से चितौली तक 32.50 किमी पश्चिमी मुख्य नहर के आधुनिकीकरण का कार्य प्रारम्भ हो जायेगा। 683 करोड़ की लागत से आधुनिकीकरण के टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो गई है। साथ ही नहरों के अंतिम छोड़ तक पानी आपूर्ति सुनिश्चित करने को ले जगह-जगह गेटों की मरम्मत का कार्य भी होगा।

# होटल में बिल भुगतान को लेकर हुए विवाद में गोली चली, छह गिरफ्तार, हथियार जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** शिवसागर थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे 19 पर एक होटल में बिल भुगतान को लेकर हुए हुए विवाद में गोली चलने को लेकर पुलिस ने 6 व्यक्तियों को हथियार सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप कुमार वन सासाराम ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि 31.10.2025 को रात्रि में समय लगभग 01.15 बजे शिवसागर थानान्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होटल हंगामा में खाने के बिल के भुगतान को लेकर विवाद उत्पन्न होने के उपरांत गोली चलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष शिवसागर के द्वारा वरीय पदाधिकारियों को घटना के संबंध में सूचित करते हुए घटनास्थल के लिए प्रस्थान किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक रोहतास के निर्देशन में अभियुक्तों की गिरफतारी, हथियार की बरामदगी एवं अन्य साक्ष्य संकलन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज का अवलोकन किया गया एवं घटना में शामिल सभी सात अभियुक्तों को पहचान की गई। घटनास्थल से 7.66 एमएम का दो खोखा एवं एक मिस फायर गोली जब्त किया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तारी हेतु भदशीला टोला स्थित मुख्य अभियुक्त ब्रजेश कुमार यादव पिता स्व. मुखलाल सिंह, ग्राम भद्रशिला टोला थाना शिवसागर जिला रोहतास के घर पर छापामारी की गई। उन्होंने बताया कि छापामारी के क्रम में भद्रशीला गांव से चार अभियुक्तों को एवं एक अन्य अभियुक्त को दूसरे जगह से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अशोक कुमार उम्र-31 वर्ष पिता-स्व० राम्प्रसिद्ध सिंह ग्रान-औदानी बिगहा, थाना-काराकाठ, जिला-रोहतास, गोपाल कुमार तम्र 26 वर्ष पिता-स्व० आलोक सिंह, प्रगति कुमार उम्र 33 वर्ष पिता-विनोद कुमार सिंह, दोनों ग्राम भारतलया थाना-चेनारी, जिला-रोहतास अनुपलाल मडल उम्र 21 वर्ष पिता रामाशीष सिंह ग्राम-भद्रशीला थाना शिवसागर, जिला-रोहतास, सिराजुददीन राईन उम्र 30 वर्ष पिता-याकुब राईन ग्राम थाना-शिवसागर, जिला-रोहतास। उन्होंने बताया कि अभियुक्त ब्रजेश यादव का पूर्व का आपराधिक इतिहास पाया गया है एवं घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। घटना में हुए जख्मी होटल के वेटर नीतीश कुमार उम्र 22 वर्ष पे० कामदेव यादव ग्राम-करमा भारी थाना-सिगढ़ जिला गयाजी को बेहतर इलाज हेतु ट्रामा सेन्टर वाराणसी अस्पताल भेजा गया है।


## देशी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** पुलिस ने गुप्त सूचना पर बुधवार को कट्टा के साथ युवक को पकड़ लिया। युवक हनुमानगढ़ी बराढ़ी पुल निवासी स्व. सुरेश चौधरी के पुत्र प्रिंस कुमार बताया जाता है। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि बुधवार की दोपहर में सूचना मिली कि हनुमानगढ़ी बराढ़ी पुल के समीप एक घर में कट्टा के साथ एक युवक मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर युवक प्रिंस कुमार को हिरासत में लेते हुए घर की तलाशी लेना शुरू किया। पुलिस तलाशी के दौरान युवक के घर के बाहर छप्पर में खोसा हुआ एक कट्टा को जब्त करते हुए युवक को गिरफ्तार किया गया।

## गांजा व हथियार के साथ एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** आसन्न बिहार विधान सभा चुनाव 2025 के मद्देनजर पूरे जिला में चलाये जा रहे विशेष छापामारी अभियान के तहत 31.10.2025 को दरिगांव थाना क्षेत्र में किए गए छापामारी में एक अभियुक्त को 1.98 किलोग्राम गांजा वह हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। यह जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम एक दिलीप कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि 31.10.2025 समय लगभग 00:40 बजे रात्रि में दरिगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुसूढ़ी स्थित शैलेन्द्र कुमार सिंह उर्फ भत्री सिंह पिता स्वः राजदेव सिंह ग्राम कुसठी धाना दरिगांव जिला रोहतास के घर गांजा रखने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थानाध्यक्ष दरिगांव के नेतृत्व में दल-बल के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम-लुसूई स्थित शैलेन्द्र कुमार सिंह उर्फ क्षत्री सिंह ग्राम-कुसदी थाना-दरिगांव जिला रोहतास के घर पर छापामारी किया गया जिसमें शैलेन्द्र कुमार सिंह के घर से 1.98 कि०ग्रा० गांजा एवं एक देशी कट्टा, तीन जिंदा गोली तथा चार खोखा के साथ शैलेन्द्र कुमार सिंह उर्फ क्षत्री सिंह उम्र-52 वर्ष पे०-स्व० राजदेव सिंह, ग्राम-कुसूठी थाना-दरिगांव, जिला-रोहतास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है तथा लिंकेज का पता लगाया जा रहा है। गिरफ्तार व्यक्ति के पूर्व के आपराधिक इतिहास के संबंध में जांच की जा रही है।

## महुआ शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के उगहनी गांव से पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 10 लीटर महुआ शराब बरामद किया और शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया जिसका नाम ददन कुमार बताया गया और अग्रिम कार्रवाई के लिए जांच करने के बाद सासाराम भेज दिया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर शराब बरामद किया गया और धंधेबाज को गिरफ्तार कर जांच करने के बाद जेल भेज दिया गया जो उगहनी गांव के बताया गए।

## दो बाइकों की टक्कर, चार घायल

**सासाराम/तिलौथू (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तुतला भवानी गेट के समीप गुरुवार को हुई दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार लोग घायल हो गए जिसमें एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों बाइक तेज रफ्तार में थीं और मोड़ पर संतुलन खोने के कारण आपस में टकरा गई।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा नोटिस**

**सं०– डी.डी.यू/ईएल/जी/ई० निविदा/25–26/18**

**दिनांक: 29.10.2025**

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/सा०/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**क्र.सं 01, कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नामः** सं० डी.डी.यू/ईएल/जी/ई/2025–26/02 विषय–डी.डी.यू. मण्डल के अंतर्गत डी.डी.यू डिवीजन मे त्योहार के अवसरों पर जैसे गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गांधी जयंती, छट पूजा, कार्तिक पूर्णिमा आदि पंडित दिन दयाल उपाध्याय, सासाराम, भभूआ, डेहरी आन–सान, औरंगाबाद, गया आदि स्टेशन पर एवं इमारतों की अतिरिक्त रौशनी का प्रावधान हेतु 03 वर्षो के लिए कार्य के संबंध में।, **कार्य करने की कुल लागत:** रू० 1763550.00, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 20.11.2025 15:00 Hrs, **ई–निविदा वेब साईट का विवरण: www.ireps.gov.in**

**सहायक विधुत अभियंता (सा०),**
**वरीय मण्डल विद्युत अभियंता (सा०)**
**पूर्व मध्य रेल, डी० डी० यू०**

पीआर/1225/डीडीयू/ईएलईसीटी/टी/25–26/36



**पूर्व मध्य रेल**

**दानापुर मंडल/विद्युत (सामान्य)**
**ऑन लाईन ई–निविदा (एकल)**
**आमंत्रण सूचना**

**संख्याः ईएल/50/दानापुर/एस टी/21/2025–26**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उन संवेदकों से निविदा पत्र में वर्णित शर्तो को पूरा करते हो उनसे निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई–निविदा (एकल) निविदा आमंत्रित करते हैं।

**निविदा संख्याः ईएल/50/दानापुर/ एस टी/21/ 2025–26**

**क्र० सं०: 1, कार्य का नाम :** दानापुर डिवीजन में तीन (03) वर्षो की अवधि के लिए डीजी सेट (500 केवीए), मेक–कमिंस और एलएसएलआरडी के साथ पावर कारों के एस्कॉटिंग और संचालन सहित व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी) का प्रस्ताव।, **2. अनुमानित लागत:** रू 23,23,74,318.97/–, **3. अग्रधन राशि :** रू 13,11,900/–, **4. निविदा जमा करने की तिथि एवं समयः** 21.11.2025 को 12.00 बजे तक निर्धारित है।, **5. उपरोक्त सभी निविदा की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड और कार्यालयः** क्रिस वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** मंडल बिजली इंजीनियर (सामान्य) /आई. सी. का कार्यालय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय भवन, पूर्व मध्य रेल, दानापुर।

**नोटः** (1) विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। (2) यदि जरूरी हो तो शुद्धि–पत्र उपरोक्त वेबसाइट पर 15 दिन पहले तक अपलोड होगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत/सा०)**
**पूर्व मध्य रेल, दानापुर**

पीआर/1224/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25–26/52


## टेंपो-बाइक की टक्कर में दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** थाना क्षेत्र के कुदरा तेलारी स्टेट हाइवे पर चहबाचा के समीप टेंपो और मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गयी जिसमें बाइक सवार दो लोग बुरी तरह जख्मी हो गये। घायलों को चेनारी पीएससी लाया गया जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सासाराम रेफर कर दिया। घायल व्यक्ति का नाम संजू कुमार पिता बलिराम राम दूसरा अक्षय कुमार दोनों घायल ग्राम नारायणपुर थाना-चेनारी, जिला-रोहतास के बताए गए।

# गुड्डू चंद्रवंशी का जनसंपर्क अभियान में उमड़ा जनसैलाब

## ग्रामीणों ने कहा–इस बार सरकार बदलनी हैः डॉ ओ पी आंनद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** महागठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी गुड्डू चंद्रवंशी ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के अकोढ़ीगोला प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों का दौरा करते हुए जनसंपर्क अभियान चलाया। दौरे की शुरूआत चंदा बीघा से हुई जो क्रमशः बसंतपुर, सलेया, पकड़िया, बुधुआ, महुअरी, सेमराडीह, अघोरिया बीघा सहित आसपास के छोटे-छोटे टोले तक जारी रही। राजद चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ ओ पी आंनद ने बताया कि जैसे ही गुड्डू चंद्रवंशी गांव पहुंचे, लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका जोशीला स्वागत किया और जगह-जगह नारे लगाकर समर्थन जताया। ग्रामीणों ने कहा कि इस बार सरकार बदलनी है। गुड्डू चंद्रवंशी ने कहा कि जनता का यह प्यार और विश्वास उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे।

# राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल टीम पश्चिमी चंपारण के लिए रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**रामपुर (कैमूर)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को राज्य स्तरीय अंडर प्रमंडलीय फुटबॉल बालिका टीम पश्चिमी चंपारण (बेतिया)के लिए रवाना किया गया जो खेल का आयोजन 1 नवंबर से 3 नवंबर तक महाराजा स्टेडियम / पुलिस लाइन, पश्चिमी चंपारण (बेतिया) में राज्य स्तरीय बालिका फुटबॉल अंडर 14 व 17 बालिका टीम पटना प्रमंडलीय स्तर पर चयनित कैमूर के बालिका फुटबॉल टीम अंडर 14 टीम प्रबंधक चंदा सिंह, कोच इम्तियाज अली एवं अंडर 17 टीम प्रबंधक अवनीत तिवारी, कोच खुशबू खातून के नेतृत्व में 32 सदस्यीय टीम बेतिया में आयोजित राज्यस्तरीय अंतर प्रमंडलीय बालिका फुटबॉल राज्यस्तरीय में भाग लेने हेतु उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षक कैमूर ओम प्रकाश कुमार ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस संबंध में कैमूर जिला खेल मीडिया प्रभारी डॉ तुलसी प्रसाद सिंह ने बताया कि विद्यालय स्तरीय बालिका फुटबॉल खेल कूद प्रतियोगिता 2025/26 प्रमंडल स्तर पर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स कंकड़ बाग पटना में आयोजित खेल में कैमूर बालिका फुटबॉल खिलाड़ी अंडर 14 अनुष्का सिंह, करिश्मा कुमारी, अंजली कुमारी, साबिया प्रवीण वही अंडर 17 में सुनैना कुमारी, सुप्रिया कुमारी, नेहा कुमारी, सिमरन खातून आदि के उत्कृष्ट प्रदर्शन से पटना प्रमंडल में कैमूर बालिका फुटबॉल टीम विजेता बनी थी जो कैमूर के बालिका फुटबॉल खिलाड़ियों को विभिन्न आयु वर्ग के 28 खिलाड़ियों को राज्य स्तर खेलने हेतु चयनित किया गया था जिसे रवाना किया गया। मौके पर उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा कैमूर ओम प्रकाश कुमार, एथलेटिक्स कोच दिलीप कुमार पटेल, फुटबॉल के वरीय खिलाड़ी सह संयोजक शौकत अली गद्दी, महिला फुटबॉल कोच गुदरी शर्मा, खो खो संयोजक कमलेश कुमार साइक्लिंग कोच रमेश कुमार सिंह, कबड्डी कोच पप्पू कुमार, शारीरिक शिक्षक डॉ तुलसी प्रसाद सिंह, रणजीत कुमार, रवीन्द्र पासवान, असरफ अली, संजय कुमार, जीरान अली, आदि खेल प्रेमियों में टीम प्रबंधक, कोच, खिलाड़ियों को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ ही जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दिया।

## राम विवाह महोत्सव की तैयारी शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय त्रिदंडी स्वामी सत्संग आश्रम में श्री राम विवाह महोत्सव की तैयारी शुरू कर दी गई है। आश्रम के पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज के अनुसार श्री राम विवाह महोत्सव श्री मानस महा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 15 नवंबर से होगा। उन्होंने बताया कि उस दिन राम कथा, कलश स्थापना व पूजन, श्री मानस पाठ कीर्तन एवं भजन, व्याख्यान उपदेश होगा। उस दिन से प्रतिदिन संत विद्वानों का प्रवचन होगा। 23 नवंबर को भगवान श्री राम का हरिद्रानुलेपन एवं श्रृंगार पवित्र उत्सव आयोजित किया जाएगा। 14 को शोभा यात्रा और 25 नवंबर को श्री राम विवाह महोत्सव आयोजित किया जाएगा। मंगल आरती प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का समापन होगा।


**एनटीपीसी NTPC एनटीपीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उपक्रम)

**नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना**

**दुकान आवंटन के लिए आवेदन का आमंत्रण**

**संदर्भः NSTPP/2025/Shop Allotment/application** **दिनांकः 01.11.2025**

शिवनपुर, जिला औरंगाबाद में स्थित एनटीपीसी नबीनगर अपनी टाउनशिप में दुकान आवंटन के लिए पात्र विक्रेताओं/एजेंसियों से निम्नलिखित अनुसार आवेदन आमंत्रित करती है।

| श्रेणी | पैकेज का विवरण | दुकानों की संख्या | आवेदन की लागत /सुरक्षा जमा (रू.) |
|---|---|---|---|
| सामान्य | शॉपिंग काम्प्लेक्स में दुकान आवंटन – सामान्य श्रेणी | 1. ज्वेलरी शॉप<br>2. जेनरिक मेडिसिन सह आयुर्वेदिक मेडिसिन<br>3. नाई की दुकान | 1000.00 / 20000.00 प्रति आवेदन |
| पीएपी | शॉपिंग काम्प्लेक्स में दुकान आवंटन – पीएपी श्रेणी | 1. इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रॉनिक्स शॉप | निः शुल्क / 20000.00 प्रति आवेदन |

आवेदन प्रपत्र बिक्री की आखिरी तिथि दिनांक **07.11.2025, 06.00 बजे**, आवेदन प्रपत्र भरकर जमा करने की आखिरी तिथि दिनांक **14.11.2025, 06.00 बजे**, और आवेदन खुलने की तिथि **15.11.2025, 03.00 बजे।** आवेदन प्रपत्र एनटीपीसी नबीनगर एचआर विभाग, शिवनपुर, पीओ अदिति नगर, जिला औरंगाबाद, बिहार 824304 से लिखित अनुरोध पर प्राप्त किया जा सकता है।

*विद्युत क्षेत्र में अग्रणी*


## कमल सिन्हा की माता नेकदिल महिला थी : सत्यनारायण यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** वरिष्ठ अधिवक्ता सह डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व सचिव ओमप्रकाश सिन्हा उर्फ कमल सिन्हा की माता स्व लालमोती देवी नेकदिल महिला थी। उक्त बातें पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव ने उनके श्राद्ध कर्म में श्रद्धांजलि सभा में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत कहा। इस मौके पर डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय, अधिवक्ता मिथिलेश सिन्हा, वरिष्ठ चिकित्सक राम जी, भाजपा नेता प्यारेलाल ओझा, पप्पू यादव, सेवा, बंटी पटेल, निवृत शिक्षक शिवजग प्रसाद, विनोद गुप्ता, आलोक श्रीवास्तव, पूर्व वार्ड पार्षद काली बाबू, सूर्य देव वर्मा, कन्हैया सिंह, अधिवक्ता अमर नाथ यादव, वरिष्ठ पत्रकार मदन कुमार, सोनू श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में अधिवक्ता व विभिन्न दलों के नेता तथा सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।


रजि० न०-7/20-01-94

**आदर्श अम्बा प्रा० कम्बल बुनकर स. स. लि.**
**ग्राम पो.-अम्बा, प्रखंड-कुटुम्बा (औरंगाबाद)**
**निविदा**

| क्र. | परियोजना का नाम | ईकाई विवरणी | प्रति इकाई लागत (राशि लाख में) | निविदा का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | हैण्डलुम | 1 Handloom-72"-4 pic<br>2 Warpin machine 24"-1 set<br>3 Charkha-2 pic<br>4 Warping roll -4 pic | 3.00 | कार्यालय आदर्श अम्बा प्रा० कम्बल बुनकर स०स०, अम्बा, प्रखंड कुटुम्बा |

1. इकाई के अधिष्ठापन एवं एक साल तक रख रखाव की जिम्मेवारी आपूर्तिकर्ता की होगी। निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय समिति का होगा जो सभी के लिए मान्य होगा।
अन्य जानकारी हेतु श्री गुरूचरण भगत, अध्यक्ष, अम्बा बुनकर समिति, प्रखंड कुटुम्बा का मोबाइल नं०-9931945009 से सम्पर्क किया जा सकता है। निविदा की अंतिम तिथि दिनांक 03.11.2025 तक है।

अध्यक्ष
आदर्श अम्बा कम्बल बुनकर स०स०, अम्बा,
प्रखंड-कुटुम्बा



**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (Ayush) [UGMAC(Ayush)]-2025**
***for* BAMS / BHMS / BUMS in Govt / Pvt. Ayush Colleges of Bihar**

**Adv. No.- BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/07 Dated : 31.10.2025**

**Notice for Round-3 Online Application & Choice Filling**

Online Application with Choice Filling after Round-2 are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2025 candidates for appearing in the Round-3 Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling UGMAC(Ayush)-2025, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/01 & 2025/02 Dated 22.09.2025 and are not admitted in any Ayush Colleges of India, on the vacant seats of Government/ Private Ayush Colleges of Bihar for admission to the First Year UG Ayush Courses (BAMS / BHMS / BUMS) in Government / Private Ayush Colleges of Bihar state based on the Rank of UGMAC(Ayush)-2025 prepared on the basis of merit list of NEET(UG)-2025 conducted by the National Testing Agency (NTA) on the basis of vacant seats available after admission on the basis of UGMAC(Ayush)-2025 Online 2nd round counselling held from 29.10.2025 to 30.10.2025.

2. Round-3 Counselling will be conducted Online.

3. Eligibility criteria for Counselling / Counselling Fee payment procedure / Willingness, Instructions and other Details for filling up Online Applications are available in the Prospectus of UGMAC (Ayush)-2025 and the **related Advertisement No.-BCECEB[UGMAC(Ayush)]-2025/01 Dated 31.10.2025 which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in .**

**Controller of Examination**

# राजगीर डीएसपी के नेतृत्व में सर्च ऑपरेशन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में कतरीसराय थाना क्षेत्र के कटौना और कतरडीह गांव में शुक्रवार को पुलिस ने बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया। इस अभियान का नेतृत्व राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह और गिरीयक पुलिस निरीक्षक सुमंत कुमार ने संयुक्त रूप से किया। सर्च अभियान में आईटीबीपी पारामिलिट्री की दो यूनिटों के साथ-साथ बिहार पुलिस के जवान भी शामिल रहे। सुरक्षा बलों ने गांव के दर्जनों घरों की तलाशी ली। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि यह अभियान आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से चलाया गया है। पुलिस टीम ने अवांछित तत्वों, अवैध शराब कारोबारियों और साइबर अपराधियों के ठिकानों पर विशेष निगरानी रखी। उन्होंने कहा कि पुलिस का लक्ष्य अपराधी प्रवृत्ति के लोगों पर नकेल कसना है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। प्रशासन क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर हरसंभव प्रयास कर रहा है। सर्च ऑपरेशन में पावापुरी थाना प्रभारी गौरव कुमार, अपर थाना प्रभारी आदित्य कुमार, एसआई मुकुंद भारती, एएसआई मनीष कुमार, रुदल पासवान समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

# सरदार पटेल के मार्ग पर चलकर ही मजबूत भारत का निर्माण : कौशलेन्द्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती के अवसर पर राजगीर एवं सरदार पटेल मेमोरियल कॉलेज, उदंतपुरी, बिहार शरीफ में सरदार पटेल के आदमकद प्रतिमा पर नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने माल्यार्पण कर उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिये। सांसद श्री कुमार ने बताया कि खन्ड-खन्ड भारत को अखंड भारत को बनाने में सरदार बल्लभ भाई पटेल की अग्रणी भूमिका रही। जिस तरह सभी रियासत को मिला कर संपूर्ण भारत देश बनाए उसके लिए हम उनके चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। सांसद श्री कुमार ने बताया कि आज समय आ गया है कि हम फिर एक हो और देश विरोधी ताकतों को समाज से दूर कर मजबूत भारत बनाना है। हम क्षेत्रवाद, जाति उप जाति में बंटते जा रहे हैं और इसका फायदा देश विरोधी ताकतें उठा रही है। आज के दिन में एक बार हमें सरदार पटेल के बताए मार्ग पर चलने का समय आ गया है। सांसद श्री कुमार ने बताया कि सरदार पटेल की जयंती एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है हम समाज से अनुरोध करते हैं कि सब एक हो जाय और सरदार पटेल के कार्यों को आगे ले जाएं। सांसद श्री कुमार ने सरदार पटेल के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस तरह उन्होंने अपने भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री रहते हुए दुश्मन देश को युद्ध में पराजित कर उनके दांत खट्टे किए वह आज भी स्मरणीय है। इस मौके पर डॉ प्रो महेश प्रसाद सिंह, जिला प्रवक्ता भवानी सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि विनोद मुखिया, कुमार मंगलम, अमित कुमार अधिवक्ता, जयराम पासवान, मीरा कुमारी, मुन्ना जी, नीतीश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।



## एसयू कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस पर मनाई गई सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। शुक्रवार को एसयू कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में एनएसएस इकाई की ओर से स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सिंह सहित प्राध्यापकों और कर्मियों द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने 562 से अधिक देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर राष्ट्र की एकता और अखंडता को अद्वितीय मजबूती प्रदान की। उनमें अद्भुत दूरदर्शिता, संगठन क्षमता और कर्मठता थी, जिसके कारण उन्हें लौह पुरुष के नाम से सम्मानित किया जाता है।

# मोंथा चक्रवाती तूफान के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त, किसान परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। प्रखंड क्षेत्र में मोंथा नामक चक्रवाती तूफान से तीन दिनों से लगातार रिमझिम बारिश हो रही है। इससे आमलोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। शुक्रवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट में लोगों की भीड़ नगण्य रही, जिससे व्यापार में मंदी देखी गई। जबकि सामान्य दिनों में आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों की संख्या में लोग साप्ताहिक हाट में खरीदारी करते दिखाई देते थे। वहीं दूसरी ओर किसान भी लगातार हो रहे बारिश से चिंतित दिखाई दे रहे हैं। साथ ही रबी फसलों पर भी बुरा प्रभाव देखने को मिल रहा है। चक्रवाती तूफान मोंथा के कारण हो रही बारिश से हो रहे फसलों के नुकसान को लेकर क्षेत्र के किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है। क्षेत्र में धान की खड़ी फसलों के गिरने के मामले सामने आ रहे है।वहीं असमय जलजमाव फसल के लिए मुसीबत बनती जा रही है। चक्रवाती तूफान मोंथा की वजह से मंगलवार की शाम से रजौली क्षेत्र में शुरू हुआ बारिश का सिलसिला शुक्रवार को भी बदस्तूर जारी है। पूरे दिन आसमान बादलों से ढ़का रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक-दो दिनों तक मौसम सामान्य होने की उम्मीद नहीं है। बारिश के सिलसिले का असर सड़को और बाजारों में लोगों की आवाजाही पर साफ तौर पर दिख रहा है। बहरहाल मौसम के प्रतिकूल रुख से क्षेत्र के किसान चिंतित और हकलाने हो रहे हैं।वहीं आमजन भी काफी परेशान हो रहे हैं। वहीं मौसम विभाग ने लोगों, विशेष रूप से किसानों को खुले मैदानों, पेड़ों या बिजली के खंभों के पास जाने से बचने की सलाह दी है। चक्रवाती तूफान के कारण क्षेत्र में तापमान में भारी की गिरावट देखी जा रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि नवंबर के पहले सप्ताह से सुबह और शाम में ठंड का एहसास बढ़ने की उम्मीद है। इस मौसम में लोग सर्दी,खांसी और बुखार से परेशान हैं। इस बाबत प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार ने बताया कि प्रखंड के अधिकांश किसानों द्वारा धान की खेती में आवश्यकता से अधिक मात्रा में यूरिया का प्रयोग किया गया है और इसकी जानकारी अंतिम दिनों में दी गई है,जो सुधरने की स्थिति में नहीं है। साथ ही कहा कि कृषि समन्वयक द्वारा क्षेत्र में निरीक्षण करने पर जानकारी मिली है कि अधिकांश किसानों द्वारा फसलों का बीमा भी नहीं करवाया गया है। उन्होंने जिले के वरीय पदाधिकारी से बात करके अग्रतर कार्रवाई की बात कही है।

# बीजेपी विधायक ने एनडीए प्रत्याशी के लिए मांगा वोट

**पकरीबरावां/नबिटा सं**। धनबाद के बीजेपी के विधायक एवं रजौली तथा वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी के चुनाव प्रभारी राज सिन्हा ने शुक्रवार को पकरीबरावां प्रखण्ड के बिहटा गांव में लोगों से संपर्क किया। गांव में विधायक का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज सभी गांवों में बिजली और सड़क है। 22 घंटे बिजली रहती है। एक समय था जब लोग नवादा से पकरीबरावां हिचकोले खाते सफर करते थे। बिजली की स्थिति काफी खराब रहती थी। एनडीए की सरकार ने विकास का इतिहास रचा है। जिस वारिसलीगंज विधानसभा में लोग छह बजे शाम के बाद सड़क पर नहीं निकलते थे। आज रात में किसी भी समय आवागमन करते हैं।

# विद्यालयों में मतदान हेतु पत्र लेखन कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के मद्देनज़र जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रजौली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में "पत्र लेखन कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावकों को पत्र लिखकर 11 नवंबर 2025 को होने वाले मतदान में सक्रिय रूप से भाग लेने एवं लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने का आग्रह किया। बच्चों द्वारा लिखे गए इन प्रेरक पत्रों के माध्यम से समाज में मतदान के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को प्रोत्साहित किया गया। इस पहल का उद्देश्य परिवार से शुरू होकर समुदाय तक "सबका मतदान – सबका योगदान" का संदेश पहुंचाना था।

# वृद्धजन एवं दिव्यांगजनों को किया गया मतदान हेतु प्रेरित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत बुनियाद केंद्र,हिसुआ में मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों को मतदान के महत्व के बारे में बताया गया और आगामी 11 नवम्बर 2025 को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से वृद्धजन एवं दिव्यांगजन मतदाताओं को मतदान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया तथा उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं सहूलियतों के बारे में जानकारी दी गई।कार्यक्रम के माध्यम से सभी को यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक मत अमूल्य है और लोकतंत्र की सच्ची ताकत जनता की भागीदारी में निहित है। "पहले मतदान, फिर कोई जलपान" — इस संदेश के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।


**Format C-1**

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate :Subodh Kumar Suman, Chandsuri tola P.O.-bhagtama P.S.-chausa, Dist-madhepura
Name of political party : JAN SURAAJ PARTY
*(Independent candidates should write "Independent" here)*
Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar -2025
Name of Constituency : 7O-ALAMNAGAR

I Subodh Kumar Suman, a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | S.D.J.M., Udakishanganj | Case No: 93/2024 | Pending | Sec 147, 323, 42O, 467, 468, 120(B) of IPC (Rioting, voluntarily causing hurt, cheating, forgery, and criminal conspiracy) |
| 2. | S.D.J.M., Udakishanganj | Case No: 128/2015 | Pending | Sec 341,323,384,379,504, 506, 141 of IPC (Wrongful restraint, voluntarily causing hurt, extortion, theft, intentional insult to provoke breach of peace, criminal intimidation, and unlawful assembly) |
| 3. | S.D.J.M., Udakishanganj | Case No 541/2015 | Pending | Sec 341, 323,354(b),448, 380, 504, 506, 34 of IPC (Wrongful restraint, voluntarily causing hurt, sexual harassment, house trespass, theft, intentional insult to provoke breach of peace, criminal intimidation, committed in furtherance of common intention) |
| 4. | S.D.J.M., Udakishanganj | Case No 3O7/2023 | Pending | Sec 135 of Electricity Act 2003 (Punishment for theft of electricity) |
| 5. | S.D.J.M., Udakishanganj | Case no 53/2015 | Pending | Sec 341, 323,354(a),504, 506, & 34 of IPC ( Wrongful restraint, voluntarily causing hurt, sexual assault, intentional insult to provoke breach of peace, criminal intimidation, committed in furtherance of common intention) |
| 6. | A.D.J. Naugachia | Case no 452/2023 | Pending | Sec 30(A) of Bihar Prohibition and Excise Act 2016. (Offences relating to illegal possession or consumption of intoxicants) |
| 7. | A.D.J. Purnea | Case No 18/2009 | Appearance | Sec 302, 201,120B and 34 of IPC (Murder, causing disappearance of evidence or giving false information, criminal conspiracy, committed in furtherance of common intention) |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| | NIL | NIL | NIL |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.



फार्मेट सी-1

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **अरुण कुमार (दादी जी लेन, बोरिंग रोड, पो.- पोस्टल पार्क, पटना)**
राजनैतिक दल का नाम : **जन सुराज**
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)
निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **144, मटिहानी विधान सभा क्षेत्र**

मैं **सत्येन्द्र साह** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पटना | शिकायत परिवाद सं. 439/2013 | सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार अनुपालन के लिए लंबित | धारा 354 & 509 आइपीसी |

| क्रम सं० | (ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।



फार्मेट-सी-1

**(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)**

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)
अभ्यर्थी का नाम एवं पता : **कुंदन कुमार,** कपसिया, वार्ड नंबर-13, पो.-आइओसीएल टाउनशिप, जिला-बेगूसराय, बिहार
राजनैतिक दल का नाम : **भारतीय जनता पार्टी**
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)
निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **146 बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र**

मैं **कुंदन कुमार** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1 | अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम (एमपी/एमएलए कोर्ट), बेगूसराय | नगर थाना कांड संख्या- 583/2020 | आरोप तय 16.05.2025 | 3171सी/188 भा.द.वि. एवं 127ए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन |
| (ख) | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में | | | |
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख (खें) | अपराध (धों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | | लागू नहीं |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | | लागू नहीं |



फार्मेट-सी-1

**(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)**

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)
अभ्यर्थी का नाम एवं पता : **मीरा सिंह,** मीरा नर्सिंग होम, अशोक नगर, पोखरिया, जिला-बेगूसराय, बिहार
राजनैतिक दल का नाम : **आम आदमी पार्टी**
(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)
निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **146 बेगूसराय विधानसभा क्षेत्र**

मैं **मीरा सिंह** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करती हूं।

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1 | श्री अजिताभ, न्यायिक दंडाधिकारी | नगर थाना कांड संख्या- 584/2020 | अंडर ट्रायल | 188,171(एफ)आइपीसी 27(ए) आरपी एक्ट |
| 2 | श्रीमती नैंसी कुमारी, न्यायिक दंडाधिकारी | मुफस्सिल थाना कांड संख्या- 261/2020 | अंडर ट्रायल | 341, 323, 427, 504/34 आइपीसी |
| 3 | श्री रोहित कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी | 318सी/2020 | अंडर ट्रायल | 341, 323, 427आइपीसी |
| 4 | श्री ओमप्रकाश, न्यायिक दंडाधिकारी | वीरपुर थाना कांड संख्या- 129/2020 | अंडर ट्रायल | 188,172(एफ)आइपीसी, 3/4 एपिडेमिक एक्ट |
| 5 | स्पेशल जज (एससी/एसटी) | 46/2025 एससी/एसटी कोर्ट | अंडर ट्रायल | 126(2), 351(2), 352(3)(5), बीएनएस और 3 (आइ)(आर)(एस) एससी/एसटी एक्ट |
| (ख) | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में | | | |
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख (खें) | अपराध (धों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | | लागू नहीं |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | | लागू नहीं |

# कांग्रेस ने देश और समाज को बांटने का कार्य किया : डॉ. प्रेम कुमार

## सरदार पटेल की जयंती पर गया में आयोजित हुआ 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर गया में 'रण फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व सहकारिता मंत्री और गया टाउन से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रेम कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत की एकता के प्रतीक, सामाजिक एकता के द्योतक और भारत रत्न सरदार पटेल का जीवन देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित रहा। डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा कि देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री के रूप में सरदार पटेल का कार्यकाल स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उन्होंने हैदराबाद और कश्मीर को भारत में विलय की प्रक्रिया पूरी की। अगर नेहरू कश्मीर में हस्तक्षेप नहीं करते तो आज पाक अधिकृत कश्मीर भी भारत का हिस्सा होता। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने 565 देशी रियासतों के एकीकरण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। वे एक सफल वकील, स्वतंत्रता सेनानी, किसानों के नेता और कांग्रेस के 49वें राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। डॉक्टर प्रेम कुमार ने आगे कहा कि सरदार पटेल की स्मृति में देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 31 अक्टूबर 2018 को दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा 'स्टैचू ऑफ यूनिटी' राष्ट्र को समर्पित की। इसकी ऊंचाई 182 मीटर है और इसे 420 मिलियन डॉलर की लागत से बनाया गया। उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न की उपाधि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने प्रदान की। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश और समाज को बांटने का कार्य किया है। उसे सरदार पटेल के योगदान की कभी याद नहीं रही। आज देश की जनता कांग्रेस की विभाजनकारी और वंशवादी राजनीति से सावधान है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कभी ईवीएम हैकिंग तो कभी वोट चोरी का आरोप लगाकर जनता को गुमराह करते हैं। अब वे सनातन धर्म और उसके पर्व-त्योहारों का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने बिहार के प्रसिद्ध छठ महापर्व को भी गाली दी। डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा कि गया टाउन के विपक्षी प्रत्याशी धनबल, बाहुबल और छल से नगर निगम को लूटने के बाद अब पूरे गया को लूटने का सपना देख रहे हैं, लेकिन गया की जनता उनके इन सपनों को फिर चकनाचूर करेगी। 'रण फॉर यूनिटी' कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला-पुरुष और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। यह दौड़ अंबेडकर पार्क से शुरू होकर जीबी रोड होते हुए टावर चौक तक निकाली गई। कार्यक्रम के संयोजक रौनक सेठ थे। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष करुणा कुमारी, एससी-एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष देवानंद पासवान, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमर शेखर, प्रभावती देवी, सागर सचदेवा, नीलम मिश्रा, मुकेश चंद्रवंशी, विनय कुमार, रणविजय रौशन, गणेश चंद्रवंशी, नंदकिशोर सिंह, पत्रकार बंटी वर्मा, पप्पू चंद्रवंशी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डीएवी कैंट स्कूल गया में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** संगठित भारत के निर्माता और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को डीएवी कैंट स्कूल, गया में राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एकता, देशभक्ति और समर्पण की भावना से ओतप्रोत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ के साथ हुई जिसमें छात्रों, शिक्षकों और एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया। एनसीसी 6 बिहार बटालियन से जुड़े युवा कैडेटों ने 'अनेकता में एकता' का संदेश देते हुए मार्च पास्ट किया। कैडेटों की सधी हुई कदमताल और जोश ने वहां उपस्थित सभी को गौरवान्वित कर दिया। इस अवसर पर एनसीसी 6 बिहार बटालियन के कमांडिंग अफसर कर्नल पंकज कुमार (कीर्ति चक्र) ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने अटूट संकल्प और दूरदृष्टि से देश की सैकड़ों रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत को एकजुट किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने अंदर एकता, अनुशासन और देशप्रेम की भावना को आत्मसात करना चाहिए। कर्नल पंकज कुमार ने युवाओं से आह्वान किया कि वे देश की अखंडता और एकता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय की प्राचार्या अंजलि की भूमिका उल्लेखनीय रही। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के सिद्धांत और उनका कार्यकाल आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। विद्यालय में ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में राष्ट्रप्रेम और सामाजिक एकता की भावना को मजबूत किया जा सकता है। इसके साथ ही सूबेदार मेजर विक्रम सिंह और नायब सूबेदार प्रवीण कुमार ने भी कार्यक्रम के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। दोनों ने एनसीसी कैडेटों को अनुशासन और टीमवर्क के महत्व पर मार्गदर्शन दिया।

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत के जयघोष से गूंजा थाना परिसर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**डोभी/गयाजी।** देशभर में मनाए जा रहे राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज बहेरा थाना और डोभी थाना परिसर में एकता शपथ समारोह का आयोजन किया गया। दोनों ही स्थानों पर पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया। बहेरा थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी ने की। उन्होंने उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई कि वे देश की एकता, भाईचारे और शांति को बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। थाना प्रभारी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमें यह संदेश देता है कि देश की प्रगति तभी संभव है जब हम सभी एकजुट रहकर कार्य करे। इसी क्रम में डोभी थाना परिसर में भी पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों द्वारा एकता शपथ ग्रहण की गई। सभी ने संकल्प लिया कि वे राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए सदैव समर्पित रहेंगे तथा समाज में शांति और सौहार्द बनाए रखेंगे। कार्यक्रम के अंत में दोनों थाना परिसरों में एक भारत, श्रेष्ठ भारत और जय हिन्द के जयघोष से पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया।


**Format C-2**

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान सभा

Name of State/UT : बिहार

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SI No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 239, वारिसलीगंज | अनीता | मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लखीसराय, सूर्यगढ़ा थाना कांड संख्या 152/24, | धारा-341, 354, 363, 365, 511, 504, 506, 34 IPC, अपहरण करने का प्रयास करने, गाली गलौज करने तथा प्रतिष्ठा हनन करने से संबंधित | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.


# भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक थे सरदार पटेल : डॉ. मनीष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री और लौह पुरुष के नाम से प्रसिद्ध सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा के कई कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने गया कॉलेज के गेट नंबर एक के समीप स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माला और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि सरदार पटेल भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक थे। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद देश को एक सूत्र में पिरोने का जो ऐतिहासिक कार्य किया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेगा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि अगर सरदार पटेल जैसे दूरदर्शी नेता न होते तो आज भारत अनेक रियासतों में बंटा हुआ होता। उन्होंने लौह दृढ़ता और अटूट राष्ट्रभक्ति के बल पर देश के 562 रियासतों का विलय कर एक सशक्त भारत का निर्माण किया। पटेल जी ने राष्ट्र के हितों को सर्वोपरि रखते हुए जीवनभर जनसेवा और राष्ट्रीय एकता के लिए कार्य किया। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे सरदार पटेल के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र की एकता, अखंडता और समरसता को मजबूत करेंगे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि आज के युवा वर्ग को चाहिए कि वे सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर देश के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। अंत में उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का जीवन हमें यह सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी राष्ट्रहित सर्वोपरि होता है और सच्चा राष्ट्रभक्त वही है जो देश को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करे। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद, अधिवक्ता संतोष ठाकुर, गोपाल यादव सहित अन्य मौजूद रहे।


**Format C-2**

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान सभा

Name of State/UT : बिहार

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SI No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 26, सुरसण्ड | सैयद अबु दोजाना | C.J.M.,Cr. Case 7292/2017 कोतवाली,पटना 607/2014, | U/s- 188 IPC, 313, 314, 315, 429, 431, 438 B.M.A., Disobedience of a lawful order from a public servant | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | 26, सुरसण्ड | सैयद अबु दोजाना | ACJM-2, 169-Spl. Court MPS & MLAs (M), Cr. Case 2981/2020 सचिवालय, पटना 64/2020 | U/s- 188, 269, 270 IPC, 3 Epidemic disease Act) 51 (D.M. Act., Rioting and intimidation (b) Cheating. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3. | 26, सुरसण्ड | सैयद अबु दोजाना | (a) ACJM (II) (b) ACJM, Cr. Case 2717/2020 फुलवारी, पटना अ. 1633/ 2023 ब. 1657/2024, | U/s- (a) 147, 149, 447, 323, 504, 506 IPC, (b) 406, 420 IPC, Rioting and intimidation (b) Cheating | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 4. | 26, सुरसण्ड | सैयद अबु दोजाना | ACJM, Mohania, Cr. Case 6662/ 2022 मोहनिया,कैमूर, भभुआ 258/13, | U/s-415, 420, 406, 407,409, 120B IPC., Evasion of Tax & Duties | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 5. | 26, सुरसण्ड | सैयद अबु दोजाना | a) JMFC-14 (b) JMFC-7, क्रिमिनल कप्पलेन्ट केश (P) अ.153/ 2007 ब. 10726/ 2025 | U/s- (a) 420 IPC, (b) 318(4), 316 (2), 336 (3), 338, 340 (2),61(2) BNS, (a) Cheating (b) Fraud etc. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 6. | 26, सुरसण्ड | सैयद अबु दोजाना | M.M. Saket, Delhi, जामिया नगर 1247/2015, | U/s -(a) 419,420, 468, 471, 120 IPC, (a) Cheating (b) Fraud etc. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 7. | 26, सुरसण्ड | सैयद अबु दोजाना | ACJM, 4107/2016 डुमरा सितामढ़ी 260/2015, | U/s- 188 IPC & Section 3 of Damage of Public Property Act, Representation of Peoples Act-127 (a) | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.



**Format C-2**

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान सभा

Name of State/UT : बिहार

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SI No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 221, नवीनगर | अमोद कुमार सिंह | A.C.J.M.-I Aurangabad, नवीनगर थाना कांड संख्या 226/21, | धारा 143,188, 171 (ई), आचार संहिता अधिनियम मारपीट गाली गलौज | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | 221, नवीनगर | अमोद कुमार सिंह | A.C.J.M.-I Aurangabad, नवीनगर थाना कांड संख्या 39/23 | धारा 406, 409, 420 भा.द.वि., अमानत में रूपया | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3. | 221, नवीनगर | अमोद कुमार सिंह | A.C.J.M.-VII Aurangabad, टंडवा थाना कांड संख्या 63/18, | धारा 149, 147, 323, 324, 307, 504 भा.द.वि., आचार संहिता अधिनियम | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 4. | 221, नवीनगर | अमोद कुमार सिंह | ADS-VIII Aurangabad, नवीनगर थाना कांड संख्या 76/16 | धारा 147, 148, 149, 323, 307, 427, 504, 506 भा.द.वि., गैरकानूनी जमावढ़ा | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 5. | 221, नवीनगर | अमोद कुमार सिंह | C.J.M., Aurangabad, नगर थाना कांड संख्या 663/24, | धारा 323, 504 भा.द.वि., शांति भंग करना | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 6. | 221, नवीनगर | अमोद कुमार सिंह | A.C.J.M.-I, Aurangabad, नवीनगर थाना कांड संख्या 411/23, | धारा 341, 323, 324, 504, 506/34 भा.द.वि., चोट पहुंचाना | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 7. | 221, नवीनगर | अमोद कुमार सिंह | A.C.J.M.-I, Aurangabad, नवीनगर थाना कांड संख्या 381/23, | धारा 153(A) 295, 295(A), 447, 427, 504,120(B) भा.द.वि., संपत्ति चोरी के संबंध में। | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

संपादकीय

## लोकपाल और लग्जरी कारें

दो सवाल शिद्दत से पूछे जा रहे हैं। पहला तो यह कि मोदी राज में देश में भ्रष्टाचाररोधी संस्थाओं का क्या कोई मतलब यह गया है और दूसरे, जो संवैधानिक संस्थाएं भ्रष्टाचार पर अंकुश के लिए बनाई गई हैं, उन्हें ऐशो आराम के साधन क्यों चाहिए? दरअसल यह सवाल हाल में तेजी से तब उठा,जब देश के 'एंटी करप्शन वॉचडॉग' कहे जाने वाले लोकपाल ने अपने लिए 7 लग्जरी गाड़ियां खरीदने का टेंडर निकाला। महंगी बीएमडब्लू कंपनी की ये लग्जरी गाड़ियां हैं। हर गाड़ी की कीमत करीब 70 लाख रुपये बताई जा रही है।16 अक्टूबर को जारी इस टेंडर के तहत लोकपाल के प्रत्येक सदस्य जिसमें चेयरपर्सन पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज अजय माणिकराव खानविलकर भी शामिल हैं, को एक-एक बीएमडब्लू कार दी जाएगी। इसी बात पर सोशल मीडिया में भारी विवाद छिड़ गया है। एक्टिविस्ट-लॉयर प्रशांत भूषण ने ट्वीट करते हुए कहा कि सरकार ने 'लोकपाल संस्था को पूरी तरह कमजोर कर दिया है और अब इसके सदस्य खुद को लग्ज़री में डुबो रहे हैं।' गौरतलब है कि सार्वजनिक जीवन में स्वच्छ आचरण और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए लोकपाल कानून लाया गया था। इसके तहत पीसी घोष 2019 में देश के पहले लोकपाल बने थे। अर्थात् लोकपाल की नियुक्तियां मोदी सरकार के कार्यकाल में शुरू हुई तथा इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार के संकल्प का प्रतीक माना गया। वर्तमान में अभय मानिकराव खानविलकर लोकपाल हैं, जिनकी नियुक्ति मोदी सरकार ने पिछले साल की थी। अब सवाल यह कि अगर लोकपाल संस्था बीते 6 सालों से काम कर रही है तो उसे अचानक महंगी गाड़ियों की जरूरत क्यों पड़ी ? आधिकारिक कार्य बेहतर भारतीय गाड़ियों में चल कर भी हो सकता है। हालांकि यहां यह तर्क दिया जा सकता है कि आजकल सुरक्षा कारणों और दिखावे के लिए भी महंगी विदेशी गाड़ियां लगभग सभी लोग ले रहे हैं तो फिर लोकपाल इसका अपवाद क्यों रहे। यह बात अपनी जगह ठीक है, लेकिन लोकपाल इससे अलग राह चुनकर सदाचार की मिसाल पेश कर सकता था। हालांकि कुछ लोगों का मानना है कि लोकपाल के काम का आकलन उसकी मंहगी गाड़ियों की बजाए भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसने के उसके कार्यकलापों से ज्यादा किया जाना चाहिए। इस लिहाज से भी लोकपाल का काम बहुत चमकदार नहीं है। सवाल जस्टिस खानविलकर के पूर्व के फैसलों पर भी हैं। मसलन सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के कई कठोर प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा था, जिनमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को गिरफ्तारी, तलाशी और जब्ती के लगभग मनमाने अधिकार, आरोपी पर सबूत देने की उलटी जिम्मेदारी, आत्म-अभियोगी बयान आदि शामिल थे। उस डिवीजन बेंच में जस्टिस खानविलकर शामिल थे। इस फैसले का आशय था कि जब तक दोषी निर्दोष साबित नहीं हो जाता, तब तक दोषी मानना ठीक नहीं है। इस फैसले के कुछ दिन बाद ही जस्टिस खानविलकर लोकपाल नियुक्त हो गए। अब लोकपाल के परफार्मेंस को देखें तो 2019 से अब तक, लोकपाल ने भ्रष्टाचार के केवल 34 मामलों में जांच के आदेश दिए और महज 7 मामलों में अभियोजन की अनुमति दी। इनमें बैंक अधिकारियों या लोक सेवकों से जुड़े मामूली मामले थे, जैसे कर्मचारियों के वेतन की हेराफेरी या फर्जी यात्रा बिल। लोकपाल ने अब तक जिन प्रमुख नामों की जांच कराई है, वे हैं तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा और झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के दिवंगत प्रमुख शिबू सोरेन–दोनों के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद निशिकांत दुबे की शिकायतों पर। लोकपाल ने पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ एक शिकायत को खारिज कर दिया था, जबकि प्रधानमंत्री के खिलाफ दर्ज चार अन्य शिकायतों की स्थिति अस्पष्ट है।

# बिहार के बजट से चार गुना बड़े तेजस्वी के वायदे

**विपक्षी नेताओं का रुख और भी आक्रामक है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का कहना है कि तेजस्वी यादव यह मानकर चल रहे हैं कि बिहार की जनता केवल झूठे वादों पर वोट देगी। जिन योजनाओं की वह बात कर रहे हैं, वे राज्य की आर्थिक क्षमता से बाहर हैं। यह वादे नहीं, दिवास्वप्न हैं। वहीं जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, जिस व्यक्ति ने 18 महीनों में एक भी वादा पूरा नहीं किया और अब फिर वही पुराने जुमले दोहरा रहे हैं, उससे जनता अब भ्रमित नहीं होगी। वादे तभी पूरे होते हैं जब नीयत और नीति दोनों साफ़ हो। तेजस्वी यादव और महागठबंधन की तरफ से भी सफ़ाई दी जा रही है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी का कहना है कि तेजस्वी यादव ने युवाओं को रोजगार देने का जो संकल्प लिया है, वह बिहार की वास्तविक जरूरत है। नीतीश कुमार की सरकार ने जो कुछ नहीं किया, उसे अब पूरा करना तेजस्वी की जिम्मेदारी है। बजट का सवाल बाद में देखा जाएगा, लेकिन राजनीति जनभावना से चलती है, कागजी गणित से नहीं।**

**संजय सक्सेना**

बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान की तारीख नजदीक आ रही है। 6 और 11 नवंबर को मतदान होगा और 14 को नतीजे आ जाएंगे। इस बीच तमाम दलों के नेता वोटरों को लुभाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ना चाहते हैं। हर दल की तरफ से दावों और वायदों की खैरात बांटने की बड़ी-बड़ी बातें की जा रही हैं, लेकिन इसमें महागठबंधन में शामिल सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने सभी हदें पार कर दी हैं। राजद की बैसाखी के सहारे बिहार में अपनी जड़ें तलाश रही कांग्रेस भी राजद के साथ सुर में सुर मिला रही है। राजद नेता और महागठबंधन के सीएम फेस तेजस्वी यादव के चुनावी वादों की झड़ी ने बिहार में सियासी हलचल मचा दी है। उन्होंने हाल ही में जिन योजनाओं और रियायतों का वादा किया है, उनकी कुल अनुमानित लागत बिहार के मौजूदा वार्षिक बजट से लगभग चार गुना अधिक बताई जा रही है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या यह वादे आर्थिक व्यवहार्यता के दायरे में आते हैं या फिर यह केवल जनता को लुभाने की एक रणनीति है। विपक्षी दल और कई अर्थशास्त्री अब खुलकर कह रहे हैं कि यह खैरात बांटने की राजनीति बिहार को आर्थिक संकट की ओर ले जा सकती है।



तेजस्वी यादव ने अपने हालिया जनसभाओं और घोषणाओं में युवाओं को लाखों नौकरियों, छात्रों को मुफ्त लैपटॉप, किसानों की कर्जमाफी, हर गरीब को भत्ते जैसी कई मनलुभावन योजनाओं की घोषणा की है। उनकी पार्टी की तरफ से यह दावा किया जा रहा है कि यह सब न्याय का रोजगार और विकास का अधिकार के तहत आने वाली योजनाएं हैं, जो सत्ता में आने पर प्राथमिकता पर लागू की जाएंगी। परंतु यही दावे अब राजनीतिक विमर्श का केंद्र बन गए हैं। अर्थशास्त्रियों का कहना है कि बिहार पहले से ही राजस्व संग्रहण में पिछड़ा हुआ राज्य है। राज्य की कुल आय मुख्यतः केंद्र सरकार से मिलने वाले अनुदानों और टैक्स शेयरिंग पर निर्भर करती है। पटना विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त अर्थशास्त्री प्रो. अजय नारायण सिंह का कहना है, तेजस्वी यादव के वादों की कुल लागत करीब चार लाख करोड़ रुपये से ऊपर बैठती है, जबकि बिहार का वार्षिक बजट मुश्किल से 2.60 लाख करोड़ रुपये का है। ऐसे में यदि उन्होंने जो कुछ कहा है, उसे लागू करना हो तो राज्य को या तो भारी-भरकम कर्ज लेना पड़ेगा या फिर विकास कार्यों पर खर्च कटौती करनी होगी।

विपक्षी नेताओं का रुख और भी आक्रामक है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का कहना है कि तेजस्वी यादव यह मानकर चल रहे हैं कि बिहार की जनता केवल झूठे वादों पर वोट देगी। जिन योजनाओं की वह बात कर रहे हैं, वे राज्य की आर्थिक क्षमता से बाहर हैं। यह वादे नहीं, दिवास्वप्न हैं। वहीं जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, जिस व्यक्ति ने 18 महीनों में एक भी वादा पूरा नहीं किया और अब फिर वही पुराने जुमले दोहरा रहे हैं, उससे जनता अब भ्रमित नहीं होगी। वादे तभी पूरे होते हैं जब नीयत और नीति दोनों साफ हो। तेजस्वी यादव और महागठबंधन की तरफ से भी सफाई दी जा रही है। राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी का कहना है कि तेजस्वी यादव ने युवाओं को रोजगार देने का जो संकल्प लिया है, वह बिहार की वास्तविक जरूरत है। नीतीश कुमार की सरकार ने जो कुछ नहीं किया, उसे अब पूरा करना तेजस्वी की जिम्मेदारी है। बजट का सवाल बाद में देखा जाएगा, लेकिन राजनीति जनभावना से चलती है, कागजी गणित से नहीं।

हालांकि, जानकारों का मानना है कि राजनीतिक घोषणाओं का यह तरीका बिहार में कोई नया नहीं है। हर चुनाव से पहले पार्टियां मुफ्त योजनाओं, नौकरियों और नकद सहायता का वादा करती हैं। लेकिन नए आंकड़ों और राज्य के आर्थिक ढांचे को देखते हुए, बिहार वर्तमान में ऐसी किसी आर्थिक अति का बोझ उठाने में सक्षम नहीं दिखता। बिहार की प्रति व्यक्ति आय अब भी राष्ट्रीय औसत से आधी है, और बेरोजगारी दर देश में शीर्ष पर बनी हुई है। दिलचस्प यह है कि तेजस्वी यादव का यह अभियान युवा वर्ग और गरीब तबके के बीच तेजी से लोकप्रिय होता दिख रहा है। सोशल मीडिया पर उनके वादे वायरल हैं और बड़ी संख्या में युवाओं ने इसे बदलाव का ब्लूप्रिंट कहा है। इस जनसमर्थन को देखकर भाजपा और जदयू दोनों ही सतर्क दिखाई दे रहे हैं। जबकि कांग्रेस और वाम दलों के सहयोग से महागठबंधन ने इस बार जनता को सीधा आर्थिक लाभ देने वाला एजेंडा अपनाया है। बिहार की अर्थव्यवस्था पर नजदीकी नजर रखने वाले पूर्व वित्त अधिकारी राजीव रंजन का कहना है कि राजनीतिक दृष्टि से ऐसे वादे शॉर्ट टर्म में प्रभावी हो सकते हैं, लेकिन आर्थिक दृष्टि से यह फिस्कल डिसिप्लिन को खत्म करने वाला कदम होगा। राज्य यदि मुफ्तखोरी के चक्कर में फंस गया, तो अगले पांच वर्षों में वित्तीय घाटा दोगुना हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि बिहार को दीर्घकालीन रणनीति चाहिए जैसे उद्योगों में निवेश, शिक्षा और कौशल विकास केवल खैरात पर आधारित चुनावी घोषणाएं नहीं।

दूसरी ओर, जनता के एक हिस्से में यह सोच तेजी से पनप रही है कि भाजपा और जदयू के लंबे शासन में अपेक्षित परिवर्तन नहीं आया, इसलिए तेजस्वी को मौका दिया जाना चाहिए। अररिया के एक किसान नेता रामसागर यादव कहते हैं, सरकारें तो पहले भी आईं, पर गरीब को कुछ नहीं मिला। अगर तेजस्वी कुछ वादा कर रहे हैं, तो उसे मौका देना चाहिए। अगर वह झूठे साबित हुए, तो अगली बार जनता जवाब दे देगी। यह प्रतिक्रिया बताती है कि बड़ी जनसंख्या अब भी वादों के गणित से ज्यादा भावनात्मक आशाओं में विश्वास रखती है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि तेजस्वी यादव के वादों ने बिहार में न केवल आर्थिक विमर्श को जन्म दिया है, बल्कि यह चुनावी परिदृश्य को भी नई दिशा दे रहे हैं। जहां विरोधी इसे आर्थिक आत्मघात बता रहे हैं, वहीं समर्थक इसे जनता की आवाज कह रहे हैं। अब सवाल यह है कि क्या बिहार की जनता इस बार वादों से परे जाकर यथार्थवादी विकल्प चुनेगी या एक बार फिर वही भावनात्मक राजनीति हावी रहेगी? और यदि तेजस्वी यादव सचमुच सत्ता में आते हैं, तो क्या वह अपने वादों को वास्तविक धरातल पर उतार पाएंगे या यह केवल बिहार की चुनावी सियासत का एक और सपनों का पुल साबित होगा। इसका जवाब 14 नवंबर को मिल जाएगा, जब चुनाव के नतीजे सामने आएंगे।

अध्यात्म

## छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जायेगा

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुँचने पर आदमी ने उससे पूछाः और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दियाः मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूँ। लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहाः ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है।अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएँगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियाँ बिखरी पड़ी थीं। वह बोलाः इस मीलों लंबे समुद्रतट पर न जाने कितनी मछलियाँ पड़ी हुई हैं। इसतरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जायेगा? युवक ने शान्ति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोलाः आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले। लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जायेगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है? यह हम पर है कि हम कौनसी कहावत पसंद करते है... अकेला चना भांड नहीं फोड़ सकता। या बूँद बूँद से ही घड़ा भरता है

हम सब आदर्शवादी और अच्छे कार्य करने की बातें करते रहते है। जैसे बिजली बचाना, सड़क पर कचरा न फेंकना, शादी समारोह अथवा अन्य आयोजनों या अपने घर में भोजन को वैस्ट न करना, ट्रेफिक नियमों का पालन करना, किसी जरूरतमंद की मदद करना और बहुत कुछ। लेकिन हम में से ज्यादात्तर लोग ऐसी बातों का पालन नहीं करते। ऐसा क्यों होता है कि हम पढ़े लिखे लोग ही इन छोटी छोटी बातों का पालन नहीं करते?

सबसे ज्यादा खाना हम पढ़े लिखे लोग ही वैस्ट करते है जबकि दूसरी और भारत में रोजाना, लाखों लोग भूखे सोते है। हम पढ़े लिखे लोग ही बिजली का अपव्यय करते है जबकि भारत के हजारों गावों में अब भी बिजली नहीं है। ऐसे पढ़े लिखे लोग भी आसानी से मिल जायेंगे जिनके पास इतना भी टाइम नहीं कि वे सड़क पर पड़े हुए घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचा दे।

# दक्षिण एशिया में भारत की संप्रभुता और कूटनीति पर नई चुनौती

**हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की यात्रा के दौरान उनकी एक टिप्पणी ने भारत, बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच पहले से मौजूद संवेदनशील रिश्तों में नया तनाव उत्पन्न कर दिया है। गुटेरेस ने ढाका में अपने दौरे के दौरान दिए एक बयान में अप्रत्यक्ष रूप से उन क्षेत्रों का उल्लेख किया, जिन्हें उन्होंने 'पूर्वोत्तर भारत के हिस्से' के रूप में नहीं, बल्कि 'बांग्लादेश का अभिन्न अंग' बताया। इस टिप्पणी को लेकर भारत में तीखी प्रतिक्रिया देखी गई, क्योंकि यह न केवल भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर प्रश्नचिह्न लगाती है, बल्कि 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम की ऐतिहासिक वास्तविकताओं की भी अनदेखी करती है।**

**ममता कुशवाहा**

वास्तव में इस घटना की पृष्ठभूमि में पाकिस्तान की सक्रिय भूमिका और संयुक्त राष्ट्र के कुछ पदाधिकारियों की संदिग्ध गतिविधियाँ भी सामने आई हैं। संयुक्त राष्ट्र की 'चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी' की एक बैठक में पाकिस्तानी प्रतिनिधि जनरल साहिर शमशाद मिर्जा की ओर से एक मानचित्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें असम, त्रिपुरा, मिज़ोरम और मेघालय के कुछ हिस्सों को बांग्लादेश का हिस्सा दिखाया गया। यह मानचित्र यूएन की बैठक में पहली बार नहीं देखा गया, लेकिन इस बार इसकी प्रस्तुति का राजनीतिक और कूटनीतिक महत्व अधिक था क्योंकि बैठक में गुटेरेस के नजदीकी अधिकारी भी मौजूद थे। भारत ने इस पर कड़ा आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि यह न केवल भारत की संप्रभुता का उल्लंघन है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों का दुरुपयोग भी है।

1971 में जब बांग्लादेश मुक्ति संग्राम हुआ, तब भारत ने न केवल निर्णायक सैन्य भूमिका निभाई थी बल्कि पाकिस्तान की पूर्वी सीमा पर लाखों शरणार्थियों की मदद भी की थी। भारत की इस मानवीय और रणनीतिक सहायता ने बांग्लादेश को स्वतंत्र राष्ट्र बनने की दिशा में मार्ग प्रशस्त किया था। लेकिन आज यही संयुक्त राष्ट्र, जिसने उस समय पाकिस्तान के अत्याचारों की निंदा करने में हिचक दिखाई थी, अब उन्हीं विचारों को बढ़ावा दे रहा है जिनसे भारत की भौगोलिक सीमाओं पर प्रश्न उठते हैं।

यूएन प्रमुख गुटेरेस के हालिया बयानों में भी पाकिस्तान की नीति का स्पष्ट प्रभाव दिखाई देता है। उन्होंने ढाका में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि 'दक्षिण एशिया में सीमाओं की पुर्न समीक्षा का प्रश्न अब भी अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए खुला है।' यह कथन बेहद असंवेदनशील और विवादास्पद था क्योंकि दक्षिण एशिया में सीमाओं का मुद्दा ऐतिहासिक और संवैधानिक रूप से निपट चुका है। भारत ने 1974 में बांग्लादेश के साथ भूमि सीमा समझौता किया था, जिसे दोनों देशों की संसदों ने अनुमोदित किया। इसके बाद 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक भूमि सीमा समझौते के तहत दोनों देशों के बीच की सीमाओं का अंतिम निर्धारण कर दिया गया।

परंतु संयुक्त राष्ट्र के हालिया रुख से ऐसा प्रतीत होता है कि वह किसी न किसी रूप में क्षेत्र में पुनः अस्थिरता उत्पन्न करने की कोशिश कर रहा है। इसके पीछे तुर्की और इस्लामी सहयोग संगठन (ह्व्र्ष्ट) जैसे समूहों की लॉबिंग भी बताई जा रही है, जो लंबे समय से भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर दुष्प्रचार करते आए हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में यह स्पष्ट किया कि गुटेरेस के बयानों के पीछे 'तुर्की आधारित गैर-सरकारी संगठनों' की भूमिका संदिग्ध है, जो 'सुल्तनत-ए-बाल्कान' नामक इस्लामी समूह के माध्यम से दक्षिण एशिया में अलगाववादी विचारों को बढ़ावा देते हैं। भारत के लिए यह केवल एक राजनैतिक चुनौती नहीं, बल्कि उसकी क्षेत्रीय अखंडता से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। भारत की पूर्वोत्तर सीमाएँ पहले



ही संवेदनशील हैं, जहाँ चीन और म्यांमार के साथ भू-राजनीतिक तनाव जारी है। यदि संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठन इस प्रकार की विवादास्पद टिप्पणियाँ करते हैं, तो इससे न केवल भारत की सुरक्षा चिंताएँ बढ़ेंगी बल्कि बांग्लादेश के साथ उसके घनिष्ठ संबंधों पर भी असर पड़ेगा। भारत और बांग्लादेश के बीच पिछले एक दशक में व्यापार, नदी जल बंटवारा, आतंकवाद विरोधी सहयोग और सीमावर्ती विकास परियोजनाओं में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। दोनों देशों ने मिलकर यह साबित किया है कि परस्पर सहयोग के आधार पर क्षेत्रीय स्थिरता हासिल की जा सकती है।

ऐसे में यूएन प्रमुख के वक्तव्य को केवल 'कूटनीतिक भूल' नहीं कहा जा सकता। इसके पीछे एक व्यापक रणनीतिक सोच दिखाई देती है, जिसका उद्देश्य दक्षिण एशिया में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका को कमज़ोर करना है। पाकिस्तान लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को घेरने के प्रयास करता रहा है, लेकिन उसे ठोस सफलता नहीं मिल पाई। अब वही प्रयास 'संयुक्त राष्ट्र की निष्पक्षता' के आवरण में किए जा रहे हैं। गुटेरेस का यह बयान न केवल भारत के लिए अपमानजनक है, बल्कि संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है।

यह भी याद रखना आवश्यक है कि संयुक्त राष्ट्र ने अतीत में भी कई बार ऐसे निर्णय लिए हैं जो भारत के दृष्टिकोण के विपरीत रहे हैं। कश्मीर मुद्दे पर यूएन के पुराने प्रस्ताव आज भी पाकिस्तान के दुष्प्रचार का आधार बने हुए हैं, जबकि भारत ने स्पष्ट किया है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और यह विषय अब द्विपक्षीय समझौतों के तहत ही सुलझाया जा सकता है।

यूएन प्रमुख का यह रुख भारत के लिए कई स्तरों पर चुनौतीपूर्ण है। पहला, यह दक्षिण एशिया में भारत की कूटनीतिक साख को कमजोर करने की कोशिश है। दूसरा, यह बांग्लादेश के साथ भारत के विश्वास आधारित संबंधों में अविश्वास का बीज बो सकता है। तीसरा, यह पाकिस्तान को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर 'पीड़ित देश' के रूप में प्रस्तुत करने का अवसर दे सकता है, जबकि सच्चाई यह है कि पाकिस्तान स्वयं आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला राष्ट्र है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में बैंकॉक में हुए 'विस्तृत शिखर सम्मेलन' के दौरान भी अंतरराष्ट्रीय समुदाय को चेताया था कि कुछ शक्तियाँ दक्षिण एशिया को अस्थिर करने की कोशिश कर रही हैं और इनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। मोदी ने उस अवसर पर विशेष रूप से कहा था कि 'ढाका से दिल्ली तक स्थिरता और सहयोग की भावना ही एशिया की नई शक्ति बन सकती है।' यह कथन भारत की स्पष्ट नीति को रेखांकित करता है कि वह क्षेत्रीय शांति के लिए प्रतिबद्ध है, न कि विवादों के लिए।

यूएन प्रमुख का यह विवादास्पद बयान केवल एक भाषण या मानचित्र की गलती नहीं है, बल्कि यह उस मानसिकता का परिचायक है जो एशिया में शक्ति-संतुलन को बदलना चाहती है। भारत के लिए यह समय है कि वह न केवल कूटनीतिक स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय जनमत के स्तर पर भी सक्रिय हो। भारत को यह दिखाना होगा कि दक्षिण एशिया में स्थिरता, विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों का सबसे बड़ा संरक्षक वही है।

आज जब विश्व बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, तब संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठनों की भूमिका और जिम्मेदारी पहले से कहीं अधिक है। यदि ये संस्थाएँ अपने मूल उद्देश्य- शांति, न्याय और समानता से भटक जाएँगी, तो वैश्विक राजनीति में उनका महत्व स्वतः कम हो जाएगा। भारत जैसे जिम्मेदार और लोकतांत्रिक राष्ट्रों को इस चुनौती का सामना दृढ़ता, संयम और विवेक के साथ करना होगा, ताकि दक्षिण एशिया एक बार फिर संघर्ष का मैदान नहीं, बल्कि सहयोग और विकास का केंद्र बन सके।

### आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आप नौकरी में अपनी स्वतन्त्रता के साथ काम करना चाहेंगे। इस समय आप सिद्धान्तों को अधिक महत्व देंगे। लेकिन आये अवसर चूकने न पायें इसका ध्यान रखें।

**वृषभ**
व्यवसाय से जुड़े लोगों को अपने ग्राहकों के प्रति अच्छा भाव रखना चाहिये। शरीर में थोड़ी थकावट रहेगी। हर कार्य में जल्दबाजी और लापरवाही से बचना चाहिये।

**मिथुन**
आज आप लोगों की सहायता करने के लिये धन खर्च कर सकते हैं। व्यापार में आप बड़ा धन निवेश करेंगे। बुरी संगत से आपको बचना चाहिये।

**कर्क**
आज आप समय रहते आप अपना कार्य पूर्ण करने का प्रयास करें। पिता के मार्गदर्शन से व्यवसाय में बढ़ोत्तरी होगी। उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है।

**सिंह**
महत्वपूर्ण कार्यों में रोक लगने की आशंका है। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों को अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ेगी। घर में अशान्ति हो सकती है।

**कन्या**
कारोबार में सावधानी पूर्वक निवेश करें। कड़वे वचन बोलने से बचें। स्वभाव में लचीलापन बनाये रखें। एसिडिटी और गैस की समस्या हो सकती है।

**तुला**
अपने करियर को लेकर नयी योजना बनायेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको उत्तम सफलता मिलेगी। वैवाहिक जीवन बहुत ही सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक**
आक्रामक भाषा शैली के कारण आपके सम्बन्ध बिगड़ सकते हैं। किसी पर भी अधिक विश्वास न करें। रिश्तेदारों के बीच आपकी छवि मजबूत होगी।

**धनु**
तीर्थयात्रा की योजना बनायेंगे। अपनों से बड़ों का सम्मान करें। आप आज नया ज्ञान सीखने का प्रयास करेंगे। बाहरी विवादों का असर आपके पारिवारिक जीवन पर पड़ सकता है।

**मकर**
आपके मान–सम्मान में कमी आ सकती है। भाग्य आज आपका साथ नहीं दे रहा है। इसीलिये आज आपको जोखिम भरे कार्यों से दूर रहना चाहिये। नये सम्पर्कों से सावधान रहें।

**कुंभ**
परिवार के लोगों के लिये आज आप उपहार खरीदेंगे। राजनीति से जुड़े जातकों को बड़ा राजनीतिक पद मिल सकता है। बच्चों के साथ आज बहुत अच्छा समय बितायेंगे।

**मीन**
नये प्रोजेक्ट्स को शुरू करने के लिये अच्छा दिन है। प्रेम सम्बन्धों को लेकर विवाह में परिणित कर सकते हैं। बच्चों के जिद्दी व्यवहार से थोड़े परेशान रहेंगे।

# इंडियन ऑयल चेयरमैन के दौरे से बरौनी रिफाइनरी की टीम को मिली प्रेरणा

## रिफाइनरी में जागृत हुई उत्साह और समर्पण की भावना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बरौनी।** बरौनी रिफ़ाइनरी को 31 अक्टूबर 2025 के दिन इंडियन ऑयल के अध्यक्ष श्री ए.एस. साहनी का स्वागत करने का गौरव प्राप्त हुआ। यह यात्रा बरौनी रिफ़ाइनरी टीम के लिए प्रेरणा और उत्साह का एक यादगार दिन साबित हुई। कार्यकारी निदेशक एवं रिफ़ाइनरी प्रमुख, सत्य प्रकाश ने कार्यकारी निदेशक (परियोजना), रिफ़ाइनरी मुख्यालय, जयदीप चौधरी, कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप), संजय रायजादा तथा मुख्य महाप्रबंधकों, महाप्रबंधकों, उप महाप्रबंधकों और रिफ़ाइनरी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में अध्यक्ष श्री साहनी का स्वागत किया। सर्वप्रथम, श्री साहनी जी द्वारा बरौनी रिफ़ाइनरी टाउनशिप स्थित सूर्य सरोवर परिसर में वृक्षरोपण किया गया, जो इंडियनऑयल की स्थिरता और हरित भविष्य के प्रति स्थायी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसके बाद बरौनी रिफ़ाइनरी टाउनशिप के कपस्या गेट पर एक भव्य, विशाल कलात्मक स्थापना 'डायमंड जुबली म्यूरल' का अनावरण किया गया। यह म्यूरल/भित्ति चित्र रिफ़ाइनरी की छह दशक की यात्रा के प्रति एक जीवंत श्रद्धांजलि और बिहार की कालातीत विरासत का एक स्तुतिगान है। जटिल सांस्कृतिक रूपांकनों और कलात्मक गहराई से निर्मित, इसमें श्री कृष्ण सिंह, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर', गुरु गोविंद सिंह, महात्मा बुद्ध, विद्यापति और महात्मा गांधी जैसे पूजनीय व्यक्तित्वों के साथ-साथ सिमरिया घाट, वैशाली स्तंभ और छठ महापर्व को भी दर्शाया गया है - जो प्रगति, परंपरा और गौरव के सामंजस्य का प्रतीक है। तत्पश्चात श्री साहनी ने बरौनी रिफ़ाइनरी के सम्मेलन कक्ष में रिफ़ाइनरी और बीआर-09 परियोजना समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। समीक्षा के दौरान, उन्होंने परिचालन दक्षता, विश्वसनीयता को निरंतर बढ़ाने, प्रक्रिया सुरक्षा प्रबंधन अवधारणा की गहन समझ और कार्यान्वयन, लागत अनुकूलन की संभावनाओं की खोज पर ध्यान केंद्रित करने, परिचालन बाधाओं का समय पर समाधान करने और देश के लिए एक प्रमुख ऊर्ज़ा प्रदाता के रूप में इंडियन ऑयल की भूमिका को मजबूत करने के लिए नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया। सत्र का समापन करते हुए, श्री साहनी ने बदलते वैश्विक भू-राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य के बीच कंपनी को नई ऊर्ज़ा, नवाचार और स्थिरता की राह पर अग्रसर होने का संदेश दिया। उनके मार्गदर्शन से रिफाइनरी में उत्साह और समर्पण की नई भावना जागृत हुई। यह यात्रा इंडियनऑयल परिवार के लिए भविष्य निर्माण की दिशा में नई ऊर्ज़ा और संकल्प का प्रतीक बनी।

## शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने एक यात्री बस पर सवार रहे एक युवक को शराब के साथ गिरफ्तार किया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर उत्पाद बलों के सहयोग से जांच चौकी पर चौबीसों घंटे झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है, जिसका नेतृत्व उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। बीते गुरुवार एएसआई दीपक कुमार शर्मा ने टाटा से पटना जानेवाली एक यात्री बस पर सुरेश प्रसाद के पुत्र सफल संगम के पास से 750 एमएल वाला ब्लेंडर्स प्राइड नामक एक बोतल विदेशी बरामद किया।

## पेज 1 का शेष

### रिकार्ड बहुमत से...

ने जितना पैसा प्रदेश को दिया था, प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल में उसके मुकाबले बिहार को तीन गुने से भी ज्यादा राशि दी गई। उन्होंने कहा कि विपक्ष को यदि बिहार की चमचमाती सड़कें, लगातार मिलने वाली बिजली, नये हवाई अड्डे, नये 'एम्स' अस्पताल, बिहार से चलने वाली नई रेलगाड़ियां और अलग अलग क्षेत्रो में औद्योगिक जोन बनाने का प्लान नही दिख रहा है तो उन्हें अपना नजरिया बदलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बिना हकीकत के सिर्फ आलोचना के लिए कही गयी बातों को बिहार के मतदाता समझते हैं और वो महागठबंधन के सत्ता और धन के लोलुप नेताओं के झांसे में नही आने वाले हैं। उल्लेखनीय है कि 2020 में पहली बार जमुई से विधायक बनी श्रेयसी सिंह बिहार विधानसभा में भाजपा की युवा महिला चेहरा हैं। राजनीति और खेलकूद दोनो उनको विरासत में मिली है। श्रेयसी के दादा कुमार सुरेंद्र सिंह और पिता दिग्विजय सिंह दोनों भारतीय रायफल संघ के अध्यक्ष रहे थे। उनके पिता दिग्विजय सिंह भारत सरकार में मंत्री और माता पुतुल सिंह सांसद रहीं। खुद श्रेयशी शूटिंग स्पर्धा में एशियन और कॉमनवेल्थ खेलों की पदक विजेता हैं।

## पीएम ने दिल्ली में बिहारियों को छठ पर बनाया मजाक : संजय सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह गुरुवार को देर शाम बेगूसराय विधानसभा से प्रत्याशी मीरा सिंह के समर्थन में बेगूसराय पहुंचे। उन्होंने बेगूसराय से पार्टी की प्रत्याशी डा. मीरा सिंह के समर्थन में रोड शो भी किया। रोड शो के बाद पत्रकार वार्ता आयोजित कर प्रधानमंत्री मोदी और एनडीए पर खूब बरसे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मित्र अडाणी को कोयला, गैस, सड़क, बिजली-पानी, एयरपोर्ट, समुद्री तट सबकुछ दे दिया। उसे लाखों करोड़ कमवा रहे हैं और बिहार के युवाओं को कह रहे कि रील बनाकर रोजगार करो। ऐसी बात कहते हुए एक प्रधानमंत्री को शर्म आनी चाहिए। बिहार के युवाओं को इस चुनाव में जवाब देना है। बिहार के युवा भाजपा-जदयू और एनडीए को हराएं। छठ के लिए दिल्ली में यमुना किनारे नकली घाट बनवाया। संजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने छठ जैसे पवित्र त्योहार को भी नहीं छोड़ा। बिहार के लोगों को लुभाने के लिए यमुना किनारे नकली घाट तैयार कराया। भाजपा वालों ने कहा कि प्रधानमंत्री यहां स्नान करने आएंगे। जब हमारे प्रदेश अध्यक्ष ने लोगों को सच्चाई दिखाई तो प्रधानमंत्री भाग गए। पूर्वांचलियों खासकर बिहार के लोगो से जो खिलवाड़ किया गया उसका जवाब देने का समय आ गया है। सांसद संजय सिंह ने कहा कि सिर के तहत बिहार में वोट की चोरी की गई।

## मतदाताओं को किया गया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश पर पूरे जिले में स्वीप कोषांग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला प्रशासन की पूरी टीम लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत है। स्वीप कोषांग के नेतृत्व में आंगनवाड़ी सेविकाएँ, जीविका दीदियाँ आदि द्वारा मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही मतदाताओं को मतदान की सरल प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं भयमुक्त रूप से सम्पन्न कराने के लिए की जा रही पहलों से भी अवगत कराया जा रहा है। मतदाताओं को मतदान से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए 1950 की भी जानकारी दी जा रही है। अब तक 270 मतदाताओं ने 1950 पर कल करके जानकारी प्राप्त की है। जिले के सभी विधान सभा क्षेत्र में बीएलओ द्वारा भी लगातार पर्ची का वितरण किया जा रहा है, ताकि मतदाताओं को उनके बूथ एवं क्रम संख्या की जानकारी प्राप्त हो सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ को शत प्रतिशत मतदाता पर्ची वितरण करने का निर्देश दिया है, ताकि मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र पहुंचने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो।

## अज्ञात शव बरामद, इलाके में सनसनी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पूर्वी डफरपुर के बूढ़ी गंडक नदी में शुक्रवार को एक युवक की लाश मिलने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई। इसे देखने के लिए लोगों का हुजूम जमा हो गया। लाश की पहचान इनैया के रामचंद्र पोद्दार का पुत्र शिवम कुमार के रूप में हुई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन, एस आई रंजीत कुमार दलबल के साथ सूचना स्थल पर पहुँच कर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बेगूसराय भेज दिया। मृतक दो भाइयों में छोटा था। इसकी चार वर्ष पूर्व शादी हुई थी। एक पुत्र 1.5 वर्ष का रूपेश तथा तीन वर्ष की पुत्री शिवानी है। मृतक मजदूरी कर परिवार का भरणपोषण करता है। शिवम कुमार पिछले तीन दिनों से घर से गायब था। इसकी मौत की खबर सुनकर माँ सीता देवी, पत्नी आरती देवी सहित अन्य परिजनों का रो रो बुरा हाल है। मुखिया प्रतिनिधि ई रंजीत कुमार पमपम, डा सत्यनारायण पोद्दार, सीपीआई अंचल मंत्री चंद्र भूषण चौधरी ने शोक संतप्त परिजनों को धीरज बंधाया तथा हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

## अनुदानित दर पर मिल रही बीज

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कृषि विभाग दलहन व तेलहन फसल को बढ़ावा देने के लिए किसानों को अनुदान पर बीज उपलब्ध करा रही है। विभाग यहां 70 एकड़ में मसूर प्रत्यक्षण योजना से मसूर की खेती करा रही है। जिसके लिए बीज व दवा किसानों को मुफ्त में कृषि विभाग दे रही है। सरसो प्रत्यक्षण योजना से मुफ्त में बीज मिल रही है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई—नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा निम्न वर्णित पार्किंग स्टैंडो के संचालन हेतु ई—नीलामी आमन्त्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:—

**1. AA/1 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** सासाराम रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए।, **ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या :** Parking-Mix-26, **ई—नीलामी लॉट संख्या :** PARKING-DDU-SSM-FW-14-25-1, **ई—नीलामी की तिथि एवं समय :** ई—नीलामी दिनांक 08.11.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

**AB/1 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** अंकोरहा रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए।, **ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या :** Parking-Mix-26, **ई—नीलामी लॉट संख्या :** PARKING-DDU-ANH-RW-36-22-1, **ई—नीलामी की तिथि एवं समय :** ई—नीलामी दिनांक 08.11.2025 को 12:30 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी।

**AB/2 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** गया रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित तीन पहिया वाहन पार्किंग स्टैंड का संचालन 03 वर्षों के लिए।, **ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या :** Parking-Mix-26, **ई—नीलामी लॉट संख्या :** PARKING-DDU-Gaya-RW-18-25-1, **ई—नीलामी की तिथि एवं समय :** ई—नीलामी दिनांक 08.11.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी।

**2. वेबसाईट का पता जहाँ ई—नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in (E-auction Leasing)**

**मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य),**
**पू०म०रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/1229/डीडीयू/सीओएमएमएल/ईएएन/25–26/52



**पूर्व मध्य रेल**

**ई—नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा मंडल के निम्नवत स्टेशनों पर 05 वर्षो के लिए कैटरिंग स्टालो एवं बहुद्देशीय स्टालो का संचालन हेतु ई—नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है:—

**1. AA/1 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** काष्ठा स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 01 पर कैटरिंग स्टाल सं० 01 के लिए।, **ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या :** CATG-DDU-76, **ई—नीलामी लॉट संख्या :** Catg-DDU-KSTA-GMU-3-23-1, **ई—नीलामी की तिथि एवं समय :** ई—नीलामी दिनांक 07.11.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:30 बजे बंद होगी।

**AB/1 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** पं. दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 1 पर कैटरिंग स्टाल सं० 02 के लिए।, **ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या :** CATG-DDU-76, **ई—नीलामी लॉट संख्या :** Catg-DDU-DDU-SMU-143-25-1, **ई—नीलामी की तिथि एवं समय :** ई—नीलामी दिनांक 07.11.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:40 बजे बंद होगी।

**BA/1 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** पं. दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 1 पर बहुद्धेशीय स्टाल सं० 01 के लिए।, **ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या :** CATG-DDU-76, **ई—नीलामी लॉट संख्या :** MPS-DDU-DDU-MPS-1-24-1, **ई—नीलामी की तिथि एवं समय :** ई—नीलामी दिनांक 07.11.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12:50 बजे बंद होगी।

**BA/2 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** गया स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 4/5 पर बहुद्धेशीय स्टाल सं० 04 के लिए।, **ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या :** CATG-DDU-76, **ई—नीलामी लॉट संख्या :** MPS-DDU-GAYA-MPS-17-25-1, **ई—नीलामी की तिथि एवं समय :** ई—नीलामी दिनांक 07.11.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13:00 बजे बंद होगी।

**BA/3 : कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि :** पं. दीन दयाल उपाध्याय स्टेशन के प्लेटफार्म सं० 5/6 पर बहुद्धेशीय स्टाल सं० 03 के लिए।, **ई—नीलामी कैटेलॉग संख्या :** CATG-DDU-76, **ई—नीलामी लॉट संख्या :** MPS-DDU-DDU-MPS-16-25-1, **ई—नीलामी की तिथि एवं समय :** ई—नीलामी दिनांक 07.11.2025 को 12:00 बजे शुरू होगी और 13:10 बजे बंद होगी।

**2. वेबसाईट का पता जहाँ ई—नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है: www.ireps.gov.in**

**मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य),**
**पू०म०रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/1226/डीडीयू/सीओएमएमएल/ईएएन/25–26/68


## विकास और सुशासन की यात्रा जनता के सहयोग से ही संभव : रजनीश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**तेघड़ा।** तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र एनडीए प्रत्याशी रजनीश कुमार शुक्रवार को झमाझम बारिश के बीच भी लोगो से मिलकर जनसंपर्क किया। तेघड़ा नगर परिषद क्षेत्र में लोगो ने उत्साह और जोश के साथ प्रत्याशी का स्वागत किया। इनका काफिला वार्ड संख्या 12 के अयोध्या ग्राम होते हुए तेघडाघ बाजार सहित मधुरापुर पंहुचा। उन्होंने समर्थकों के साथ घर-घर जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किए गए विकास कार्यों की विस्तार से चर्चा की। रजनीश कुमार ने कहा कि विकास और सुशासन की यह यात्रा जनता के सहयोग से ही संभव है। उन्होंने लोगों से अपील की कि क्षेत्र की प्रगति और स्थायी विकास को बनाए रखने के लिए एक बार फिर एनडीए को विजयी बनाएं। भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करें। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं और युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर कन्हैया राय, डब्लू साव, रजनीश यादव, सुनील सिंह, शालिनी देवी आदि थे।

## नौकरी मांगने पर सरकार बरसाती है लाठी : बोगो सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** मटिहानी विधानसभा से महागठबंधन से राजद प्रत्याशी नरेंद्र कुमार उर्फ बागो सिंह ने शुक्रवार को चुनावी दौरा में अकहा कुरहा, पासवान टोला कुरहा मोची टोला, सोनबरसा नया कुरहा, धनहा ओजोन टोला, सिसवननी, अकबरपुर, बिजोलिया लघौना पक्षीयारी टोला सलहा बिंद टोली, जगनसैदपुर, झगराहा नारायणपुर आदि जगहों पर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगो से आशीर्वाद मांगा। इस दौरान बोगो सिंह ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। गरीबों, बेसहारों, मजलूमों, युवाओं , नौजवानों की आवाज बनकर सेवा करता रहूंगा। छात्र जब अपना आवाज बुलंद करने पटना जाते हैं। नौकरी मांगने जाते हैं तो सरकार उन पर लाठी बरसाने का काम करते हैं। उनको पिटवाया जाता है। यह सरकार निकम्मी हो चुकी है। इनको बदलने की जरूरत है और यह आज मौका आ गया है। युवाओं को अपने भविष्य उज्जवल भविष्य बनाने के लिए तेजस्वी यादव के हाथों को मजबूत करने के लिए और एक नया बिहार बनाने के लिए मुझे आशीर्वाद दे। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजी तेजस्वी यादव के दबाव में सरकार विधवा पेंशन वृद्धा पेंशन बढ़ाने का काम किया है क्योंकि तेजस्वी यादव ने यह घोषणा की थी कि हमारी सरकार बनी तो माय बहन योजना अंतर्गत 2500 हर घर के महिलाओं को दिया जाएगा। विधवा पेंशन योजना 1500 और बिजली 200 यूनिट फ्री देने का कार्य करेंगे। इसी उपलक्ष्य में सरकार ने दबाव में आकर पेंशन योजना बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने मटिहानी विधानसभा जनता से अपील किया कि इस बेटा को आशीर्वाद देने का कार्य करें। इस मौके पर धीरज कुमार मुखिया, सरपंच राकेश, सुनील यादव, नित्यानंद यादव, मोहन सेठ, अमोल सिंह, रामकुमार सिंह, राजीव पासवान, अरुण सिंह, परमानंद झा आदि लोग उपस्थित थे।


Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान सभा

Name of State/UT : बिहार

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **SI No.** | **Name of Constituency** | **Name of Candidate** | **(A) Pending Criminal Cases** | | **(B) Details about cases of conviction for criminal offences** | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
| 1. | **27 बाजपट्टी** | **मुकेश कुमार यादव** | मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम सह - (MP, MLA), सीतामढ़ी, रूनीसैदपुर थाना काण्ड सं. 483/2020 | धारा-188, 229, 270, 271/34 भा.द.वि., बिना अनुमति प्रचार नारेवाजी/कोविड 19 के विपरित आचार संहिता का उलंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | **27 बाजपट्टी** | **मुकेश कुमार यादव** | मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी पुपरी (सीतामढ़ी), नानपुर थाना काण्ड सं. 217/2024 | धारा - 341, 504, 506, 171 (C) I.P.C, गलत तरीके से रोककर शांति भंग करना, धमकि अनुचित प्रयास। | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.



Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान सभा

Name of State/UT : बिहार

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **SI No.** | **Name of Constituency** | **Name of Candidate** | **(A) Pending Criminal Cases** | | **(B) Details about cases of conviction for criminal offences** | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
| 1. | **60 रूपौली** | **श्रीमती बीमा भारती** | Spl. Judge MLA/MP Purnea, FIR No - 11/05 PS-Rupouli, Dist - Purnea | U/S 188 IPC & 133 RP Act, आचार संहिता का उल्लधन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | **60 रूपौली** | **श्रीमती बीमा भारती** | Spl. Judge MLA/MP Purnea, FIR No - 12/05 PS-Bhawanipur, Dist - Purnea | 171(1) IPC & 188 IPC, आचार संहिता का उल्लधन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3. | **60 रूपौली** | **श्रीमती बीमा भारती** | Spl. Judge MLA/MP Purnea, FIR No-32/2000 PS-Bhawanipur, Dist - Purnea | 342, 382 and 506/34 IPC, जबरदस्ती वसूली | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

# जिलाधिकारी ने 'स्कूटी रैली' को दिखाई हरी झंडी



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत महिला मतदाताओं द्वारा स्कूटी रैली निकाली गई। इस रैली में जहानाबाद जिले की महिला मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने हेतु स्वीप गतिविधि के तहत शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के नेतृत्व मे मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता जागरुकता स्कूटी रैली को हरी झंडी दिखा कर जिला पदाधिकारी आवास से जहानाबाद शहर के गांधी मैदान के लिए रवाना किया। मतदाता जागरुकता अभियान को समर्पित महिला स्कूटी रैली मे लगभग 100 महिला मतदाताओं एवं महिला शिक्षकों ने अपने अपने स्कूटी के साथ पूरे दमखम के साथ इस रैली में शामिल हुई। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी अलंकृता पांडे ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुऐ बताया कि आप सभी की भागिदारी को देखते हुए मुझे यह महसूस हो रहा है कि बिहार विधानसभा आम निर्वाचन के अवसर पर जहानाबाद जिले में मतदान प्रतिशत मे अप्रत्याशित इजाफा होगी । उन्होंने मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली में शामिल मतदाताओं से अपील किया कि जिस प्रकार आज आप इस कार्यक्रम मे शामिल हो रही है, उसी प्रकार आप सभी 11 नवंबर को मतदान के लिए स्वयं उपस्थित हों और अपने परिजन तथा अपने आसपास के मतदाताओं को भी मतदान प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिले के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु स्वयं भी स्कूटी रैली में शामिल हुई। वे स्कूटी से अपने आवास से काको मोड, अरवल मोड, अस्पताल मोड, अम्बेडकर चौक होते हुए गांधी मैदान तक गई। इस दौरान मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न मतदाता जागरूकता नारा लगाया गया तथा जींगल को बजाते हुए मतदाताओं को जागरूक किया गया।निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली शामिल मतदाताओं एवं कर्मियों के साथ साथ गांधी मैदान में स्थित खिलाडियों एवं मॉर्निंग वॉक करने वाले मतदाताओं से भी बढ़ चढ़कर लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेने का अपील किया कि गया। मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली के उपरांत उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति द्वारा मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली शामिल मतदाताओं एवं कर्मियों के साथ साथ गांधी मैदान में स्थित खिलाडियों एवं मॉर्निंग वॉक करने वाले मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर वरीय नोडल पदाधिकारी, जिला स्वीप कोषांग सह अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच विनय कुमार सिंह, अपर सामाहर्ता, जिला निर्वाचन आइकॉन अजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के संगीत शिक्षक की विदाई पर समारोह



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद**। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय ऐनवां में कार्यरत प्राथमिक शिक्षक (संगीत) जयप्रकाश रविदास के सेवानिवृत्ति के उपरांत शुक्रवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रवींद्र राम ने जयप्रकाश रविदास को माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए भावभीनी विदाई दी। इस दौरान उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जयप्रकाश जी कुशल और योग्य शिक्षक के साथ- साथ एक सरल, मृदुभाषी और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति हैं। उन्होंने श्री रविदास को उद्धरित करते हुए कहा कि आपकी कमी हमेशा हमलोगों को खलेगी। इस दौरान उनके सह कर्मियों ने अंग वस्त्र, छाता, सूटकेस आदि देकर सम्मान पूर्वक उन्हें विदा किया। कार्यक्रम में जयप्रकाश रविदास के परिवार से उनकी धर्मपत्नी, पुत्र, पुत्री, बहू तथा अन्य आमंत्रित अतिथि भी उपस्थित थे। सेवानिवृत्ति पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवानिवृत संगीत शिक्षक जयप्रकाश रविदास ने भावुक मन से कहा कि केंद्रीय विद्यालय में काम करते हुए जो उन्हें अपने सहकर्मियों एवं छात्रों से स्नेह, प्यार और सम्मान मिला है, वह उन्हें ताउम्र याद रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारे सहकर्मी मित्र,सहयोगी और परिवार के सदस्य के रूप में सुख- दुख हर परिस्थितियों में मेरे साथ खड़े रहे इसे मैं मधुर यादों के रूप में अपने साथ ले जा रहा हूं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने जयप्रकाश रविदास जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा कई अन्य शिक्षकों ने अपने गीत- संगीत के माध्यम से अपनी भावनाएं प्रकट की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया। समारोह का वातावरण भावनात्मक एवं सौहार्दपूर्ण रहा।


**Format C-1**

ANNEXURE - 51
(CHAPTER 5, PARA)

*(for candidate to publish in Newspapers,TV)*

**DECLARATION ABOUT CRIMINAL CASES**

(As per the judgment date 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011) *(PublicInterest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate : **Abhishank Kumar, Ward No. - Kurmitola Dakshin, Mathurapur, Gram+Post-Khagaria**

Name of political party : JAN SURAJ PARTY

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : **STATE ASSEMBLY ELECTION**

*Name of Constituency : 148, Alauli (Sc) Constituency

I **Abhishank Kumar** (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and date | Status of Case(s) | Section (s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | In the court of Saurav Kumar (1st Class J.M) | 272 C/2024 | Before Cheque Evidence | Section (s) - 439 467/34 IPC A 27 Arm Act. |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of court & date (s) of order (s) | Description of offence (s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| 1. | None | None | None |

In the case of election no Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.



**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in newspapers, tv)*

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: : Rahul kumar singh
Vill+Post+P.s- Bheldi,Parsa,Saran-841402

Name of political party : Jan Suraaj Party

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : Genral Election of legislative Assembly of Bihar- 2025

*Name of Constituency : 120-Amnour

I Rahul kumar singh (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | J.M 1st class, Chapra | P.S Case No-194/2014 | | Section 341,323,353,384,504,506/34 I.P.C |
| 2 | J.M 1st Class, Chapra | P.S Case No-234/2018 | | Section 409,420 I.P.C |
| 3 | J.M 1st Class, Chapra | P.S Case No-308/2019 | | Section 341,342,504,506,385/34 I.P.C & 27 Arms Act |
| 4 | J.M 1st Class, Chapra | P.S Case No-36/2015 | | Section 341,323,379,504,506/34 I.P.C |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | Nil | Nil | Nil |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.



फार्मेट सी-1

(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : राम रतन सिंह पे.-स्व. बुलक सिंह, ग्राम+पो.-बिहट, थाना- FCI बिहट मकससपुर टोला, वार्ड-17, जिला-बेगूसराय पिन कोड-851135

राजनैतिक दल का नाम : कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखें)

निर्वाचन का नाम : बिहार विधानसभा

* निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 143 तेघड़ा

मैं राम रतन सिंह (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता/करती हूं:

| क्रम. सं. | लंबित आपराधिक मामले | | | अपराधिक मामलों के लिए दोष सिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | न्यायालय का नाम एवं आदेशों की तारीख | अपराध और (अपराधी) और अधिरोपित दंड का विवरण |
| 1. | श्रीमान एस.जी.एम. प्रथम बेगूसराय | बरौनी थाना कांड संख्या 295/2005 | 143, 341, 290, 134 भा.द.वि. | लागू नहीं होता है | लागू नहीं होता है |
| 2. | श्रीमान मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी बेगूसराय | बरौनी थाना कांड संख्या 486/2013 | 144, 149, 341, 323, 337,336, 426 भा.द.वि. | लागू नहीं होता है | लागू नहीं होता है |
| | लागू नहीं होता है | लागू नहीं होता है | लागू नहीं होता है | लागू नहीं होता है | लागू नहीं होता है |

'राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद् के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।


## एक नजर

### राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**पकरीबरावां**। प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कचना में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार सुमन, शिक्षक मिठमोहन कुमार, शिक्षिका बेबी कुमारी, रफत अंजुम एवं विद्यालय के बच्चों ने लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण किया। प्रधानाध्यापक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारत के एकता के शिल्पकार थे। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद देश को एकजुट का महत्वपूर्ण प्रयास किया। भारत की एकता और अखंडता को बनाये रखने के उनके योगदान काफी महत्वपूर्ण है। उनकी जयंती को चिन्हित करने के लिए इसे राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस बीच बच्चों के बीच सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित कराई गई।

### हंगामा करते तीन शराबी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज पुलिस ने डाकबंगला के पास नशे की हालत में हंगामा कर रहे तीन शराबियों को हिरासत में लेकर मंगलवार को उन्हें औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि नौआखाप निवासी अयोध्या पासवान और गोह थाना क्षेत्र के थानापुर निवासी उमेश पासवान को डाकबंगला के पास शराब के नशे में उपद्रव करते हुए पकड़ा गया। दोनों को नियंत्रित कर थाने लाया गया। वहीं, राजाविगहा निवासी जितेंद्र कुमार के खिलाफ उसकी मां दौलती देवी ने आवेदन देकर आरोप लगाया था कि वह नशे में घर पर हंगामा और मारपीट करता है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जितेंद्र को हिरासत में लिया। तीनों आरोपितों की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई, जिसमें शराब पीने की पुष्टि होने के बाद उन्हें आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई हेतु औरंगाबाद न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस ने कहा कि शराबबंदी कानून के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

### मनाई गई लौह पुरूष की जयंती

**नवादा**। नवादा जिला वरीय नागरिक संघ कार्यालय प्रांगण में वरीय नागरिकों द्वारा लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई। जयंती समारोह की अध्यक्षता वरीय नागरिक प्रमोद कुमार सिंह ने किया।जयंती कार्यक्रम का प्रारंभ सरदार पटेल की तस्वीर पर सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। उक्त अवसर पर वरीय नागरिक डॉ.सुबोध कुमार ने सरदार पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए बताया कि सरदार बल्लभ भाई पटेल लौह पुरुष थे। महान स्वतंत्रता सेनानी थे। सरदार पटेल देश के प्रथम गृहमंत्री थे। गृहमंत्री रहते उन्होंने राष्ट्र विकास के अनेकों काम किया।राष्ट्र के एकीकरण में इनका योगदान महत्वपूर्ण रहा है। अवध किशोर प्रसाद सिंह ने उन्हें राष्ट्र का सच्चा सपूत बताया।


फार्मेट-सी-1

**(अभ्यर्थियों के लिए समाचार-पत्रों, टी.वी. में प्रकाशन हेतु)**

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता : **रजनीश कुमार,** ग्राम-मेहदौली, पो.+थाना-भगवानपुर, जिला-बेगूसराय, पिन-851119

राजनैतिक दल का नाम : **भारतीय जनता पार्टी**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **143-तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र**

मैं **रजनीश कुमार** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

| (क) | लंबित आपराधिक मामले | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1 | श्री सितेश कुमार, प्रभारी प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी, तेघड़ा | परिवाद विचाराधीन संख्या 814/2019 | | 323/341/386/504 भा.द.वि. किसी व्यक्ति को मृत्यु या गंभीर चोट के भय में डालकर चोट पहुंचाना, शांति भंग करना और जान-बूझकर अपमान करना |
| 2 | सब जज सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, बेगूसराय | बेगूसराय टाउन थाना कांड संख्या 959/2022 | | 341/323/285/ 325/504/34 भा.द.वि. गंभीर चोट पहुंचाना, आग या ज्वलनशील पदार्थ के संबंध में गलत तरीके से प्रयोग करना, शांति भंग और अपमानित करना |

| (ख) | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश(शों) की तारीख (खें) | अपराध (धों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दंड |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |



**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

(डब्ल्यूपी (सिविल) संख्या 536/2011 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: **सुर्यकान्त पासवान** ग्राम- **सिमरी टोला कोयला मोहन पो0 सोनमा,भाया बखरी जिला-बेगूसराय**

राजनीतिक दल का नाम: **भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी** (निर्दलीय उम्मीदवार यहां स्वतंत्र लिखें)

चुनाव का नाम: **बिहार विधान सभा**

'निर्वाचन क्षेत्र का नाम: **147 बखरी विधान सभा (अ.जा)**

मैं **सुर्यकान्त पासवान** (उम्मीदवार का नाम), उपर्युक्त चुनाव के लिए एक उम्मीदवार, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिवित विवरण घोषित करता हूँ:

(ए) **लंबित आपराधिक मामले**

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम | मामला | स्थिति मामले (मामलों) का | संबंधित अधिनियमों की धाराएँ और संक्षिप्त अपराध(ओं) का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रेलवे थाना प्रथम | हसनपुर इत्तला रिपोर्ट संख्या-245-15/12/2009 | न्यालय में लंबित | |
| 2. | रेलवे प्रथम श्रेणी समस्तीपुर | दंडाधिकारी | | 174क/156 रेलवे एक्ट |

(बी) आपराधिक अपराधों के लिए दोषसिद्धि के मामलों का विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश की तिथि | अपराध(ओं) का विवरण एवं दी गई सजा | अधिकतम लगाई गई सजा |
|---|---|---|---|
| | | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्य सभा के लिए चुनाव या विधायकों द्वारा विधान परिषद के लिए चुनाव के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित चुनाव का उल्लेव करें।

# रफीगंज पुलिस ने 'एकता दौड़' के माध्यम से दिया समरसता का संदेश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रफीगंज थाना द्वारा "एकता दौड़" का आयोजन किया गया। देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को मजबूत बनाने तथा समाज में समरसता का संदेश फैलाने हेतु आयोजित यह दौड़ सोमवार सुबह 8 बजे बस स्टैंड से शुरू हुई, जो कासमा रोड पेट्रोल पंप होते हुए थाना परिसर में समाप्त हुई। दौड़ में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, रफीगंज थाना के अधिकारी, पुलिस बल एवं विशेष सशस्त्र बल के जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य समाज में राष्ट्रीय एकता, सामंजस्य और देशहित की भावना को और अधिक सशक्त बनाना था। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर सुबह 11 बजे थाना परिसर में शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किया गया। प्रतिभागियों को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में राष्ट्रीय एकता शपथ की प्रति उपलब्ध कराई गई। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि जिला मुख्यालय के निर्देश पर राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने के संकल्प के साथ यह दौड़ आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि सभी पुलिसकर्मियों को यह शपथ दिलाई गई कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए सदैव समर्पित रहेंगे और समाज में इस संदेश को फैलाने का निरंतर प्रयास करेंगे। इस कार्यक्रम में थानाध्यक्ष शंभू कुमार, एसआई कुशो कुमार, पप्पू कुमार, ध्रुव कुमार, मिथलेश कुमार, बबनजीत कुमार के साथ जनप्रतिनिधि सुबोध सिंह और शुभम सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## एससी-एसटी मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के एससी-एसटी टोला में मतदाताओं को मतदान के महत्व से अवगत कराने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान कल्याण विभाग के निर्देश पर विकास मित्र और शिक्षा सेवकों की टीम द्वारा संचालित किया जा रहा है। पीरू, पुरहारा, हसपुरा, ईटवां, डुमरा, डिण्डीर, अहियापुर और टाल पंचायतों के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति बस्तियों में जाकर टीम ने लोगों को लोकतंत्र में वोट की भूमिका और उसकी अनिवार्यता समझाई। अभियान में शामिल मुनी कुमारी, कुसुम कुमारी, शिवशंकर राम, दिलीप कुमार, प्रकाश चौधरी, बिलास कुमार, सुजाता कुमारी, प्रियंका कुमारी, विदेशी चौधरी, ललन चौधरी सहित अन्य कर्मियों ने ग्रामीणों से अपील की कि "पहले मतदान, फिर जलपान" मिशन को अपनाते हुए मतदान के दिन हर हाल में अपने घर पहुंचकर वोट जरूर करें। कर्मियों ने यह भी बताया कि मतदान के दौरान किसी तरह की समस्या या व्यवधान उत्पन्न होने पर तुरंत प्रखंड कार्यालय स्थित नियंत्रण कक्ष को सूचित करें, ताकि समय पर कार्रवाई हो सके। अभियान का उद्देश्य आगामी चुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करना और वंचित समुदायों में लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# आज धूमधाम से मनाई जाएगी देवउठनी एकादशी

## जेठान के रूप में भी इसका है महत्व

**डॉ रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो**



**जहानाबाद**। कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को जेठान पर्व के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व प्रदेश भर में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन गन्ने की खरीदारी जमकर होती है। जेठान के दिन मुख्य रूप से ईख को कूलदेवता को अर्पित करने के पश्चात प्रसाद स्वरूप गन्ना चूसने की परंपरा होती है। इस दिन को देवोत्थान या देवउठनी एकादशी के रुप में भी मनाया जाता है।जेठान पर्व मनाए जाने को लेकर कई कथाएं प्रचलित है। उसमें से एक कथा यह प्रचलित है कि- मगध की राजधानी राजगिरी में उस समय के महाराजा वृहद्रथ थे। उनका विवाह काशी नरेश की दो सुंदर सुशील कन्याओं से हुआ था। मगध नरेश ने काशी नरेश को तब यह वचन दिया था कि वह अपने दोनों पत्नियों को बिना किसी भेदभाव के समान रूप से प्रेम करेंगे लेकिन संयोगवश वृद्धावस्था तक उनकी कोई संतान नहीं हुई। संतान और उत्तराधिकारी के शोक के कारण राजा अपना राजपाट त्याग करने और सन्यास लेने के लिए विचार को लेकर जंगल की ओर कूच कर गए। जंगल में उन्हें महात्मा चंद कौशिक मिले जो शिव के बहुत बड़े भक्त थे।उन्होंने राजा को आम का एक फल दिया जो उस समय दुर्लभ था, साथ ही उन्होंने राजा को अपने राज्य में लौटने का भी निर्देश दिया। राजा राज्य लौटकर आधा-आधा आम का फल दोनों पत्नियों को खिलाएं जिससे आधे आधे बच्चे के रूप में दो बालक जन्म लिया बाद में वन देवी उन दोनों बच्चों को एक साथ जोड़ दी। इसलिए उस बालक का नाम जरासंध पड़ा। जरासंध का जन्म दिवस को बडे धूमधाम से मनाया गया जिसे ज्योत्स्थान का नाम दिया गया और उस दिन से वन देवी की पूजा की जाने लगी, बाद में यही जेठान कहलाया। इस बात की चर्चा वायु पुराण के चतुर्थ राजगीर महामात्य में अंकित है।

देवउठनी एकादशी के बारे में कथा प्रचलित है कि भगवान विष्णु आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी को 4 माह के लिए सो जाते हैं और कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी को जागते हैं इसलिए इस दिवस को देवउठनी एकादशी कहा जाता है। इसे देवोत्थान एकादशी भी कहते हैं।

**देवउठनी एकादशी का महत्व**

कहा जाता है कि इन 4 महीनों में भगवान विष्णु के क्षीर सागर में शयन के कारण समस्त मांगलिक कार्य वर्जित होते हैं। जब भगवान विष्णु कार्तिक शुक्ल पक्ष एकादशी को निद्रा से जागते हैं, तभी से कोई मांगलिक कार्य संपन्न हो पाता है। इस दिन उपवास रखने का विशेष महत्व है। कहते हैं इससे मोक्ष की प्राप्ति होती है।देवउठनी एकादशी के दिन व्रत रखने का भी परंपरा है।इस दिन निर्जल या केवल जलीय पदार्थों का सेवन करके उपवास रखना चाहिए। माना जाता है कि अगर व्यक्ति वृद्ध हो या रोगी अथवा बालक हो तो वह कमसे कम एक पहर का ही उपवास रखे। इस दिन तामसिक आहार का बिल्कुल सेवन नहीं करना चाहिए।इस दिन जल या ईख का सेवन कर एकादशी व्रत का उपवास रखना,फलदाई और कल्याणकारी माना जाता है।

# लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर श्रद्धांजलि, एकता और अखंडता के संदेश को किया याद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती हसपुरा स्थित पटेल चौक पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. रणविजय कुमार ने पटेल जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और कहा कि "सरदार पटेल केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार थे। उन्होंने देश को एकता और अखंडता का जो सूत्र दिया, वही भारत की मजबूती का आधार बना। यदि वे आज जीवित होते तो देश का स्वरूप और भी सशक्त होता।" जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता पटेल सेवा संघ के प्रियदर्शी महिपाल राव चौहान ने की। उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. रणविजय कुमार, हृदयानंद सिंह, डॉ. रामजतन सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, रामजीत सिंह, देवनारायण यादव, विनोद सिन्हा, राजेंद्र सिंह और देवेंद्र सिंह ने सरदार पटेल के जीवन और योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि देश की 564 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण करने में सरदार पटेल की भूमिका को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

# रफीगंज में छठ घाट पर सम्मान समारोह आयोजित

## प्रमोद सिंह ने कहा—छठ प्रकृति और आस्था का अद्भुत संगम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। धावा नदी के छठ घाट पर आजाद वीर संघ द्वारा स्वागत-सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनडीए प्रत्याशी प्रमोद सिंह को संघ के अशोक प्रसाद और सुरेश प्रजापति ने अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रमोद सिंह ने कहा कि छठ पर्व आस्था का महान उत्सव है, जिसमें सूर्योपासना के साथ प्रकृति की पूजा होती है। उन्होंने इस पावन पर्व को सामाजिक एकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेशवाहक बताया।

सिंह ने उपस्थित लोगों से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील करते हुए कहा कि मतदान हर नागरिक का सबसे बड़ा अधिकार और कर्तव्य है। साथ ही उन्होंने केंद्र तथा बिहार सरकार की चल रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी। कार्यक्रम में भाजपा नेता दीनानाथ विश्वकर्मा, संतोष साव, बल्लू सिंह, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, वैश्य समाज के प्रखंड संयोजक शंकर शौंडिक, हरेंद्र सिंह, आशुतोष मिश्र सहित संघ के अध्यक्ष मंटू कुमार, उपाध्यक्ष अंकेश कुमार, सचिव सुनील कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष सुरेश प्रजापति समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर अमरेंद्र कुमार, जितेंद्र विश्वकर्मा, अनिल कुमार गौतम, सुनील मिस्त्री, सरोज कुमार, लक्ष्मी विश्वकर्मा, राकेश कुमार शर्मा, रणजीत कुमार शर्मा, रमेश कुमार, धनराज विश्वकर्मा, उमेश कुमार, मनोज लाल खत्री, संकेत कुमार, आलोक चौरसिया, बिरजू प्रसाद गुप्ता, सौरभ कुमार, नंदन सिंह, आलोक चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद थे। भोजपुरी गायक अंकित कुमार सिंह चंद्रवंशी की उपस्थिति ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा।

# श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर इप्टाकर्मी वीरेंद्र को किया गया याद

**कौआकोल/नबिटा संवाददाता**। प्रखण्ड के पाण्डेयगंगौट गांव में शुक्रवार को जिला के विभिन्न कलाकारों ने जनकलाकार और समाजसेवी वीरेंद्र सिंह उर्फ वीरो दा के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इप्टा के बैनर तले आयोजित शोक सभा की अध्यक्षता वकील उमाकांत सिंह ने किया। शोक सभा को संबोधित करते हुए बिहार इप्टा के उपाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि पांडेयगंगौट की धरती शांति- मैत्री- सद्भाव की धरती रही है। जहां वीरेंद्र सिंह जैसे समाजसेवक ने जन्म लेकर भाईचारे का संदेश दिया।

# विभिन्न मामलों में पांच लोग गिरफ्तार

**पकरीबरावां/नबिटा संवाददाता**। पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि मारपीट के आरोप में छतरवार गांव के अशोक चौरसिया एवं अनिल चौरसिया को गिरफ्तार किया गया है। सुदनपुर गांव से जमीन के मामले में लखन यादव एवं अशोक यादव को गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह पिण्डपडवा गांव के विजय चौहान को शराब के मामले में गिरफ्तार किया गया है।


# आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(डब्ल्यूपी (सिविल) संख्या 536/2011 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: **शिव प्रकाश गरीब दास** ग्राम- **उसीचक पो0 संजात भगवानपुर जिला-बेगूसराय**



राजनीतिक दल का नाम: **भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस**(निर्दलीय उम्मीदवार यहां स्वतंत्र लिखें)

चुनाव का नाम: **बिहार विधान सभा**

'निर्वाचन क्षेत्र का नाम: **142 बछवाड़ा विधान सभा**

मैं **शिव प्रकाश गरीब दास**(उम्मीदवार का नाम), उपर्युक्त चुनाव के लिए एक उम्मीदवार, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिवित विवरण घोषित करता हूँ:

**सारणी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क. | संबध्द पुलिस थाने के नाम और पते के साथ प्रथम इत्तिला रिपोर्ट सं- | भगवानपुर<br>भगवानपुर<br>बछवाड़ा<br>मंसुरचक<br>बुद्धा कॉलोनी पटना<br>बुद्धा कॉलोनी पटना | बेगूसराय<br>बेगूसराय<br>बेगूसराय<br>बेगूसराय<br>पटना | 237/2020<br>209/2020<br>210/2020<br>94/2020<br>236/2020<br>341/24 |
| ख. | न्यायालय के नाम के साथ मामला सं0 | ऐ.सी.जे एम.<br>राकेश कुमार एवं ऐ.सी.जी.एम<br>ऐ.सी.जे एम.<br>सी.जी.एम<br>ऐ.डी.जे 34 | तेघड़ा<br><br>तेघड़ा<br>तेघड़ा<br>पटना | 237/24<br>209/20<br>210/20<br>256/20<br>241/24 |
| ग. | अंतर्वलित संबध्द अधिनियमों/संहिताओं कीधाराएं(धारा की सं.दें अर्थात भारतीय दंड संहिता,आदि कीधारा.. | 171(H)188,269,27D,271IPC<br>188,269,271,IPC<br>171(H)188,341,323,353,269,270/34SPL<br>171(H)188,341,323,353,269,270/34SPL<br>191(2) 190D 115 (2) 123A , 152, 121<br>(i323 B.N.S | बेगुसराय | |
| घ. | अपराध का संक्षिप्त विवरण | आचार संहिता का उलंघन | सरकारी कार्य में बाधा | साधारण उलंघन एवं अन्य |
| ड. | क्या आरोप विरचित किए गए हैं(हां या नहीं का उल्लेख करे। | नहीं | नहीं | नहीं |
| च. | दि उपर्युक्त मद(ड)के सामने उत्तर हां है,तो यह तारीख दे,जिसको आरोप विरचित किए गए थे। | शुन्य | शुन्य | शुन्य |
| छ. | क्या कार्यवाहियों के विरुध्द कोई अपील/पुनरीक्षण के लिए आवेदन फाईल किया गया है(हांया नहीं का उल्लेख करें) | शुन्य | शुन्य | शुन्य |

**सारणी**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क. | मामला संख्यांक | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| ख. | न्यायालय का नाम | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| ग. | अंनर्वतिल अधिनियमों/संहिताओं की धाराएं(धारा की सं.दे) | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्य सभा के लिए चुनाव या विधायकों द्वारा विधान परिषद के लिए चुनाव के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित चुनाव का उल्लेव करें।


# हसपुरा में आधार सेवा केंद्र पिछले चार महीनों से बंद, नामांकन और प्रमाण पत्र कार्य ठप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। प्रखंड परिसर स्थित आधार सेवा केंद्र पिछले जुलाई माह से बंद पड़ा है, जिससे लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। प्रतिदिन दर्जनों अभिभावक अपने छोटे बच्चों के साथ केंद्र पहुंचते हैं, लेकिन केंद्र बंद होने के कारण उन्हें मायूस होकर वापस लौटना पड़ता है। सबसे अधिक दिक्कत उन परिवारों को हो रही है जिनके बच्चों का स्कूल में नामांकन या जन्म प्रमाणपत्र के लिए आधार अनिवार्य है। धुसरी गांव की देवकली देवी, तिलकपुरा की चन्द्रावती देवी और फतेहपुर की सोनझरी देवी ने बताया कि वे कई दिनों से ब्लॉक का चक्कर लगा रही हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि बच्चों का आधार कार्ड कब बनेगा। उनके अनुसार, आधार के अभाव में स्कूल में नामांकन भी लंबित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ब्लॉक कैंपस में आधार सेवा केंद्र पूरी तरह बंद है, जबकि बाहर केवल अपडेट का सीमित कार्य हो रहा है, जिसमें भी काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सूत्रों के अनुसार, डेटा अपडेट और वेरिफिकेशन प्रक्रिया के नाम पर पूरे सिस्टम को बंद कर दिया गया है। चर्चा है कि आधार सेवा केंद्र जल्द ही बाल विकास परियोजना कार्यालय में स्थानांतरित होकर फिर से शुरू हो सकता है, लेकिन इसके खुलने की स्पष्ट तिथि अब तक सामने नहीं आई है।

# गोगो गांव जाने वाली कच्ची सड़क से ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के ठेंगों पंचायत के उतरी व दक्षिणी गोगो गांव में ग्रामीणों को पक्की सड़क नसीब नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण कच्ची सड़क से होकर गुजरने को विवश हैं। गांव में पक्की सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। खासकर बारिश के दिनों में परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है। जब कोई बीमार पड़ता है तो उसे खाट पर टांग कर डेढ़ से दो किलोमीटर दूर मुख्य मार्ग तक ले जाते हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। कच्ची सड़क होने के कारण विद्यालय की बस भी गांव तक नहीं आती है। जिसके कारण बच्चों को प्रतिदिन डेढ़ से दो किलोमीटर की पैदल चलकर विद्यालय जाना पड़ता है। कई बार सड़क की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से मांग की परंतु उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। ग्रामीणों की माने तो उनके इलाके में गोगो से बदल बिगहा पांच किमी, कोईरीडीह मेन रोड से नोनिया बिगहा दो किमी और राटा बिगहा से लक्ष्मीपुर दो किमी जाने वाली सड़क आजादी के बाद से आजतक नहीं बनी है। तीनों सड़के आज भी कच्ची है, जिससे 10 से 12 हजार की आबादी प्रभावित है। जब वर्षा होती है तो सड़कें तालाब में तब्दिल हो जाती है। इतना होने के बावजूद भी अधिकारियों का ध्यान सड़क निर्माण के प्रति नहीं है।

# सीताथापा पहाड़ पर स्थापित हैं प्राचीन काल की दिव्य मूर्तियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले से 29 किलोमीटर दूर मदनपुर प्रखंड के जीटी रोड से दक्षिण तरफर लगभग ढाई किलोमीटर की दूरी पर नीमा गांव के पास स्थित सीताथापा पहाड़ है। पहाड़ पर नववर्ष में अपने परिवार के साथ पिकनिक का आनंद लेने लोग पहुंचते हैं। यहां पिकनिक मनाने का आनंद ही कुछ और है परंतु असुरक्षा और अव्यवस्थाओं के कारण लोग यहां जाने से दर्शनाथी कतराते हैं। वहीं पहाड़ पर प्राचीन काल से स्थापित कई दिव्य मूर्तियां भी है। यहां का इतिहास करीब 17 हजार वर्ष पुराना है। पहाड़ पर प्राचीन काल से स्थापित दिव्य मूर्तियां हैं। पुजारी दशरथ दास नागा के अनुसार जब त्रेता युग में भगवान श्रीराम वनवास के समय अपने पिता राजा दशरथ के निधन के बाद भगवान राम गया जी पिंड दान करने जा रहे थे तो इस स्थल पर पहुंचे थे। भगवान राम के साथ सीता रथ से गया जी जा रही थी। जब भगवान यहां लेकर पहुंचे तो रथ का पहिया जमीन में धंस गया था तब मां सीता ने अपने हाथ से रथ के पहिया को सहारा दिया था। आज भी रथ के पहिए के निशान पहाड़ की चटानों पर दिखती है। बताया कि पहाड़ पर भगवान विष्णु के सभी अवतार की प्रतिमाएं है। मंदिर के सभी तरफ आकर्षक दृश्य देखने को मिलते है। बता दें कि त्रेतायुग में नैमिष ऋषि इस स्थल पर वर्षो तब तपस्या किए थे। इनके तपस्या को देखकर राम, लक्ष्मण और मां सीता काफी प्रसन्न हुए थ्े। पहाड़ पर माता सीता ने प्रसन्न होकर स्मृति चिह्न के लिए अपने हाथ का छाप चSIन पर छोड़े थे। मां सीता के हाथ के छाप आज भी पहाड़ पर देखने को मिलते है। तभी से इस स्थल का नाम सीता थापा पड़ गया। वहीं पहाड़ के नीचे एक कुआं है। जिसका पानी दूध की तरह उजला है और पीने में मिठा लगता है। कुआं से स्वतः पानी निकलता रहता है। कुआं कभी भी नहीं सुखता है। कुआं के पास में ही एक तालाब है जिसका पानी सामान्य है। सीताकुंड की खासियत यह है कि गर्मी के मौसम में भी नहीं सूखता है। स्थानीय ग्रामीण राजू यादव, रवि सिह का मानना है कि सीताकुंड का पानी पीने एवं स्नान करने से कुष्ठ जैसी बीमारी ठीक होती है। जो भी लोग इसमे अपमान करते हैं उनका चर्म रोग भी ठीक हो जाता है।

**पहाड़ पर सुविधाओं का है अभाव**

सीताथापा पहाड़ पर सुविधाओं का अभाव है। यहां तक की रात्रि भी उक्त स्थल पर पहुंचने में भय लगता है। इस स्थल पर जाने वाली सड़क की स्थिति भी काफी बदहाल हो गई है। सड़क के कई जगहों पर गड्ढें उभर आए हैं। बताया जाता है कि जिन श्रद्धालुओं के द्वारा यहां मांगी गई मुरादे पूरी होती है तो उनके द्वारा इस स्थल पर अपने निजी पैसे से पेयजल व रौशनी की व्यवस्था की गई है।

# रिजर्व इवीएम कमीशनिंग का कार्य पूरा

## उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों के समक्ष वोट डालकर हुआ मॉक पोल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी विधानसभा चुनाव को लेकर 443 मतदान केंद्रों के लिए गुरुवार को ईवीएम कमिशनींग कार्य संपन्न होने के बाद शुक्रवार को रिजर्व 20% ईवीएम और 30% वीवीपैट की कमिशनींग की गई, उसके उम्मीदवार के प्रतिनिधियों के द्वारा रैंडमली ईवीएम मे मॉक पोल कराया गया। बहरहाल चुनाव को लेकर ईवीएम कमीशनिंग का कार्य देर शाम तक पूरा कर लिया गया। ईवीएम कमीशनिंग के दौरान निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम अभिषेक कुमार, भुमि सुधार उपसमाहर्ता कोमल किरण, लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सोनाली, बीडीओ प्रभाकर कुमार, अनुमंडल कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार सहित अन्य कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इस बाबत एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी जोर शोर से चल रही है। इस दौरान शुक्रवार को ईवीएम कमीशनिंग का कार्य पूरा किया गया। वहीं, मॉक ड्रिल के दौरान सभी उम्मीदवार के सामने उनको 5-5 वोट डाल कर देखा गया,उसके बाद ईवीएम मे हर एक उम्मीदवार के बटन पर 100 वोट डाल कर यानी कुल 1000 वोट डाल कर ईवीएम को फाईनली सिलींग की गई। इस दौरान सभी उम्मीदवारों के सामने उनके चुनाव सिंह के सामने बटन दबाकर उन्हें वोट देकर ईवीएम को चेक किया गया तथा उनके सामने ही ईवीएम खोला गया और उनके सामने ही ईवीएम सील कर दिया गया। ईवीएम कमीशनिंग के दौरान उम्मीदवारों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जीविका दीदियों ने चलाया जागरूकता अभियान

**मसौढ़ी।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 को सफल, निष्पक्ष और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मसौढ़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में शुक्रवार को लहसुना थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष खुशबू एवं जीविका दीदियों ने लोगों को मतदान के महत्व और लोकतंत्र में उनकी भूमिका की जानकारी दी. मतदाताओं को कहा कि निष्पक्ष और समय पर मतदान करना लोकतंत्र की मजबूत नींव है. अभियान में सभी आयु वर्ग के नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी दिखायी. जीविका दीदियों ने घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता संदेश पहुंचाए.थानाध्यक्ष खुशबू खातुन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के अभियान मतदाता सहभागिता बढ़ाने और मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन ने भी इस अभियान में सहयोग प्रदान अभियान के तहत जीविका समूहों की महिलाएं गांव-गांव जाकर घर-घर मतदान अवश्य करें का संदेश दे रही है। वे नुक्कड़ सभाओं, रैलियों और सामुदायिक बैठकों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक कर रही हैं कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मत का अमूल्य योगदान है। थानाध्यक्ष खुशबू ने कहा की महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ लोकतांत्रिक भागीदारी को भी सशक्त कर रही है।

# घर-घर मतदाता पर्ची पहुंचाने में जुटे बीएलओ

### शत-प्रतिशत पर्ची पहुंचाने का लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पहले चरण में छह नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के मतदान को लेकर निर्वाचन से संबंधित मसौढी विधानसभा क्षेत्र में तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। इसी क्रम में मसौढ़ी और धनरूआ प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के बूथों पर मतदाता पर्ची वितरण का कार्य जोर-शोर से शुरू हो गया है। बीएलओ लगातार अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं को पर्ची उपलब्ध करा रहे हैं ताकि प्रत्येक मतदाता को मतदान केंद्र, क्रम संख्या और मतदान तिथि की सटीक जानकारी मिल सके। प्रखंड क्षेत्र के सभी बूथों पर मतदाता पर्ची वितरण का कार्य तेजी से चल रहा है। बीएलओ को संबंधित पर्यवेक्षकों की देखरेख में कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया है। अनुमंडल प्रशासन की ओर से बताया गया कि जिन मतदाताओं को अभी तक पर्ची नहीं मिली है, उन्हें शीघ्र ही उपलब्ध करा दी जाएगी। मसौढ़ी बीडीओ प्रभाकर कुमार, एवं धनरूआ बीडीओ सीमा कुमारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। प्रत्येक बूथ स्तर पर निगरानी टीम तैनात है। वही मसौढ़ी विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देशानुसार यह अभियान 20 अक्टूबर से शुरू हो चुका है, जिसे मतदान की तिथि से पांच दिन पहले तक पूरा कर लिया जाएगा. जिले में कुल 443 बीएलओ तैनात किए गए हैं, जिन्हें 3,26,604 मतदाताओं तक यह पर्ची पहुंचानी है। इस हिसाब से प्रत्येक बीएलओ को मतदाता पर्चियां 15 दिनों के अंदर वितरित करनी होंगी. बीएलओ के रूप में शिक्षक, आंगनवाड़ी सेविका-सहायिका तथा अन्य सरकारी कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है, फिलहाल 55% मतदाता पर्ची का वितरण हो चुका है।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 690 करोड़ के लेन-देन के साथ नए कर्जदारों को डिजिटल बैंकिंग से जोड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के माइक्रोबैंकिंग ग्राहकों के लिए विशेष रूप से समर्पित मोबाइल बैंकिंग प्लेटफॉर्म, हेलो उज्जीवन ऐप ने अपनी शुरुआत के बाद से अब तक 690 करोड़ रुपए से अधिक के वित्तीय लेन-देन की सुविधा प्रदान की है। यह ऐप मुख्य रूप से समूह तथा व्यक्तिगत ऋण लेने वाले माइक्रोफाइनेंस ग्राहकों के लिए बनाया गया है, जिनमें से अधिकांश पहली बार डिजिटल बैंकिंग का उपयोग कर रहे हैं और यह वित्तीय बहिष्करण तथा आर्थिक सशक्तिकरण के बीच उल्लेखनीय कड़ी बन गया है। हेलो उज्जीवन ने 13 लाख से अधिक डाउनलोड के साथ, अपने माइक्रोबैंकिंग उपयोगकर्ताओं के बीच गहरी भागीदारी हासिल की है, जिनमें से 98 प्रतिशत महिलाएँ हैं। इस ऐप ने 277 करोड़ रुपए के ऋण भुगतान, सावधि और आवर्ती जमा खातों के माध्यम से 358 करोड़ रुपए जमा, व्यक्तिगत ऋण वितरण में 34 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की है और2.4 करोड़ रुपए मूल्य की 36,000 से अधिक हॉस्पिकेयर बीमा खरीदारी को सुगम बनाया है। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक में सूक्ष्म बैंकिंग और स्वर्ण ऋण के प्रमुख, विभास चंद्रा ने ऐप के प्रभाव पर अपनी टिप्पणी में कहा, हेलो उज्जीवन को अपनाना हमारे माइक्रोबैंकिंग ग्राहकों के लिए वास्तविक वित्तीय सशक्तिकरण का प्रतीक है।

## टीसीआई ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में मजबूत वृद्धि दर्ज की

**पटना।** ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआई), जो भारत की अग्रणी एकीकृत मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन सॉल्यूशन्स प्रदाता कंपनी है, ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही के प्रमुख वित्तीय अंश राजस्वः 12,174 मिलियन, जो पिछले वर्ष की समान अवधि (?11,314 मिलियन) की तुलना में 8% वृद्धि दर्शाता है। एबिट्डा (ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय): 1,624 मिलियन, जो पिछले वर्ष के ?1,519 मिलियन की तुलना में 7% की वृद्धि है। पीएटी (करोत्तर लाभ): 1,135 मिलियन, जो पिछले वर्ष के ?1,073 मिलियन की तुलना में 6% की वृद्धि है। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री विनीत अग्रवाल ने कहा, हमें दूसरी तिमाही में स्थिर प्रदर्शन की रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है, जो ऑटो, एफएमसीजी और उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं में मजबूत माँग से प्रेरित है जो हमारी रणनीति, परिचालन दक्षता और प्रभावी कार्यान्वयन की मजबूती को दर्शाता है। सभी उत्पाद खंडों/डिवीजन्स ने संतोषजनक प्रदर्शन किया है।

## आरोपित का घर हुआ कुर्क

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लहसुना थाना क्षेत्र के चांदचक गांव में शुक्रवार को लहसुन ना थानाध्यक्ष खुशबू खातून के नेतृत्व में दहेज हत्याकांड में फरार चल रहे आरोपी बिहारी यादव के घर पर पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई की है। इस मामले में लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि लहसुना थाना कांड संख्या-597/23 दहेज हत्या के प्राथमिकी अभियुक्त बिहारी यादव के विरुद्ध नियुक्त मजिस्ट्रेट रंजीत कुमार के समक्ष विधिवत कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई। इस पूरे मामले में चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें दो लोगों की गिरफ्तारी पहले ही कर ली गई थी।

# कोर्ट कैंपस के बाहर बना रण क्षेत्र, जमकर चले ईंट पत्थर, दो महिला समेत चार जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सिविल कोर्ट मसौढी के कोर्ट कैंपस के बाहर शुक्रवार की दोपहर उस वक्त रणक्षेत्र में तब्दील हो गया, जब एक परिवादी अपने परिवाद में गवाही देने के लिए मसौढ़ी कोर्ट पहुंचा था, बयान दर्ज करने के बाद जैसे ही कोर्ट कैंपस से बाहर निकला इस वक्त उसके विपक्षी गुट के लोगों ने ईट पत्थर चलाना शुरु कर दिए जिसमें दो महिला समेत चार लोग गंभीर रूप में जख्मी हो गए हैं। इस घटना को देख कोर्ट कैंपस में सुरक्षाकर्मी पहुंचे और स्थिति को संभाला। इस पूरे मामले में पीड़ित बिरजू साव पिता स्वर्गीय बासु साव बेलबराल गंज गुलजारबाग ने मसौढी थाने में तीन लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी की दर्ज करने की आवेदन देकर गुहार लगाया है। पीड़ित बिरजू साव ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर 1:00 बजे मसौढी न्यायालय में अपना बयान दर्ज कर बाहर निकल रहे थे जैसे ही कोर्ट कैंपस से बाहर निकले तो मधु कुमारी पति राजकुमार साव, विमला देवी पति स्वर्गीय सत्यनारायण साव दोनों भभौल पिपरा थाना के रहने वाले हैं उनके साथ दो और व्यक्ति थे जो ईट पत्थर चला कर जानलेवा हमला किया। जिसमें हमारी पत्नी सविता देवी, कंचन देवी पति पिंटू साव, पिंटू साहब पिता स्वर्गीय सत्यदेव साव, रंजन साव पिता बिरजू साव के अलावा हमारे अधिवक्ता राजेश कुमार भी जख्मी हो गए हैं ।उनके कपड़े भी फट गए हैं बहरहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

## भगवानगंज में देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस के साथ दो युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** भगवानगंज थाना क्षेत्र के समस्तीचक गांव के समीप पुलिस ने एक देशी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इस पूरे मामले में एएसपी कोमल मीणा ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करते हुए बताया कि बिते 30.10.25 को समय करीब दोपहर दो बजे थानाध्यक्ष, भगवानगंज थाना को सूचना प्राप्त हुई कि दो युवक ग्राम समस्तीचक से भगवानगंज की ओर पैदल अवैध हथियार लेकर जा रहे है। उक्त सूचना के सत्यापन में पु0अ0नि0 नवनीत कुमार को दल बल के साथ भेजा गया। इस दौरान समस्तीचक स्कूल के निकट पुलिस वाहन को देखकर दो व्यक्ति भागने लगे। शंका के आधार पर उक्त दोनों व्यक्तियों को पुलिस बल के सहयोग से खदेडकर पकड़ा गया, जिसकी विधिवत तलाशी लिये जाने पर 01. बागेश मांझी उम्र 30 वर्ष पे0 शंकर मांझी, ग्राम समस्तीचक, थाना-भगवानगंज, जिला-पटना के कमर से एक देशी कट्टा तथा 02. दुर्गा कुमार उम्र 25 वर्ष पे0 विजय पासवान, ग्राम थाना-भगवानगंज, के पहने हुए जीस के दाहिने पॉकेट से दो जींदा कारतूस बरामद हुआ है। उक्त दोनों के द्वारा एक और व्यक्ति का नाम बताया गया है, जिसपर अनुसंधान जारी है। इस संबंध में भगवानगंज थाना कांड सं0-190/25, दिनांक-30.10.25. धारा-25(1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों एवं अन्य एक नामजद के विरूद्ध दर्ज किया गया है।

## रक्सौल और सीतामढ़ी से 15 लाख की नशीली दवा के साथ तीन गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चुनाव को लेकर गुरुवार को चलाए गए छापेमारी अभियान के तहत रक्सौल डीएसपी मनीष आनंद के नेतृत्व में रक्सौल व सीतामढ़ी से 21 कार्टन में लगभग 2610 बोतल ऑनरेक्स नामक कफ सिरप बरामद की गयी है। जिसकी कीमत 15 लाख रुपये बतायी गयी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें एक आरोपी रक्सौल के कोईरिया टोला वार्ड नंबर 25 का निवासी सुरेंद्र सिंह के मकान में रह रहे कुणाल कुमार के पास से 83 पीस दवा बरामद हुई। गिरफ्तार कुणाल के निशानदेही पर बैरगनिया सीतामढ़ी के सतवहिया के सौरभ कुमार व डुमरबाना के छोटकू पासवान को गिरफ्तार किया गया। डीएसपी मनीष आनंद ने बताया कि ऑनरेक्स कफ सिरप का दुरुपयोग नशे के रूप में किया जाता है। यह युवाओं के बीच नशे का नया जरिया बन चुका है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है ताकि इस नेटवर्क के पीछे सक्रिय गिरोह का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस तरह की अवैध गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

**कोटवा में बैंक के बाहर से बाइक की चोरी :** कोटवा (पूर्वी चंपारण)। थाना क्षेत्र के कोटवा बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक परिसर से शुक्रवार करीब 11:40 बजे एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पीड़ित गगन देव सहनी, पिता रामाधार सहनी, वार्ड संख्या-10, ग्राम कोटवा निवासी ने बताया कि वे पैसे निकालने बैंक पहुंचे थे इसी दौरान अज्ञात चोर उनकी बाइक लेकर फरार हो गए।


Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान सभा

Name of State/UT : बिहार

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
| 1. | 208 सासाराम | सत्येन्द्र साह | न्यायालय मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी सासारमा, सासाराम (नगर) थाना काण्ड सं. 259/2020, जीआर नं. 703/2020 | धारा - 309 भा.द.वि. एवं 27 शस्त्र अधि०, आत्महत्या के प्रयास एवं गोला बारूद रखना | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | 208 सासाराम | सत्येन्द्र साह | न्यायालय सब जज VI सासाराम (मु.), सासाराम (मु.) थाना काण्ड सं. 1008/2010, जी.आर. नं. 5076/2016 | धारा-144, 188, 341, 504, 171 (A) भा.द.वि. एवं 35RI Act, घातक हथियार से लैश एवं लोक सेवक द्वारा बातों का अवहैलना | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3. | 208 सासाराम | सत्येन्द्र साह | गढ़वा मुख्य न्या० दण्डाधिकारी गढ़वा, गढ़वा थाना काण्ड सं. 320/2004 गढ़वा, CNR. JHGW 01-001 009-2023 | धारा - 395, 397, 120 (B) भा.द.वि., डकैती या लूट जैसा अपराध करना, घातक हथियार का उपयोग। | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

Format C-2

(For political party to publish in website, newspaper, TV)

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.***

Name of Political Party : राष्ट्रीय जनता दल

*Name of the Election : बिहार विधान सभा

Name of State/UT : बिहार

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
| 1. | 237 नवादा | कौशल यादव | अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी - नम्बर - 1, व्यवहार न्यायालय, नवादा, नरहट थाना, जिला - नवादा, प्राथमिकी संख्या-47/2009, जी. आर. संख्या 637/09, ट्रायल संख्या - 2226/14 | धारा - 188 भा.द.वि., आचार संहिता का उलंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | 237 नवादा | कौशल यादव | अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी - नम्बर - 1, व्यवहार न्यायालय, नवादा, नवादा थाना, जिला - नवादा, प्राथमिकी संख्या-227/2006, जी. आर. संख्या 1136/06, सी.आई.एस. संख्या - 15528/15 | धारा-420, 467, 468, 471, 120 (वी) भा.द.वि., बालू घाट से संबंधित धोखाधड़ी वाद | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3. | 237 नवादा | कौशल यादव | न्यायिक दण्डाधिकारी - प्रथम श्रेणी न्यायालय, नवादा, नवादा थाना, जिला- नवादा, प्राथमिकी संख्या - 211/2006 | धारा - 386, 120 (वी) भा.द.वि., रंगदारी | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 4. | 237 नवादा | कौशल यादव | अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी - नम्बर-1, व्यवहार न्यायालय, नवादा, नवादा थाना, जिला - नवादा, प्राथमिकी संख्या- 209/2006, जी. आर. संख्या 1053/06, सी.आई.एस. संख्या - 8546/15, | धारा - 420, 379, 120 (वी), 411 भा.द.वि., बालू घाट से संबंधित धोखधड़ी वाद | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 5. | 237 नवादा | कौशल यादव | अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी - नम्बर-1, व्यवहार न्यायालय, नवादा, नवादा थाना, जिला - नवादा, प्राथमिकी संख्या - 208/2006, जी. आर. संख्या 1052/06, सी.आई.एस. संख्या - 128/15 | धारा - 420, 467, 468, 471, 120 (वी) भा.द.वि., बालू घाट से संबंधित धोखधड़ी वाद | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 6. | 237 नवादा | कौशल यादव | न्यायिक दण्डाधिकारी - प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय, नवादा, रजौली थाना, जिला - नवादा, प्राथमिकी संख्या- 110/2005, जी. आर. संख्या - 1346/05, ट्रायल संख्या - 4021/18 | धारा - 188 भा.द.वि., आचार संहिता का उलंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 7. | 237 नवादा | कौशल यादव | न्यायिक दण्डाधिकारी - प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय, नवादा, कौआकोल थाना, जिला-नवादा, प्राथमिकी संख्या - 70/2005, जी.आर. संख्या- 1445/05, आई.एस. संख्या - 1973/15 | धारा - 188, 114, 116, 341, 342, 120 (वी), 131, 133 भा.द.वि., आचार संहिता का उलंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 8. | 237 नवादा | कौशल यादव | अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी - नम्बर - 1, व्यवहार न्यायालय, नवादा, नवादा थाना, जिला - नवादा, प्राथमिकी संख्या - 146/1994, जी.आर. संख्या-1032/94, सी.आई.एस. संख्या - 15296/15 | धारा-147, 148, 149, 307, 323, 341, 342, 427, 337, 353, 504 भा.द.वि., Hestitation | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.

हार की हैट्रिक के बाद भारत ने कैसे पलटी बाजी

# जेमिमा-हरमन ने रचा इतिहास





## 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर वर्ल्डकप फाइनल में पहुंचे

**भारत का विमेंस वनडे में सबसे बड़ा रन चेज**

### श्रीलंका-पाकिस्तान को आसानी से हराया

वनडे वर्ल्ड कप की शुरुआत भारत ने गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ मैच से की। बरसापारा स्टेडियम में पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 269 रन बना दिए। जवाब में श्रीलंका को 211 पर ही समेट दिया। फिफ्टी लगाने के साथ 3 विकेट लेने वालीं दीप्ति शर्मा प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। दूसरे मुकाबले में भारत का सामना चीर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से हुआ। कोलंबो में स्पिन फ्रेंडली पिच थी, जहां पाकिस्तानी स्पिनर्स को फायदा हो सकता था। भारत ने यहां 247 रन बनाए और पाकिस्तान को 159 रन पर ही समेट कर लगातार दूसरा मैच जीत लिया। 3 विकेट लेने वालीं तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ प्लेयर ऑफ द मैच रहीं।

### भारत ने विमेंस वनडे का सबसे बड़ा रन चेज किया

विमेंस वनडे में भारत ने सबसे बड़ा रन चेज कर लिया। टीम ने 339 रन के टारगेट को 48.3 ओवर में बनाकर ऑस्ट्रेलिया के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया ने इसी वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ लीग मैच में 330 रन का टारगेट चेज किया था। मेंस और विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के नॉकआउट मैचों में यह पहली बार हुआ है, जब किसी टीम ने 300 से ज्यादा रन का टारगेट चेज कर जीत हासिल की। इससे पहले सबसे बड़ा सफल चेज 2015 मेंस वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में हुआ था। न्यूजीलैंड ने ऑकलैंड में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 298 रन का लक्ष्य हासिल किया था।

### साउथ अफ्रीका ने दिलाई पहली हार

2 लगातार जीत के साथ टीम इंडिया विशाखापट्टनम पहुंची, जहां मुकाबला साउथ अफ्रीका से होना था। साउथ अफ्रीका इंग्लैंड के खिलाफ 69 रन पर ऑलआउट हो चुकी थी। पहले बैटिंग करते हुए भारत ने 102 रन पर 6 विकेट गंवा दिए। वहां से विकेटकीपर ऋचा घोष ने 94 रन बनाए और टीम को 251 तक पहुंचा दिया। 252 के टारगेट के सामने साउथ अफ्रीका ने भी 5 विकेट महज 81 रन पर गंवा दिए।

**मुंबई (एजेंसी)।**

साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बाद इंग्लैंड ने भी विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में भारत को हरा दिया। ट्रॉफी जीतना तो दूर, इंडिया विमेंस का सेमीफाइनल में पहुंचना भी मुश्किल था। साल 2000 की चैंपियन न्यूजीलैंड से मैच होना बाकी था और टीम इंडिया मोमेंटम को पूरी तरह खो चुकी थी।

वहां से आज 31 अक्टूबर का दिन, इंडिया विमेंस ने फाइनल में एंट्री कर ली। एंट्री भी मामूली नहीं, 7 बार की चैंपियन और टूर्नामेंट में अब तक नहीं हारी ऑस्ट्रेलिया को न सिर्फ हराया, बल्कि विमेंस वनडे इतिहास का सबसे बड़ा टारगेट भी चेज किया। इस जीत की इबारत लिखी, भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर और शतक बनाकर नॉटआउट रहीं जेमिमा रोड्रिग्ज ने। विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर टीम इंडिया तीसरी बार फाइनल में पहुंच गई। टीम ने विमेंस वनडे का सबसे बड़ा रन चेज किया। भारत ने 339 रन का टारगेट 48.3 ओवर में हासिल कर लिया। जेमिमा रॉड्रिग्ज वर्ल्ड कप नॉकआउट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली दूसरी भारतीय बनीं। उन्होंने कप्तान हरमनप्रीत कौर के साथ वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे बड़ी साझेदारी भी की।

### टूर्नामेंट में पहली हार के बाद आस्ट्रेलिया से था कड़ा मुकाबला

टूर्नामेंट में मिली पहली हार के बाद भारत का सामना 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से हो गया। विशाखापट्टनम में भारत ने फाइट दिखाई और ओपनर्स की फिफ्टी के दम पर 330 रन बना दिए। हालांकि, टीम 7 गेंद बाकी रहते ही ऑलआउट हो गई। भारत को हराने के लिए ऑस्ट्रेलिया को सबसे बड़ा टारगेट हासिल करना था। टीम से कप्तान एलिसा हीली ने सेंचुरी लगा दी। फीबी लिचफील्ड और एश्ले गार्डनर ने 40 प्लस रन बनाकर टीम को टारगेट के करीब पहुंचाया। एलिस पेरी ने आखिर में 47 रन बनाए और टीम को 6 गेंद पहले ही जीत दिला दी। यह वनडे इतिहास का सबसे सफल रन चेज रहा। लगातार 2 हार के बाद इंदौर में भारत का सामना इंग्लैंड से हुआ। पहले बैटिंग करते हुए इंग्लैंड ने 288 रन बना दिए, टीम से पूर्व कप्तान हीथर नाइट ने सेंचुरी लगा दी। भारत ने 45 ओवर तक 250 रन बना लिए थे, टीम से 3 प्लेयर्स ने फिफ्टी लगा दी। अगले ही ओवर में ऋचा घोष आउट हो गईं, उनके जाते ही टीम ने 4 रन से करीबी मुकाबला गंवा दिया।

### मंधाना-प्रतिका ने जगाईं उम्मीदें

होम वर्ल्ड कप में हार की हैट्रिक लगा चुकी इंडिया विमेंस पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा था। अगला मैच न्यूजीलैंड से था, अगर इंडिया हारती तो बाहर भी हो सकती थी। नवी मुंबई में पहले बैटिंग करने उतरी इंडिया विमेंस से प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना ने सेंचुरी लगा दी। जेमिमा की फिफ्टी के दम पर भारत ने अपना बेस्ट वर्ल्ड कप स्कोर 340 रन बनाया। बड़े टारगेट के सामने न्यूजीलैंड की टीम 271 रन ही बना सकी। शतक लगाने के साथ 3 कैच लेने वालीं मंधाना प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। इस जीत के साथ भारत ने सेमीफाइनल में एंट्री भी कर ली। बांग्लादेश के खिलाफ ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच बारिश के कारण बेनतीजा रहा।

### 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से भिड़ंत

भारत का सेमीफाइनल 7 बार की चैंपियन और टूर्नामेंट में एक भी मैच नहीं हारी ऑस्ट्रेलिया से होना था। ऑस्ट्रेलिया का एक मुकाबला रद्द हो गया था, वहीं टीम ने बाकी 6 मुकाबले एकतरफा अंदाज में जीते थे। टीम को विमेंस वर्ल्ड कप में आखिरी हार भी 2017 में मिली थी। तब से टीम 15 मुकाबले अपने नाम कर चुकी थी।

### लेकिन हारीं नहीं जेमिमा...

तेजी से रन बनाने की कोशिश में हरमन 88 गेंद पर 89 रन बनाकर आउट हो गईं। उनके बाद दीप्ति शर्मा बैटिंग करने उतरीं, जेमिमा दूसरे एंड पर शतक की ओर बढ़ रही थीं। 33वें ओवर में एलिसा हीली ने उनका आसान सा कैच छोड़ दिया, इस वक्त जेमिमा 83 रन के स्कोर पर थीं।

**दीप्ति और ऋचा समझदारी वाली पारी**

जेमिमा के सामने दीप्ति शर्मा 17 गेंद पर 24 और ऋचा घोष 16 गेंद पर 26 रन बनाकर आउट हो गईं। ऋचा ने भारत को जीत के करीब जरूर पहुंचाया, लेकिन 24 गेंद पर 29 रन अब भी चाहिए थे। जेमिमा का साथ देने के लिए अमनजोत कौर बैटिंग करने आईं।

# सेमीफाइनल जीत पर भारतीय विमेंस टीम को मिली बधाइयां

## तेंदुलकर ने कहा- शानदार जीत, रोहित ने लिखा- शाबाश टीम इंडिया, विराट ने कहा बेहतरीन प्रदर्शन



- **हमारी टीम की क्या शानदार जीत रही** – भारतीय स्टार बैटर विराट कोहली ने लिखा, ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ हमारी टीम की क्या शानदार जीत रही। लड़कियों ने शानदार चेज किया और जेमिमा ने इतने बड़े मैच में जबरदस्त परफॉर्मेंस दी। यह सच में हिम्मत, विश्वास और जुनून का बेहतरीन प्रदर्शन था। बहुत बढ़िया टीम इंडिया।
- **अभी ये खत्म नहीं हुआ- गंभीर** – भारत की मेंस टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए भारतीय टीम को बधाई दी। गंभीर ने लिखा, जब तक ये खत्म नहीं हो जाता, तब तक ये खत्म नहीं होता। क्या शानदार खेला आप सभी ने।

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में 7 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। जीत के बाद ही सोशल मीडिया पर भारतीय टीम को बधाईयां मिलने लगी। सचिन तेंदुलकर ने कहा, शानदार जीत। टीम के इस ऐतिहासिक जीत पर हम क्रिकेटर्स और सेलिब्रिटी के सोशल मीडिया के रिएक्शन जानेंगे। सचिन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में आगे लिखा, बहुत बढ़िया जेमी और हरमन आपने आगे बढ़कर टीम को लीड किया। श्री चरणी और दीप्ति आपने गेंद से मैच को जिंदा रखा। तिरंगे को हमेशा ऊंचा लहराते रहो।

### रोहित शर्मा ने भी की तारीफ

भारत के स्टार बैटर और पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने सेमीफाइनल खत्म होने के तुरंत बाद ही इंस्टाग्राम पर जेमिमा रॉड्रिग्ज और अमनजोत कौर के सेलिब्रेशन की फोटो शेयर की और लिखा, शाबाश टीम इंडिया।

### लड़कियों का कमाल का काम- गांगुली

सौरव गांगुली ने जीत के बाद कहा, लड़कियों का कमाल का काम। पिछले 5 सालों में वे कितनी अच्छी बन गई हैं। एक और बाकी है। बस शानदार।

### मिताली राज ने लिखा इमोशनल पोस्ट

भारत की विमेंस क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने लिखा, ऐसी ही रातें बताती हैं कि आप इस खेल को क्यों खेलते हैं। जीत के लिए विश्वास, जज्बा और भूख, ये तीनों चीज आज रात एक साथ देखने को मिलीं। टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस टॉप-क्लास परफॉर्मेंस के लिए और वर्ल्ड कप फाइनल में जगह बनाने के लिए बधाई।

### आनंद महिंद्रा का शानदार पोस्ट

आनंद महिंद्रा ने एक्स पोस्ट में लिखा, भारतीय महिलाओं ने वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में 339 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया। यह सिर्फ एक जीत नहीं है, यह एक बदलाव है। आज वह दिन है जब भारत में विमेंस क्रिकेट ने ध्यान आकर्षित करना छोड़ दिया और उस पर कब्जा करना शुरू कर दिया।

# भारत दूसरा टी-20 मैच 4 विकेट से हरा

- **ऑस्ट्रेलिया ने 126 रन का टारगेट 13.2 ओवर में चेज किया, काम न आई अभिषेक शर्मा की पारी**



**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज का दूसरा मुकाबला 4 विकेट से हार गई है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 126 रन का टारगेट 13.2 ओवर में 6 विकेट पर चेज कर लिया। टॉस हारकर बैटिंग कर रही भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। शुभमन गिल (5 रन), संजू सैमसन (2 रन), तिलक वर्मा (जीरो) और सूर्यकुमार यादव (एक रन) बनाकर आउट हुए। अभिषेक शर्मा ने हर्षित राणा के साथ अर्धशतकीय साझेदारी करके भारत का स्कोर 100 पार पहुंचा दिया। अभिषेक ने 37 बॉल पर 68 रन बनाए। उनके आउट होते ही टीम इंडिया 18.4 ओवर में 125 रन पर ऑलआउट हो गई। 9 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। ऑस्ट्रेलिया से जोश हेजलवुड ने 3 विकेट झटके। जेवियर बार्टलेट और नाथन एलिस को 2-2 विकेट मिले। एक विकेट स्टोयनिस को मिला। 2 बैटर्स रनआउट हुए।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-इलेवन

**भारत**- सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, अक्षर पटेल, हर्षित राणा, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह।

**ऑस्ट्रेलिया**- मिचेल मार्श (कप्तान), ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), टिम डेविड, मिचेल ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोयनिस, जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस, मैथ्यू कुह्नेमन, जोश हेजलवुड।

# एसीसी राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट 14 नवंबर से शुरू

- **भारत-पाकिस्तान एक ही ग्रुप में, 16 नवंबर को होगा मुकाबला**

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट की शुरुआत 14 नवंबर से होगी। टूर्नामेंट का महामुकाबला यानी भारत-पाकिस्तान मैच 16 नवंबर को खेला जाएगा। सभी मुकाबले कतर के दोहा शहर में होंगे। एसीसी ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के शेड्यूल का ऐलान किया। इसमें आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप-ए में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, हॉन्ग कॉन्ग और श्रीलंका हैं, जबकि ग्रुप-बी में भारत, ओमान, पाकिस्तान और यूएई हैं।

### टी-20 फॉर्मेट में ही खेला जाएगा

यह टूर्नामेंट जिसे पहले एसीसी इमर्जिंग टीम्स एशिया कप के नाम से जाना जाता था, टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। इसमें अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका की 'ए' टीमें हिस्सा लेंगी। तीन एसोसिएट टीमें, हॉन्ग कॉन्ग, ओमान और यूएईअपनी मेन टीमें मैदान में उतारेंगी। 14 नवंबर से 19 नवंबर तक हर दिन दो मैच खेले जाएंगे, जिसके बाद 21 नवंबर को सेमीफाइनल और 23 नवंबर को फाइनल खेला जाएगा।

### एशिया कप के बाद पहली बार होगा भारत-पाक का सामना

भारत और पाकिस्तान का एशिया कप 2025 के बाद पहली बार सामना होगा। एशिया कप में दोनों टीमों के बीच काफी विवाद देखने को मिले था। टीम इंडिया ने एशियन क्रिकेट काउंसिल चीफ मोहसिन नकवी से ट्रॉफी न लेने का फैसला किया था। नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री हैं और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन भी हैं।

# ऋषभ पंत ने अनऑफिशियल टेस्ट से वापसी की

## पहले दिन साउथ अफ्रीका ए- 299/9, तीन प्लेयर्स की फिफ्टी; कोटियान को 4 विकेट



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्टेडियम में साउथ अफ्रीका और भारत की ए टीमों के बीच पहला अनऑफिशियल टेस्ट खेला जा रहा है। ऋषभ पंत इस मुकाबले से वापसी कर रहे हैं। पहले दिन स्टंप्स तक साउथ अफ्रीका ने 9 विकेट खोकर 299 रन बना लिए। मेहमान टीम से जॉर्डन हरमन, जुबैर हम्जा और रुबिन हरमन ने फिफ्टी लगाई। भारत के लिए ऑफ स्पिनर तनुष कोटियान ने 4 विकेट लिए। दूसरे दिन का खेल शुक्रवार सुबह 9.30 बजे से शुरू होगा।

**इंग्लैंड के खिलाफ इंजर्ड हुए थे पंत** – ऋषभ पंत इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ जुलाई में टेस्ट सीरीज के चौथे मुकाबले में बैटिंग के दौरान इंजर्ड हो गए थे। पहली पारी में क्रिस वोक्स की बॉल पंत के पैर पर लगी थी। जिसके बाद उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा था। हालांकि, वे फिर बैटिंग करने लौटे और फिफ्टी लगाकर भारत को 350 के पार पहुंचाया था।

बैटिंग के बाद पंत की जांच हुई। इसमें उनके पैर में फ्रैक्चर सामने आया, जिस कारण वे सीरीज का आखिरी टेस्ट और भारत के बाकी मुकाबले नहीं खेल सके। उनकी जगह ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की थी। पंत ने अब 3 महीने बाद साउथ अफ्रीका के खिलाफ अनऑफिशियल टेस्ट से वापसी की।

# पिथौरागढ़ की बेटी बनी एशियन बॉक्सिंग चैंपियन

## चीन को हराकर जीता गोल्ड; बड़ी बहन भी इंटरनेशनल लेवल पर जीत चुकीं कई मेडल



**पिथौरागढ़ (एजेंसी)।** पिथौरागढ़ की बेटी खुशी चंद ने एशियन बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। बहरीन के मनामा में 23 से 30 अक्टूबर तक हुई तीसरी एशियाई युवा खेल प्रतियोगिता में खुशी ने अंडर-17 बालिका वर्ग के 44-46 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में खुशी ने चीन की बॉक्सर लूओ जिन्शियु को मात दी। इससे पहले उन्होंने जॉर्डन, सऊदी अरब और मंगोलिया की खिलाड़ियों को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इस जीत के बाद पिथौरागढ़ में रह रहा उनका परिवार खुश है, और खुशी के पिता खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

# गृहभेदन कांड के सफल उदभेदन के साथ 4 अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

## आभूषण, नकदी व मोटरसाइकिल बरामद



**कटिहार नगर।** नगर थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए गृहभेदन कांड का सफल पूर्वक उद्भेदन करते हुए आभूषण नगदी सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। नगर थाना में एएसपी सह एसडीपीओ सदर वन अभिजीत कुमार सिंह ने एक प्रेस वार्ता करते हुए पूरे मामले की जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि 24 अक्टूबर को शुभम जायसवाल पिता निरंजन प्रसाद जायसवाल गामी टोला निवासी ने थाना मे लिखित शिकायत की थी कि 20अक्टूबर को वह अपने पूरे परिवार के साथ पिता के इलाज के लिए सिलीगुड़ी गए थे। 23अक्टूबर की रात्रि में जब वह अपने घर लौटे तो देखा की घर का दरवाजा, कुंडी एवं ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा घर से सोना-चांदी के आभूषण एवं नगद राशि चोरी कर ली गई है। प्राप्त आवेदन के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया और कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया। गठित टीम द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान एवं तकनीकी सहयोग के आधार पर सत्संग मंदिर नहर के पास छापेमारी कर बंटी खान (25) पिता बदरुजमा खान बैगना, थाना नगर निवासी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में अभियुक्त की निशानदेही पर मो० मोसाहीद (28)पिता मो.मोहसिन उर्फ मोसमा रामपाड़ा, थाना नगर, जिला कटिहार निवासी को गिरफ्तार किया गया। बंटी खान द्वारा चोरी के सामान शबाना खातून ( 35 ) पति मो० बारिक बैगना, वार्ड संख्या-24, थाना नगर निवासी के पास रखने की बात बताई गई। जिसके बाद उक्त महिला को भी गिरफ्तार किया गया।वही मो. मोसाहीद की निशानदेही पर सोनार सोहन कुमार ( 25) पिता गोपाल साह, रामपाड़ा, मिस्त्री टोला, थाना नगर जिला कटिहार निवासी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने कांड में अपनी संलिप्ता स्वीकार करते हुए बताया कि उन्होंने गृहभेदन की घटना नगर थाना क्षेत्र के गामी टोला में अंजाम दी थी। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से सोने एवं चाँदी के जैसे दिखने वाले आभूषण, आभूषण बनाने एवं गलाने के उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, दो मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल, तथा ?10,000/- नगद सहित बड़ी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया गया है। गिरफ्तार सभी सभी अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रतर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# अमदाबाद थाने की फर्जी प्राथमिकी बनाने वाला गिरोह का भंडाफोड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

## इस धंधे में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार

**अमदाबाद /कटिहार।** अमदाबाद थाना क्षेत्र से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ पुलिस ने फर्जी प्राथमिकी बनाकर ग्रामीणों से भयादोहन कर रुपये वसूलने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मामला अमदाबाद थाना कांड संख्या 237/25, दिनांक 26 सितंबर 2025 का है। इस संबंध में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं— 191(2), 191(3), 190/126(2), 127(2), 115 (2), 109/331(5), 132/121(1), 121(2), 309 (5), 307/352/351(2) & (3) 61 (2),125(बी), 137(2), 324 (5) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस की टीम ने लगातार छापेमारी करते हुए ब्लॉक कैंपस के पास से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान जमील अख्तर उर्फ बीसू पिता मोहसिनुल आलम निवासी ग्राम बबलाबन्ना, वर्तमान पता त्रिमुहानी, मिसबाहुल हक उर्फ लालटू पिता स्वर्गीय अबुल कलाम आजाद एवं फिरोज आलम पिता सफीरुद्दीन के रुप में की गयी है। मामले से जुड़ी जांच में सामने आया कि आरोपी फर्जी प्राथमिकी की छाया प्रति कॉपी तैयार कर ग्रामीणों को दिखाते थे। इसके बाद वे लोगों से नाम हटाने के बदले 50-50 हजार रुपये की मांग करते थे। कुछ ग्रामीणों ने आरोपी को पैसे भी दिए थे। एक ग्रामीण द्वारा मोबाइल में प्राथमिकी की तस्वीर देखकर पुलिस को सूचना दी गई। जांच में पुष्टि हुई कि वह प्राथमिकी पूरी तरह फर्जी थी। थानाध्यक्ष कुन्दन कुमार ने बताया कि पूछताछ के क्रम में तीनों आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि यह फर्जी प्राथमिकी उन्हें झब्बू टोला के लालटू और वकील फिरोज आलम ने दी थी। पुलिस ने अब इस पूरे मामले की जांच तेज कर दी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि और कौन-कौन इस गिरोह से जुड़ा हुआ है। अमदाबाद पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई इलाके में चल रहे फजीर्वाड़े और ठगी के नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता है। इस संदर्भ मे अमदाबाद थाना में पदस्थापित परिक्षीयमान एसआई जैकी कुमार ने लिखित शिकायत कर मामला दर्ज करने की मांग की है।

## सरकारी सेवकों के लिए आदर्श आचार संहिता का अनुपालन हर हाल में जरूरी : डीएम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार नगर।** विधानसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से सरकारी सेवकों के आचरण और कर्तव्य को लेकर जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने एक पत्र जारी किया है। जारी पत्र मे स्पष्ट रूप से सरकारी कर्मचारियों को चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी राजनीतिक गतिविधि से दूर रहने का निर्देश दिया गया है ताकि चुनाव की निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके। सरकारी सेवकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे किसी भी राजनैतिक दल या उम्मीदवार का समर्थन न करें। यह भी साफ किया गया है कि वे अपने सरकारी पद का दुरुपयोग किसी भी तरह के चुनावी लाभ के लिए नहीं करेंगे।

जिला पदाधिकारी ने सभी सरकारी सेवकों को चेतावनी दी है कि वे सोशल मीडिया पर चुनाव से संबंधित कोई भी सामग्री शेयर या फॉरवर्ड न करें। मीडिया और सोशल मीडिया पर किसी भी उम्मीदवार या पार्टी के पक्ष में प्रचार-प्रसार करना आदर्श आचार संहिता का गंभीर उल्लंघन माना जाएगा। निर्देश में यह साफ किया गया है कि इन आदेशों का उल्लंघन करने वाले सरकारी सेवकों पर बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली की सुसंगत धाराओं के तहत कठोर अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड के पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी की चुनावी सभा आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार ग्रामीण।** जैसे जैसे मतदान की तिथि नजदीक आने लगी है। अपने दल व गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार को लेकर स्टार प्रचारकों के पहुंचने की सिलसिला जोड पकडने लगा है। इसी सिलसिले में मनिहारी विधान सभा एसटी सुरक्षित सीट से एनडीए के प्रत्याशी शंभू सुमन के पक्ष में चुनावी जनसभा को संवोधित करने झारखंड के पूर्व मुख्य मंत्री,भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी 01नवंबर को प्रखंड क्षेत्र के फतेहनगर स्थित कीलीगंज मैदान पधार रहे हैं. जहां से वे मनिहारी विधान सभा क्षेत्र मे चुनावी शंखनाद करेंगें।अधिकृत प्रत्याशी शंभू सूमन के पक्ष में मतदान को लेकर मतदाताओं से अपील के साथ कार्यकताओं के बीच हुंकार के साथ जोश व उत्साह का संचार करेंगें. चुनाव प्रभारी प्रो. बीरेन्द्र सिंह ने जानकारी दी है कि बाबूलाल मरांडी के साथ अन्य स्टार प्रचारक भी रहेगें।


**Format C-1**

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: Hira Lal Khadia , VILL.- PHULAWARIA, P.O.- RAJEPUR, P.S.-BARURAJ, DIST-MUZAFFARPUR, PIN-843111

Name of political party : JAN SURAAJ PARTY

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of Constituency : 96-BARURAJ

I Hira Lal Khadia, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | S.D.J.M, Muzaffarpur | PS Case no 04/20 Baruraj | Pending | Sec.-341, 323, 504, 506, 307, 379, 34 IPC (Wrongful restraint, voluntarily causing hurt, intentional insult, criminal intimidation, attempt to murder, theft, committed in furtherance of common intention.) |
| 2. | C.J.M. Div-I, Muzaffarpur | PS Case no 186/20 Baruraj | Pending | Sec.- 171(e), 188 IPC (Bribery or undue influence in connection with elections and disobedience to order promulgated by a public servant) |
| 3. | C.J.M. Div-I, Muzaffarpur | PS Case no 191/18 Baruraj | Pending | Sec.- 147,148,149, 447, 341, 323, 354, 379 IPC (Rioting, rioting with deadly weapons, unlawful assembly, criminal trespass, wrongful restraint, voluntarily causing hurt, assault on woman, and theft.) |
| 4. | C.J.M. Div-I, Muzaffarpur | PS Case no 92/16 Baruraj | Pending | Sec.-341, 323, 307, 379, 504, 34 IPC (Wrongful restraint, voluntarily causing hurt, attempt to murder, theft, intentional insult, committed in furtherance of common intention.) |
| 5. | C.J.M. Div-I, Muzaffarpur | PS Case no 93/16 Baruraj | Pending | Sec.-341, 323, 307, 379, 504, 34 IPC (Wrongful restraint, voluntarily causing hurt, attempt to murder, theft, intentional insult, committed in furtherance of common intention.) |
| 6. | C.J.M. Div-I, Muzaffarpur | PS Case no 115/17 Baruraj | Pending | Sec.- 147, 148, 149, 341, 323, 324, 307, 353, 153(A), IPC & 27 Arms Act (Rioting, rioting with deadly weapons, unlawful assembly, wrongful restraint, voluntarily causing hurt, causing hurt by dangerous weapons, attempt to murder, assault on public servant) |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| | N.A | N.A | N.A |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.


# चुनावी अखाड़े में युवा जोश, दिग्गजों के बीच बढ़ रही है हलचल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कटिहार।** बिहार विधानसभा चुनाव की नजदीकिया बढते ही क्षेत्र का सियासी पारा आसमान छू चुका है और चुनावी सरगर्मी अपने चरम पर है। इस बार का चुनाव विशेष रूप से रोचक बन गया है। क्योंकि मुकाबला केवल राजनीतिक दलों के बीच नहीं। बल्कि युवा शक्ति के नए जोश और अनुभवी दिग्गजों की पुरानी पकड़ के बीच भी है। एक ओर, युवा और पहली बार चुनावी मैदान में उतरे उम्मीदवार दिन-रात एक कर रहे हैं। वे किसी भी तरह की थकान की परवाह किए बिना सुबह की पहली किरण से लेकर देर शाम तक लगातार और सघन जनसंपर्क में जुटे हुए हैं।

ये युवा प्रत्याशी न केवल गलियों-मोहल्लों में पैदल घूम रहे हैं। बल्कि मतदाताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर, उनके घर के दरवाजे तक पहुँचकर, हाथ जोड़कर आशीर्वाद माँग रहे हैं। उनकी प्रचार शैली में एक नई ऊर्जा, उत्साह और ताजगी दिखाई दे रही है। जिसने क्षेत्र की पारंपरिक राजनीति में एक नई हलचल पैदा कर दी है। इन युवा उम्मीदवारों की सक्रियता और सीधा संवाद स्थापित करने के तरीके से इनकी लोकप्रियता में तेजी से इजाफा होता दिख रहा है। वे आधुनिक संचार माध्यमों का भी कुशलता से उपयोग कर रहे हैं, जिससे उनकी पहुँच और प्रभाव दोनों बढ़ रहे हैं। ?वहीं दूसरी ओर चुनावी समर के अनुभवी और दिग्गज राजनेता भी अपनी दशकों पुरानी पकड़ और जनाधार को बनाए रखने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। ये दिग्गज अपनी राजनीतिक सूझबूझ,विशाल अनुभव और संगठन की ताकत का इस्तेमाल करते हुए, फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं। उनकी रणनीति युवा उम्मीदवारों के तूफानी प्रचार के सामने अपनी जमीनी पकड़, स्थापित पहचान और किए गए कार्यों के भरोसे मतदाताओं को लामबंद करने की है। वे अनुभवी कार्यकताओं के साथ गोपनीय बैठकों और जातिगत तथा क्षेत्रीय समीकरणों को साधने पर पूरा ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ताकि चुनावी बिसात पर अपनी मजबूत स्थिति बरकरार रख सकें।?युवा शक्ति के अदम्य जोश और अनुभवी दिग्गजों की गहन रणनीति के इस चुनावी मुकाबले में, सबसे बड़ा सवाल यही है कि जनता का आशीर्वाद किसे मिलेगा ? क्या मतदाता परिवर्तन के नारे पर विश्वास जताते हुए युवा चेहरों को मौका देंगे या फिर अनुभव और स्थिरता को प्राथमिकता देते हुए पुराने धुरंधरों पर अपना भरोसा जताएंगे? स्थानीय राजनीतिक विश्लेषक और बुद्धिजीवी वर्ग लगातार क्षेत्र में बन रहे और बिगड़ रहे समीकरणों का गहन आकलन करने में व्यस्त हैं। वे यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन सा मुद्दा, कौन सा समीकरण और कौन सा चेहरा इस बार मतदाताओं के मन पर अंतिम छाप छोड़ेगा।?चुनावी सरगर्मी के बीच, कटिहार के चाय की टपरियाँ, पान की दुकानें और नुक्कड़ चौराहे अब अनौपचारिक चुनाव चर्चा के केंद्र बन चुके हैं। यहाँ सुबह की पहली चाय की चुस्की के साथ ही देर रात तक लोग संभावित परिणामों, उम्मीदवारों के व्यक्तिगत प्रदर्शन, उनके घोषणा पत्रों और क्षेत्र के स्थानीय व राष्ट्रीय मुद्दों पर गहन मंथन करते देखे जा रहे हैं। हर कोई अपनी-अपनी राय रख रहा है और माहौल पूरी तरह से चुनावी रंग में रंगा हुआ है।? यह देखना बेहद दिलचस्प होगा कि सदर विधानसभा की जनता इस बार किस चेहरे पर अपना अमूल्य भरोसा जताती है और नए राजनीतिक अध्याय की शुरूआत करती है।


**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in newspapers, tv)*

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: HEMANT KUMAR CHOUBEY , Kurain, Chainpur , District-Kaimur(Kaimur) , Bihar, 821106

Name of political party : JAN SURAAJ PARTY

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : General Election of Legislative Assembly of Bihar -2025

*Name of Constituency : 206-Chainpur

I **HEMANT KUMAR CHOUBEY** (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | A.C.J.M,7 Bhabhua | COM(P)26/2023 | Before Charge | Section341,323,147,148,149,506,504,394,384 I.P.C & 27 Arms Act |
| 2. | J.M 1st , Bhabhua | CR.CASE2521/2018 | Under Trial (Evidence) | Section 147, 148,149,430,353,506 I.P.C |
| | | | | |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1. | NILL | NILL | NILL |
| 2. | NILL | NILL | NILL |
| | | | |

# डीएम ने सामग्री एवं मतदाता सूची विखंडन कोषांग का किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के अवसर पर निर्वाचन कार्य हेतु बने सामग्री कोषांग एवं मतदाता सूची विखंडन कोषांग का निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सबसे पहले अब्दुलबारी नगर भवन में स्थित मतदाता सूची विखंडन कोषांग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण मे नोडल पदाधिकारी, मतदाता सूची विखंडन कोषांग सह जिला कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा बताया गया कि मतपत्र के मुद्रण हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार, पटना द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतपत्रों की आवश्यकता का आकलन कर ससमय भेज दिया गया था। मुद्रित मतपत्र प्राप्त हो गया है, जिसके सुरक्षित रख रखाव हेतु दण्डाधिकारियों एवं सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही नाम निर्देशन पूर्व तैयारी सम्बन्धी प्रपत्रों, निदेशो को तैयार कर ली गई थी। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों की प्रारंभिक जांच हेल्पडेस्क के माध्यम से करा लिया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से विधानसभावार प्राप्त मतदाता सूची का विखंडन का कार्य कराया जा रहा है जिसमें सभी प्रखंडों एवं नगर परिषद जहानाबाद तथा नगर पंचायत मखदुमपुर से कर्मी प्रति नियुक्त हैं। निरीक्षण में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सामग्री कोषांग का भी निरीक्षण किया गया। नोडल पदाधिकारी, सामग्री कोषांग जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारा बताया गया की मतदान कार्य एवं मतगणना कार्य सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक सामग्रियों की आवश्यकता का आकलन कर अधियाचना कर लिया गया है। निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना से दी जाने वाली सामग्रियों एवं प्रपत्रों को प्राप्त अभी नहीं हुआ है, प्राप्ति के बाद शीघ्र ही इसे कर लिया जाएगा। साथ ही बताया गया कि अधियाचित शेष सामग्रियों एवं प्रपत्रों को जिला निर्वाचन शाखा, जहानाबाद से प्राप्त कर सभी प्राप्त सामग्रीयो को भंडार पंजी में अंकित किया गया है। सामग्री को चेक लिस्ट के अनुसार जाँच कर विधान सभावार, मतदान केन्द्र वार थैला तैयार कर निर्धारित तिथि को संबंधित निर्वाची निबंधन पदाधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दिया गया।

# भारोतोलन के प्रमंडल स्तरीय अंतर जिला विद्यालय खेल प्रतियोगिता में जहानाबाद के खिलाड़ियों का रहा जलवा

## भारोत्तोलन में जहानाबाद के खिलाड़ियों ने 27 स्वर्ण पदक एवं 5 रजत पदक के साथ 32 पदक जीते



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** गयाजी में प्रमंडल स्तरीय अंतर जिला विद्यालय खेल (भारोतोलन) प्रतियोगिता ,बालक एवं बालिका श्रेणी में खेल भवन, गयाजी में आयोजित की गई, जिसमें गयाजी प्रमंडल अंतर्गत आने वाले जिले के खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा की। इस प्रतियोगिता में अपने प्रतिस्पर्धी के मुकाबले श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए जहानाबाद के खिलाड़ियों के द्वारा कुल 32 मेडल जीते गए, जिसमें 27 स्वर्ण एवं 05 रजत पदक शामिल है। जहानाबाद जिले की टीम सर्वश्रेष्ठ विजेता टीम बनकर उभरी। बताते चलें कि जहानाबाद में 3 से 5 नवंबर को राज्यस्तरीय भारोतोलन प्रतियोगिता, बालक एवं बालिका वर्ग में अंडर 17 /अंडर-19 श्रेणी में आयोजित होने जा रही है, जिसमें प्रमंडल स्तर पर विजेता खिलाड़ी भाग लेंगे। वहीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफल खिलाड़ी इसी माह के उत्तरार्ध में शुरू होने वाले राष्ट्रीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करते दिखेंगे। प्रमंडल स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में जहानाबाद की भारोतोलन की टीम के बेहतरीन प्रदर्शन पर जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के द्वारा युवा खिलाड़ियों को बधाई दी गई है।

# बिहार की जनता गप्पू-पप्पू के झांसे में नहीं आने वाले : सीएम पुष्कर धामी

## एनडीए प्रत्याशी सचिंद्र सिंह के समर्थन में मांगा वोट



नवबिहार टाइम्स कोटवा

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दूसरे चरण का प्रचार अभियान अब चरम पर है। इसी क्रम में कोटवा प्रखंड के पट्टी जसौली में आयोजित एक बड़ी जनसभा में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और बिहार सरकार के मंत्री संतोष माझी ने कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी सचिंद्र सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।सभा में पहुंचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया, जबकि प्रत्याशी सचिंद्र सिंह ने गांधी मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में आज अकाल नहीं, लेकिन गप्पू और पप्पू की जोड़ी रोज नए झूठे वादों की बारिश कर रहे है। जनता अब इनके बहकावे में नहीं आने वाली है। धामी ने राजद नेता तेजस्वी यादव के हालिया बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि तेजस्वी कहते हैं कि अगर उनकी सरकार आई तो वक्फ कानून को फाड़ देंगे। उन्हें शायद यह भी नहीं पता कि संविधान से पारित कोई कानून किसी की मर्जी से फाड़ा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, तेजस्वी यादव को शासन और कानून की समझ नहीं है।राहुल गांधी के एक बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए धामी ने कहा कि बिहार की माताएं और बहनें सदियों से छठ पूजा करती आ रही हैं। उन्हें इस बात का अंदाजा भी नहीं कि सम्मान और संस्कृति का मतलब क्या होता है। उन्होंने कहा कि बिहार की परंपरा में बच्चों को भी 'आप' कहकर बुलाने की तहज़ीब है, जिसे कंग्रेस समझ ही नहीं सकती। इस दौरान बिहार सरकार के मंत्री संतोष माझी ने भी तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार का एक नेता रात में सपना देखता है और सुबह घोषणा कर देता है कि हर घर में नौकरी देंगे। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव को यह तक नहीं पता कि राज्य में कितनी वैकेंसी है, सिर्फ झूठ बोलकर जनता को ठगने का काम कर रहे हैं। सभा के अंत में मंत्री माझी और प्रत्याशी सचिंद्र सिंह ने दावा किया कि बिहार की जनता इस बार भी विकास और स्थिरता के पक्ष में वोट करेगी। उन्होंने कहा, ‍‌‌अबकी बार फिर एनडीए सरकार बनना तय है।

# सीएम ने रोड शो के दौरान समर्थकों का किया अभिवादन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** एनडीए के पक्ष में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का शिवाजीनगर प्रखंड में शुक्रवार दोपहर जनसभा कार्यक्रम का आयोजन होना था। लेकिन मौसम के बेरुखी के कारण शिवाजीनगर के राधा कृष्ण गोबिंद गोस्वामी इंटर महाविद्यालय परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कार्यक्रम स्थगित हो गया। जिसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रोड शो के माध्यम से रोसरा होते हुए शिवाजीनगर प्रखंड के बल्लीपुर स्थल चौक डुमरा चौक के रास्ते दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान के लिए प्रस्थान कर गए। काफिले के बीच रोड शो दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने समर्थकों को हाथ हिलाकर अभिवादन किया। साथ में सांसद संजय झा भी मौजूद थे। झमाझम बारिश के बाद भी मुख्यमंत्री के एक झलक पाने को लेकर क्षेत्र के सभी चौक चौराहों पर समर्थकों की भीड़ उमड़ी हुई थी। रोड शो दौरान सुरक्षा और विधि व्यवस्था को लेकर शिवाजी नगर बीडीओ आलोक कुमार सिंह, सीओ वीणा भारती, शिवाजीनगर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार, हथौड़ी थानाध्यक्ष मौसम कुमारी के साथ अन्य पदाधिकारी और काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

# एकता दिवस के रूप में मनाई गई लौह पुरुष सरदार बल्लभ पटेल की 125वीं जयंती



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** नवीन भारत के निर्माता लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को एकता दिवस के रूप में मनाया गया। मसौढ़ी के पटेल नगर स्थित पटेल भवन में सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए सबों ने संकल्प लिया कि उनके बताए गए रास्तों पर चलेंगे और समाज को एक सूत्र में बांधकर सामाजिक समरसता कायम करेंगे। उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने सरदार पटेल के जीवन चरित्र और उनके देश के प्रति योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सरदार पटेल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण थी। उन्होंने खेड़ा और बारडोली सत्याग्रह में अग्रणी भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के बाद वे भारत के पहले गृहमंत्री और उप-प्रधानमंत्री बने। पटेल ने खंड-खंड में बंटे भारत को 565 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया, जिसके कारण उन्हें 'लौहपुरुष' के नाम से जाना जाता है। उनके अथक प्रयासों से ही आज का एकीकृत भारत संभव हो पाया। कार्यक्रम में अध्यक्ष अरविंद कुमार उर्फ उज्जवल सिंह, पालटन सिंह, चंद्रमोहन पटेल, मिक्कू सिंह, सोनारिक सिंह, सुभाष चंद्र गांधी, आदि शामिल रहे।


**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil)
No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 217-Ghosi | Prabhat Kumar | 1.J.M.1s Class, Patna, P.S. Case No - 346/2009, Kankarbagh & Pending 2.In, The court of A.D.J. 27, Patna, P.S. Case No- 151/2011, Beur & Pending 3.J.M. 1s class, Patna, P.S. Case No- 248/2022, Gopalpur & Pending | 1.U/S-414, 25(1-B) A/26 Arms Act 2.U/S-420 I.P.C and Unlawful Activities Prevention Act, 1967 19/20 3.U/S-147, 341, 323, 337, 504 I.P.C | NA | NA | NA |

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil)
No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 207-CHENARI | NEHA KUMARI | Session Judge, Rohtas, P.S. Case No. 269/22 & Pending | Sec. 147,148, 140, 341,323,307,3 53,427, 504, 506, IPC | NA | NA | NA |

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil)
No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 212-DEHRI | PRADEEP LALLAN SINGH | 1.JM 1st Class Vasai, PS Case no 622/22 Tulinga Thana & Pending 2.JM 1st Class Vasai, PS Case No 239/23 Tulinga Thana & Pending 3.JM 1st Class Vasai, PS Case No 665/23 Tulinga Thana & Pending 4.ADJ Vasai, PS Case No 123/ 24 Tulinga Thana & Pending 5.JM 1st Class Vasai, PS Case No 174/15 Valiv Thana & Pending 6.JM 1st Class Dehri, Case No 123/21 & Pending | 1.Sec. 420, 406, 465, 467, 468, 471, 506,34 of IPC 2.Sec. 420, 406, 465, 467, 468, 471, 506, 34 of IPC 3.Sec. 304, 201, 304A, 182, 34 of IPC 4.Sec. 307, 324, 323, 504, 506, 34 of IPC 5.Sec. 323, 353, 504, 506, 34 of IPC 6.Sec. 420, 406, 120A, 34 of IPC | NA | NA | NA |


CMYK

# बी. डी. कॉलेज, पटना में राष्ट्रीय एकता दिवस का प्रेरक आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बी. डी. कॉलेज, पटना में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन 31 अक्टूबर को भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर श्रद्धा, उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को साकार करने की दिशा में एक प्रेरक पहल सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता संकल्प का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के सभी शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारीगण ने एक स्वर में देश की एकता, अखंडता और समरसता को बनाए रखने का संकल्प लिया। यह संकल्प केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि उस भावना का प्रतीक था जो भारत को विविधता में एकता का जीवंत उदाहरण बनाती है। पूरे आयोजन का कुशल संचालन नीतू तिवारी द्वारा किया गया जिनकी संयोजन क्षमता और संवेदनशीलता ने कार्यक्रम को एक भावनात्मक ऊंचाई प्रदान की। प्रो. रत्ना अमृत, प्राचार्य, बी. डी. कॉलेज, पटना ने आयोजन को पूर्ण सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जिससे कार्यक्रम की गरिमा और प्रभावशीलता और भी बढ़ गई। यह आयोजन सरदार पटेल के उस स्वप्न की पुनः स्मृति दिलाता है जिसमें एक सशक्त, संगठित और समरस भारत की कल्पना की गई थी। बी. डी. कॉलेज परिवार इस संकल्प के साथ आगे बढ़ता है कि वह राष्ट्रीय एकता के इस संदेश को समाज में व्यापक रूप से प्रसारित करेगा।

## मतदानदल कर्मियों एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को द्वितीय चरण का दिया गया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** 30 एवं 31 अक्टूबर को नौ अलग-अलग केन्द्रों पर मतदान दल कर्मियों के एवं माइक्रो ऑब्जर्वर का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया। मतदानदल कर्मी अपनी पूरी टीम पीठासीन पदाधिकारी, प्रथम मतदान दल कर्मी, द्वितीय मतदान दल कर्मी एवं तृतीय मतदान कर्मी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त किया। पीठासीन पदाधिकारी ईसीआई नेट एप के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। चुनाव आयोग द्वारा पीठासीन पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों का ऑन लाइन मूल्यांकन किया गया। द्वितीय प्रशिक्षण में सभी कर्मियों को मार्ग निर्देशिका पुस्तिका के साथ अन्य आवश्यक प्रपत्र दिए गए।उन प्रपत्रों को मतदानदल कर्मियों द्वारा भरा गया।अलग-अलग प्रशिक्षण केंद्रों पर चुनाव आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त प्रेक्षकों ने स्वयं जाकर प्रशिक्षण का जायजा लिया।

## पूर्व मध्य रेल ने किया सतर्कता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हाजीपुर।** 27 अक्टूबर से 02 नवम्बर तक 'सतर्कता : हमारी साझा जिम्मेदारी' विषय के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज पूर्व मध्य रेल द्वारा महेन्द्रूघाट, पटना स्थित सभागार में सतर्कता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने की। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि एक सुरक्षित, पारदर्शी एवं नैतिक कार्य वातावरण बनाए रखना हम सभी की साझी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी प्रमुख अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने-अपने क्षेत्र में नैतिक आचरण, पारदर्शिता एवं कार्यकुशलता को बढ़ावा दें जिससे संगठन की उत्पादकता एवं गुणवत्ता में वृद्धि हो। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में न्यायमूर्ति संजय कुमार, अध्यक्ष, राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग (बिहार) एवं पूर्व न्यायाधीश, पटना उच्च न्यायालय तथा ए. के. वर्मा, भा.प्र.से. (सेवानिवृत्त), प्रबंधन प्रमुख, लीगल एरीना विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। न्यायमूर्ति संजय कुमार ने भ्रष्टाचार के विभिन्न पहलुओं एवं उसके शासन-प्रणाली पर प्रभाव पर प्रकाश डाला। वहीं ए. के. वर्मा ने डिजिटल धोखाधड़ी एवं साइबर अपराध से नागरिकों की सुरक्षा पर अपने विचार साझा किए। तत्पश्चात आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र प्रतिभागियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक रहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी पी. के. सिन्हा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने नैतिक आचरण, पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने तथा निवारक सतर्कता के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक एवं वरिष्ठ उप महाप्रबंधक द्वारा सतर्कता संदेश पत्रिका के 27वें अंक तथा कर्मचारी उपयोगी पुस्तिका का विमोचन किया गया। इन दोनों प्रकाशनों का उद्देश्य रेलकर्मियों में सतर्कता जागरूकता बढ़ाने तथा ईमानदारी एवं जवाबदेही की भावना को प्रोत्साहित करना है।

# धूमधाम से मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारत के प्रथम गृहमंत्री और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के विद्या निकेतन (शुक बाजार) परिसर में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने एकता और राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल के योगदान को नमन किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सीएमडी सुरेश कुमार गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन और सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। उनके साथ विद्यालय के प्राचार्य सरयू प्रसाद तांती, प्रशासक संदीप कुमार, शिक्षक और शिक्षिकाओं ने भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। दीप प्रज्वलन के साथ समारोह का उद्घाटन हुआ। जयंती के अवसर पर विद्यालय की सभी कक्षाओं में सरदार पटेल के जीवन पर लेखन प्रतियोगिता और परिचर्चा का आयोजन किया गया। बच्चों ने उनकी जीवनी, संघर्षों और एकता के संदेश पर विचार साझा किए। उन्होंने सीखा कि सरदार पटेल ने देश को जोड़ने के लिए किस तरह त्याग और समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया। सीईओ आनंद प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने आजादी के बाद देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का सपना साकार किया। उन्होंने बताया कि सच्चा राष्ट्र निर्माण तभी संभव है जब हम सभी मिलजुलकर आगे बढ़ें। डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन एकता, भाईचारा और समर्पण की मिसाल है। हमें भी उसी राह पर चलना चाहिए। टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश ने कहा कि आज जरूरत है कि हम सरदार पटेल द्वारा बताए गए एकजुटता के रास्ते पर चलें और देशहित में समर्पित रहें। प्राचार्य सरयू प्रसाद तांती ने कहा कि सरदार पटेल मन, कर्म और तन से सशक्त नेता थे जिन्होंने बिखरे हुए रियासतों को जोड़कर मजबूत भारत की नींव रखी। प्रशासक संदीप कुमार ने छात्रों से कहा कि वे सरदार पटेल के आदर्शों पर चलकर अपने जीवन में अनुशासन, मेहनत और एकता का भाव विकसित करें। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक सुमित कुमार सोनी, राजेश पांडे, सत्येंद्र कुमार, गिरजा ठाकुर, सुमन कुमारी, श्रेया कुमारी, रिया कुमारी, रोशन कुमार और प्रवीण कुमार सहित सभी शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी मौजूद रहे। समारोह का समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ।

# 12 साल के उपवास के साथ संयुक्त निदेशक की विदाई

## बिना प्रमोशन और पेंशन के रिटायर हुए हरेन्द्र प्रताप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** अक्टूबर 2025 के अंतिम दिन भारत सरकार में एक वरिष्ठ अधिकारी की अजीबोगरीब शैली में रिटायरमेंट हो रही है। एमएसएमई मंत्रालय के आईईडीएस अधिकारी हरेन्द्र प्रताप सिंह संयुक्त निदेशक के पद से रिटायर हो रहे हैं। वे प्रमोशन नहीं दिये जाने और न्यायालय के आदेश में विलंब के खिलाफ पिछले 30 जनवरी, 2014 से ड्यूटी के दौरान दैनिक निर्जला उपवास कर रहे हैं। यह उपवास रिटायरमेंट के बाद भी जारी रहने की संभावना है। दिल्ली उच्च न्यायालय के 31.08.2022 के फैसले के आलोक में श्री प्रताप की सीनियरिटी, बैच और प्रमोशन रिवाइज की जानी है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट से श्री प्रताप के पक्ष में फैसला आ जाने के बाद भी न्यायालय का आदेश पूरी तरह लागू नहीं किया गया है। साथ ही एरियर को लेकर भी भ्रम की स्थिति बनी हुई है। एमएसएमई मंत्रालय के अधीन विकास आयुक्त कार्यालय ने श्री प्रताप को मात्र चौरासी हजार रुपए का भुगतान एरियर में किया है जबकि सुप्रीम कोर्ट में मंत्रालय ने कहा है कि ढाई लाख रुपए का एरियर तैयार किया गया है। सतर्कता सप्ताह में आयोजित इस फेयरवेल में अनेक लोग दिलचस्पी ले रहे हैं। प्रमोशन नहीं मिलने के कारण श्री प्रताप का पेंशन भी अधर में लटक रहा है। पेंशन पेपर भी पूरा नहीं बनाया गया है। इधर बिहार प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अध्यक्ष महेश कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष कमल किशोर एवं विष्णुकांत मिश्र तथा महासचिव कमलकांत सहाय ने श्री प्रताप को नई पारी के लिए शुभकामनाएं दी है।

# गया में सशस्त्र सीमा बल ने धूमधाम से मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 29वीं वाहिनी, गया में 'राष्ट्रीय एकता दिवस' बड़े उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस आयोजन का संचालन उप-महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय (विशेष प्रचालन) गया के दिशानिर्देशन में हुआ जबकि कार्यक्रम की गरिमामयी उपस्थिति में 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट मधुकर अमिताभ मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत 'रन फॉर यूनिटी' (एकता दौड़) से हुई जो एसएसबी कैम्पस धनावां से प्रारंभ होकर डीपीएस गया से होते हुए खटकाचक बाईपास तक लगभग 6 किलोमीटर की दूरी तय करती हुई संपन्न हुई। इस दौड़ का उद्देश्य सरदार वल्लभभाई पटेल के देश को एकजुट करने के अद्वितीय योगदान को याद करना और एक मजबूत, संगठित भारत के संकल्प को दोहराना था। दौड़ के बाद उप-महानिरीक्षक ने सभी अधिकारियों और कर्मियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी और सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इसके बाद एसएसबी कैम्पस धनावां से दोमुहान तक लगभग 10 किलोमीटर लंबी बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस रैली का नेतृत्व 29वीं वाहिनी के कमांडेंट मधुकर अमिताभ ने किया। बाइक रैली का उद्देश्य युवाओं और समाज में एकता, सतर्कता और राष्ट्रप्रेम का संदेश देना था। इसी क्रम में साइकिल रैली का भी आयोजन किया गया जो एसएसबी कैम्पस धनावां से शुरू होकर डीपीएस गया और खटकाचक बाईपास तक लगभग 6 किलोमीटर की दूरी तय करती हुई निकाली गई। इस रैली को भी मधुकर अमिताभ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी अंजय रजक, द्वितीय कमान अधिकारी दिनेश कुमार, उप-कमांडेंट अबनीश यादव, उप-कमांडेंट अजय कुमार वाजपेयी सहित क्षेत्रक मुख्यालय और 29वीं वाहिनी के अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं बलकर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# शव बरामद, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** शुक्रवार की सुबह अलीपुर थाना की पुलिस ने रसलपुर गांव के समीप से गुजरी तपेशरी रसलपुर नहर के समीप से एक शव बरामद किया। शव की पहचान थानाक्षेत्र के बोहिया गांव निवासी बैजू साव के 32 वर्षीय पुत्र धनंजय साव के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने अलीपुर थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव के समीप से गुजरी तपेशरी रसलपुर नहर के समीप फॉल पर अधेड़ का शव देखा। शव देखे जाने की सूचना तत्काल अलीपुर थाना की पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला तब शव की शिनाख्त हुई। शव की शिनाख्त होते ही पुलिस जांच में जुट गई। पुलिस जांच कर ही रही थी इसी क्रम में शव से थोड़ी दूर पर ही नहर के समीप धनन्जय का बाइक भी मिला। शव होने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण व स्वजन पहुंचे। स्वजनों ने हत्या का आरोप लगाया। धन्नजय के भाई संजीत साव ने जानकारी दी कि उनका भाई रात को किसी के बुलावे पर बाहर गया था जो लौट कर नही आया व सुबह हत्या कर शव फेंके जाने की सूचना मिली। संजीत ने बताया कि धनन्जय साव तीन बच्चों का पिता है व मउ थाना क्षेत्र के चितौखर बाजार में अनाज का व्यापार कर परिवार का भरण पोषण करता था। शव मिलने के बाद हत्या का आरोप लगा परिजन व ग्रामीणों ने शव को रसलपुर बोहिया मुख्य मार्ग पर रख कर जाम कर दिया। स्वजन हत्या का आरोप लगा वरीय अधिकारी व जन प्रतिनिधि के बुलाने की मांग पड़ अड़े रहे। वहीं घटना की सूचना पाकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशांत कुमार चंचल दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीपीओ के पहल पर श्वान बुलाया गया हालांकि श्वान को भी कोई सफलता नही मिली। पुलिस अधिकारियों ने घण्टों मशक्कत के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल भेजा। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया जी भेजा गया है।


**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 206-CHAINPUR | HEMANT KUMAR CHOUBEY | 1.A.C.J.M., Bhabhua, P.S. Case No. 26/23 & Pending 2. J. M. - I, Bhabhua, P.S. Case No. 2521/18 & Pending | 1.Sec. 341,323, 147,148,149,506, 504, 394,384 I.P.C & 27 Arms Act 2.Sec. 147, 148, 149,430,353, 506 I.P.C | NA | NA | NA |

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 208-SASARAM | BINAY KUMAR SINGH | 1.C.J.M., Sasaram, P.S. Case No. 210/22 & Pending 2.C.J.M., Sasaram, P.S. Case No. 857/18 & Pending 3.A.D.J.- XVII, Sasaram, P.S. Case No. 1/23 & Pending | 1.Sec.341,504,3 42,506,427,353, 379,354/34 of IPC 2.Sec 341,323, 325,386,379,307, 504, 34 of IPC 3.Sec 341,342,323 /34 3(ii)(x) of IPC | NA | NA | NA |

**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party
(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**
* Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**
Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 216-JEHANABAD | ABHIRAM SINGH | 1.J.M 1st Class, Jehanabad, P.S Case no 260/13 & Pending 2.C.J.M, Jehanabad, P.S Case no. 421/34 & Pending | 1.Section 420,467, 468,471/34 IPC 2.Section 341, 323, 504/34 IPC | NA | NA | NA |

# नीतीश का विकासात्मक प्रकाश ही बिहार की पहचान : जेपी नड्डा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिक्रम।** प्रखंड क्षेत्र के क्रीड़ा मैदान में शुक्रवार को एनडीए की ओर से विशाल चुनावी सभा का आयोजन किया गया। सभा में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार अब पीछे मुड़कर देखने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि लालू के जंगलराज और अंधकारमय शासन पर प्रधानमंत्री मोदी और नीतीश कुमार की डबल इंजन की सरकार ने विकास की ऐसी लकीर खींची है जिससे पूरा बिहार प्रकाशित हो उठा है। नड्डा ने एनडीए सरकार की उपलब्धियाँ गिनाते हुए कहा कि हर घर को 125 यूनिट मुफ्त बिजली, महिलाओं को रोजगार प्रोत्साहन राशि, सड़कों का जाल, चौबीस घंटे बिजली-पानी जैसी सुविधाएँ अब बिहार की पहचान बन चुकी हैं। लालू परिवार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि अपने परिवार का हित साधने के लिए लालू परिवार ने बिहार में अपराध का उद्योग खड़ा किया। प्रत्याशी सिद्धार्थ सौरव और मनेर से लोजपा प्रत्याशी जितेंद्र यादव को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि बिहार के विकास और स्थिरता के लिए एनडीए की सरकार आवश्यक है। लोजपा (रा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा कि आने वाले पाँच साल बिहार के सपनों को साकार करने वाले होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में एनडीए की सरकार फिर से बनने जा रही है। युवाओं को रोजगार, महिलाओं को अवसर और शिक्षा-स्वास्थ्य में सुधार हमारी प्राथमिकता है।

# आंगनबाड़ी केंद्र के 60.55 लाख बच्चे की अब ऑनलाइन निगरानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों और गर्भवती महिलाओं की ऑनलाइन निगरानी की प्रक्रिया शुरू की गई है। समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) निदेशालय ने राज्य के 20 जिलों के 70 हजार आंगनबाड़ी केंद्र में भौतिक रजिस्टर को बंद कर दिया है। इन जिलों के सभी आंगनबाड़ी केंद्र के 60 लाख 55 हजार बच्चों की ऑनलाइन निगरानी शुरू कर दी गयी है। इसके साथ ही इन जिलों के चार लाख 90 हजार गर्भवती और दो लाख 80 हजार स्तनपान करवाने वाली महिलाएं भी शामिल है। ये सभी आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत हैं और योजना के लाभ लेने के लिए ऑनलाइन निगरानी की जा रही है। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं की ओर से. फेस कैपचरिंग का काम किया जा रहा है। दस जिलों में 50 फीसदी लाभार्थी की फ़ेस कैपचरिंग का काम पूरा हो गया है। जल्द ही इन जिलों के आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे, गर्भवती और स्तनपान करवाने वाली महिलाओं की भी ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। बता दें कि आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत लाभार्थी को ही विभिन्न योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए फ़ेस कैपचरिंग की प्रक्रिया शुरू की गई। इसके लिए सभी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। इसके तहत जिन लाभार्थी को योजना का लाभ मिलना है, उनकी फोटो खींच कर निदेशालय को भेजना है। इसकी निगरानी निदेशालय द्वारा समय-समय पर की जाती है। जल्द ही राज्य के सभी एक लाख 15 हजार दस आंगनबाड़ी केंद्र में भौतिक रजिस्टर को बंद कर दिया जाएगा। सभी केंद्र पर ऑनलाइन ही डेटा की इंट्री होगी। आईसीडीएस की मानें तो कई बार ऐसे आंगनबाड़ी केंद्र पकड़ में आये हैं जहां पर बिना पंजीकृत बच्चों को योजना का लाभ दे दिया गया है। कई आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की फर्जी तरीके से अधिक संख्या दिखा कर योजना की राशि ले ली गयी है। इन सभी पर रोक लगाने के लिए यह शुरू किया गया है। इसके तहत जिन लाभार्थियों को योजना का लाभ मिलना है उसका फ़ेस मिलान होने के बाद ही दिया जाएगा। सूबे के अररिया, बेगूसराय, पूर्वी चंपारण, गया, गोपालगंज, जहानाबाद, जमुई, कैमूर, खगड़िया, मधुबनी, मुंगेर, नवादा, रोहतास, सारण, शेखपुरा, सीतामढ़ी, सीवान, सुपौल, पश्चिम चंपारण, पटना में ऑनलाइन निगरानी हो रही है।

## बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** दाउदनगर पुलिस द्वारा अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त किया गया है जबकि चालक फरार हो गए। मामला थाना क्षेत्र के मेवा बिगहा की है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उस जगह बालू लदे दो ट्रैक्टर चालकों को रुकने का इशारा किया गया। लेकिन वे ट्रैक्टर छोड़ मौक़े से फरार हो गए। ट्रैक्टर जब्त कर थाना लाया गया है। जब्त ट्रैक्टर के आधार पर वाहन मालिक और चालक पर प्राथमिकी दर्ज किया गया। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे। उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# जीविका दीदियों ने लोकतंत्र में दिया भागीदारी का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** जिले के छह विधानसभा क्षेत्रों में आगामी 11 नवंबर को मतदान होना है। इस उद्देश्य से जीविका अपने कर्मियों, कैडरों एवं जीविका दीदियों के माध्यम से व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चला रही है। आज सदर प्रखंड में जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका पवन कुमार के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। उन्होंने सागर जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, पांडेपुर के अंतर्गत आने वाले छह ग्राम संगठनों की जीविका दीदियों एवं कैडरों के साथ मिलकर मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया तथा स्वयं मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इसी क्रम में जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड परियोजना प्रबंधकों के नेतृत्व में प्रभात फ़ेरी एवं मतदाता जागरूकता रैली आयोजित की गई। इन कार्यक्रमों के दौरान जीविका दीदियों ने वोट हमारा अधिकार है के नारों के माध्यम से मतदाताओं में मतदान के प्रति जोश और जागरूकता का संचार किया। जिले के प्रत्येक गांव में जीविका स्वयं सहायता समूहों, ग्राम संगठनों एवं संकुल स्तरीय संघों की जीविका दीदियां घर-घर संपर्क अभियान, व्यक्तिगत संवाद, रंगोली-सह-मेहंदी कार्यक्रम तथा हस्ताक्षर-सह-शपथ कार्यक्रम के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए लगातार प्रेरित कर रही हैं।इन गतिविधियों का उद्देश्य प्रत्येक मतदाता को यह संदेश देना है कि लोकतंत्र को सशक्त बनाएं, 11 नवंबर को अवश्य मतदान करें।

## बिजली करंट से युवक जख्मी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर की आजाद नगर मुहल्ले में सड़क पार करने के दौरान बिजली करंट की चपेट में आने से एक युवक झुलस कर जख्मी हो गया। जख्मी युवक की पहचान उस मुहल्ला निवासी मो. सैफ के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि सैफ अपने मुहल्ले में सड़क पार कर रहा था। सड़क किनारे एक विद्युत पोल खड़ा था। उसी जगह पर करंट दौड़ रहा था, जिसकी जानकारी सैफ को नहीं थी। पार करते समय अचानक करंट की चपेट में आकर झुलस गया। फिलहाल चिकित्सकों की देखरेख में सदर अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।

## जयंती पर लौह पुरुष सरदार पटेल को डीएम ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि व देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण) जयप्रकाश नारायण, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पू राज समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में इन दोनों महान विभूतियों का योगदान अविस्मरणीय है। इंदिरा गांधी ने देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए अपना जीवन सर्मर्पित किया। सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश के रियासतों के एकीकरण में ऐतिहासिक भूमिका निभायी है।


**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

*Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**

Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 215-KURTHA | RAMBALI SINGH | A.C.J.M.- I, Patna, Peerbahor P.S. Case No. 148/20 & Pending | Sec.- 341, 323, 504, 506 IPC | NA | NA | NA |



**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

*Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**

Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 218-Makhdumpur | Shankar Swarup | CJM, Arwal , PS Case no 57/ 2010, Ki njer & Pending | Sec 188,171 IPC | NA | NA | NA |



**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

*Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**

Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 213-Karakat | Yogendra Singh | SDJM, Bikramganj, PS Case no 33/2016,Karkat & Pending | Sec 379 IPC & 40 of Bihar Mining Act | NA | NA | NA |


## चुनाव आयोग ने शुरू की 'बुक-ए-कॉल विद बीएलओ' की सुविधा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं के हित में बड़ा कदम उठाया है। अब किसी भी नागरिक को अपने वोटर कार्ड, नाम सुधार, मतदान केंद्र या किसी भी चुनावी शिकायत के लिए भटकने की जरूरत नहीं होगी। चुनाव आयोग ने इसके लिए राष्ट्रीय मतदाता हेल्पलाइन नंबर 1950 और 'बुक-ए-कॉल विद बीएलओ' जैसी आधुनिक सुविधाएं शुरू की हैं। आयोग का कहना है कि अब हर मतदाता की बात सीधे आयोग तक पहुंचेगी। टोल-फ्री नंबर 1800-11-1950 पर कोई भी नागरिक सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक कॉल कर सकता है। कॉल संभालने वाले प्रशिक्षित अधिकारी मतदाताओं को वोटर सूची, पर्ची, मतदान केंद्र और चुनाव प्रक्रिया से जुड़ी हर जानकारी देंगे। इसके साथ ही नागरिक अब प्लेटफार्म या ऐप पर जाकर 'बुक-ए-कॉल विद बीएलओ' सुविधा के माध्यम से सीधे अपने बूथ लेवल अधिकारी से भी बात कर सकेंगे।

# देवोत्थान व्रत आज, होगा तुलसी विवाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सनातन संप्रदाय में मनायी जाने वाली एकादशी में हरि प्रबोधिनी एकादशी बहुत ही उत्तम मानी गयी है। इसे ही देव प्रबोधिनी एकादशी या देवोत्थान व्रत कहा जाता है। लोकभाषा में इसे देव उठनी एकादशी भी कहते हैं। यह पर्व प्रत्येक वर्ष कार्तिक शुक्लपक्ष एकादशी को मनाया जाता है। ज्योतिर्विद डॉ हेरंब कुमार मिश्र ने बताया कि शुक्रवार को रात्रिशेष चार बजकर दो मिनट से आज शनिवार को रात्रि शेष दो बजकर 57 मिनट तक एकादशी तिथि है। ऐसे में देवोत्थान एकादशी का व्रत आज ही रखा जायेगा। शास्त्रों के अनुसार, आषाढ़ शुक्ल पक्ष हरिशयनी एकादशी के दिन से देव शयन होने बाद चातुर्मास उपरांत आज ही देवोत्थान को भगवान श्रीहरि योगनिद्रा से बाहर आते हैं।

तुलसी विवाह का विधान ज्योतिर्विद ने बताया कि पद्मपुराण के अनुसार प्रबोधिनी एकादशी का बड़ा ही महत्व है। आज के ही दिन संध्या बेला में अनुयायी शंख, घंटा, मृदंग आदि बजाकर भगवान श्रीहरि को योग निंद्रा से जगाते हैं व विधि पूर्वक पूजनादि कर तुलसी विवाह का आयोजन करते हैं। इस क्रम में तुलसी पौधा का विवाह शालिग्राम भगवान से कराने की परंपरा रही है। तुलसी वृक्ष के आसपास साफ-सफाई व सजावट कर श्री तुलसी व भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। घी के दीपक जलाये जाते हैं। तुलसी को विष्णुप्रिया भी कहा जाता है। उनका पूजन भगवान का आह्वान माना जाता है। भाव यह कि तुलसी विवाह के माध्यम से योग निंद्रा से बाहर आने के लिए भगवान श्रीहरि का आह्वान किया जाता है। इसीलिए, इस दिन भक्ति पूर्वक तुलसी, भगवान विष्णु व अन्य देवी-देवताओं की पूजा करनी चाहिए। शास्त्रों में वर्णित है कि इस दिन किये गये पूजा-पाठ, जप तप, दान पुण्य एवं होमादि कर्म से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। सभी तरह के मांगलिक कार्य होंगे आरंभ ज्योतिर्विद ने बताया कि हरिशयनी एकादशी से सभी मांगलिक कार्य चार महीने के लिए अवरुद्ध हो जाते हैं। इसके बाद आज के दिन भगवान के योग निंद्रा से बाहर आने के बाद पुनः मांगलिक कार्य आरंभ होते हैं। उन्होंने बताया कि नंबर माह के दूसरे सप्ताह के बाद शादी विवाह का मुहूर्त है। सभी तरह के मांगलिक कार्य शुरू हो जायेंगे। विदित हो कि सनातन संस्कृति में तुलसी विवाह एक पवित्र व शुभ क्षण है। इसके तुलसी माता रूपी पौधा को श्रृंगार किया जाता है। यह श्रृंगार न केवल भक्ति व श्रद्धा का प्रतीक है बल्कि माता लक्ष्मी के प्रति आस्था का भी प्रतीक है। तुलसी विवाह का आयोजन न सिर्फ धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, अपितु एकता, प्रेम, आशीर्वाद व भक्ति भावना का भी संकल्प है। धर्मशास्त्रों में तुलसी माता से जुड़ी अन्य पौराणिक कथाएं भी प्रमाणिक और प्रचलित हैं।


**Format C-2**

(For political party lo publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25''' September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

*Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025**

Name of State/ UT : **Bihar**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court, case No. & date(s) of Order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 210-Dinara | Sanjay Kumar | 1.1. JM 1st Class, Bikramganj, PS Case no 47/2015, Natwar & Pending 2.JM 1st Class, Bikramganj, Ps Case no 45/2018, Natwar & Pending 3.JM 1st Class, Bikramganj, Ps Case no 03/16, Natwar & Pending 4.JM 1st Class, Bikramganj, Ps Case no 20/11, Sanjhauli & Pending 5.SDJM,Bikramg anj, Ps Case no 16/2016, Natwar & Pending | 1.Sec 420,171(G) IPC 2.Sec 341,323, 337, 504, 506/34 IPC 3.Sec 406,407, 408,409,467 ,468, 420,120 (B) IPC 4.Sec 304(A),34 IPC 5.Sec 420,120(B) and 7E.C Act | NA | NA | NA |

# लोकतंत्र के महापर्व में सभी विभागों की भूमिका महत्वपूर्ण : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**औरंगाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सभी अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व के सफल आयोजन में सभी विभागों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्वाचन अवधि में वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और विधि-व्यवस्था को बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री शास्त्री शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के सफल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समाहरणालय सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उन्होंने अग्रणी बैंक प्रबंधक एवं सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान होने वाले सभी वित्तीय लेन-देन पर सतर्क निगरानी रखें। किसी भी अभ्यर्थी, राजनीतिक दल या उनके प्रतिनिधियों द्वारा असामान्य रूप से बड़ी राशि के निकासी, जमा या अंतरण की जानकारी प्राप्त होने पर उसे तुरंत निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी को अवगत कराएं ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन किए गए संदिग्ध जमा एवं निकासी से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन प्रतिदिन अग्रणी बैंक प्रबंधक कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए और अग्रणी बैंक प्रबंधक इसकी समीक्षा करते हुए नोडल पदाधिकारी निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग को इसकी प्रतिदिन सूचना देंगे। इसके लिए एक पैरामीटर निर्धारित किया गया। राज्य कर संयुक्त आयुक्त सह नोडल पदाधिकारी निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग रवि रंजन आलोक ने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में 100000 से अधिक के जमा एवं निकासी से संबंधित प्रतिदिन का प्रतिवेदन सभी शाखा प्रबंधक अपने अग्रणी बैंक प्रबंधक कार्यालय में समर्पित करेंगे। अग्रणी बैंक प्रबंधक औरंगाबाद इसकी समीक्षा करते हुए इसकी प्रतिदिन सूचना नोडल पदाधिकारी निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग औरंगाबाद को देंगे। बैठक में इंस्पेक्टर रेलवे सुरक्षा बल को निर्वाचन अवधि में रेलवे परिसरों, सवारी गाड़ी एवं एक्सप्रेस मेल रेलगाड़ी आदि की सघन जांच, प्लेटफॉर्मों, टिकट काउंटरों और यात्री गाड़ियों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सर्वोपरि है और इसे सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ करना चाहिए। मौके पर राज्य कर उपायुक्त संतोष कुमार, राज्य कर सहायक आयुक्त अनामिका कुमारी, अग्रणी बैंक प्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, यूको बैंक, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक सहित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक तथा रेलवे सुरक्षा बल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एकजुट होकर एनडीए प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह के पक्ष में करें मतदान : संजय जायसवाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** शहर के होटल राज रेजिडेंसी में वैश्य परिवार के द्वारा एक बैठक आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद संजय जायसवाल, नोएडा सांसद महेश शर्मा, पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, विधान पार्षद दिलीप सिंह, भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह, एनडीए प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह, वाणिज्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता, चैयरमैन उदय गुप्ता, सतीश सिंह एवं वैश्य परिवार एवं नगरवासी लोग उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग एकजुट होकर एनडीए के प्रत्याशी त्रिविक्रम नारायण सिंह को अपना वोट दे और बिहार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एनडीए नेतृत्व वाली पूर्ण बहुमत से सरकार बनाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंद्रिका प्रसाद एवं संचालन भाजपा नेता पंकज वर्मा ने किया। सुरेन्द्र कुमार जैन ने संयोजक कार्य किया। मौके पर बैजनाथ जी, राजू गुप्ता, श्याम किशोरजी, अनिल ओड़िया, टीपू गुप्ता, अजीत गुप्ता, शिव गुप्ता, पिंटू गुप्ता, राजकुमार लहेरी, राजेश जी हलवाई संघ, रमनजी, मनीष जी, सुनील गुप्ता, संजीत गुप्ता, ललन गुप्ता, वार्ड पार्षद रंजय अग्रहरि, वार्ड पार्षद अमित गुप्ता, संतोष अग्रवाल और शहर के सभी वर्ग के वैश्य मौजूद थे।

# बीआरबीसीएल में राष्ट्रीय एकता दिवस पर दौड़ का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** भारतीय रेल एवं एनटीपीसी के संयुक्त उपक्रम भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल) में 31 अक्टूबर को भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक रंजन देहुरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम की शुरुआत में सभी कर्मचारियों, उनके परिजनों, विभागाध्यक्षों एवं सीआईएसएफ के जवानों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के उपरांत श्री देहुरी की अगुवाई में सभी प्रतिभागियों ने जोश और उत्साह के साथ 'एकता दौड़' में भाग लिया। इस अवसर पर परिसर में एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश गूंज उठा, जिससे कर्मचारियों में देश की एकता और अखंडता के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ।

# पहले मतदान फिर जलपान के नारों से गूंजा मदनपुर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में आगामी 11 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को अनुग्रह उच्च माध्यमिक प्लस टू विद्यालय मदनपुर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा 11 नवंबर को पहले वोट डालें फिर जलपान करें। इस दौरान उन्होंने जीविका दीदीयों को आह्वान किया हैं कि वे अपने आसपास के मतदाताओं को वोट डालने के लिए उत्प्रेरित करें। आप अपना बहुमूल्य वोट किसी के बहकावे, दबाव या प्रभाव आकर न डाले। उन्होंने कहा कि मदनपुर में पिछले चुनाव में यहां 43 प्रतिशत ही मतदान हुआ था। इस बार वोट प्रतिशत बढ़ाना है। 90 प्रतिशत से भी ज्यादा मतदान हो। इसके लिए मतदाताओं को जागरूक और उत्प्रेरित किया जा रहा है। इसके पूर्व उमगा सूर्य मंदिर के समीप मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया था जिसे हरि झंडी दिखाकर डीएम व डीडीसी द्वारा रवाना किया गया। रैली उमगा दलित महादलित बस्तियों, दर्जी बिगहा होते हुए प्रखंड मुख्यालय में समाप्त हुआ। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में गायिका तानिया मौआर और सृष्टि कुमारी द्वारा मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुत दी?। इसके बाद श्रीभागवत प्रसाद सिंह मेमोरियल बीएड कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरुकता नुक्कड़ नाटक व गीत की प्रस्तुति से दर्शक प्रभावित हुए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, वरीय उपसमाहर्ता रत्ना प्रियदर्शिनी, सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अंतरा कुमारी, बीडीओ डॉ अवतुल्य कुमार आर्य, सीओ मो. अकबर हुसैन, बीईओ संजीव कुमार सिंह, बीएओ सुरेन्द्र कुमार राम, कृषि समन्वयक मुकेश अकेला, सीडीपीओ श्वेता कुमारी, नीति आयोग कुटुम्बा अधिकारी आस्फा राणा, नवीनगर नीति आयोग पदाधिकारी नेहा कुमारी, संजू कुमारी सहित जीविका दीदीयां मौजूद रहे।

# मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आम निर्वाचन 2025 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा शहर के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों अंबिका पब्लिक स्कूल, डी.ए.वी. स्कूल दानी बिगहा, सरस्वती शिशु मंदिर तथा सेंट इग्नेशियस मिशन स्कूल में चुनाव कार्य हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण में भाग ले रहे मतदान कर्मियों को निर्वाचन की प्रत्येक प्रक्रिया को गंभीरता एवं सजगता के साथ समझने तथा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप कार्य संपादन करने का निर्देश दिया। अंत में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा फैसिलिटेशन सेंटर पर हो रहे मतदान कार्य का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां उपस्थित कार्मिकों से डाक मतपत्र मतदान की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता, गोपनीयता एवं सुव्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया।

# रफीगंज के विकास में प्रमोद सिंह देंगे योगदान : हर्षवर्धन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मदनपुर।** शुक्रवार को पार्टी कार्यालय मदनपुर में जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व पार्टी के स्टार प्रचारक हर्षवर्धन सिंह ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि एनडीए समर्थित उम्मीदवार प्रमोद कुमार सिंह चुनाव जीतने के बाद हर तरह से क्षेत्र का विकास करेंगे। जनता से जुड़ी सभी समस्याओं का निदान निकलेंगे। वैसे उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता बनाकर इलाके में जन सुविधाओं का खास ख्याल रखा है। श्री सिंह ने प्रमाद सिंह के पक्ष में लोगों से वोट की अपील की है। उन्होंने कहा कि रफीगंज की जनता अपनी बहुमूल्य वोट देकर भारी मतों से प्रमोद कुमार सिंह को विजय बनाए। मतदाता जाति, धर्म और संप्रदाय से ऊपर उठकर जीताने का काम करेंगें। इस अवसर पर भाजपा के वरीय नेता सत्येन्द्र सिंह, प्रखंड जदयू अध्यक्ष लव कुमार सिंह, पूर्व मुखिया विनय कुमार सिंह, भाजपा नेता दिग्विजय सिंह, विनय कुमार यादव, विनोद सिंह, अनिल ठकराल, उमाशंकर सिंह, सत्यनारायण सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, पूर्व प्रखंड उप प्रमुख लवलेश गहलौत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा।** थाना क्षेत्र के कोइलवां गांव के टोले रघुनाथ बिगहा में मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को हसपुरा पुलिस को सूचना मिली कि कोइलवां के रघुनाथ बिगहा में शराब चुलाई कर बिक्री किया जा रहा है। सूचना सत्यापन के लिए हसपुरा पुलिस गांव में पहुंची तो एक घर से निकालकर तीन-चार लोग भागने लगे। पुलिस ने जब घर की तलाशी ली तो प्लास्टिक के बड़े गैलन से 210 लीटर तैयार महुआ शराब, एक गैस सिलेंडर और तीन तसला बरामद किया। पुलिस को पता चला कि शराब बनाने का काम उसी गांव के बिनोद चौधरी करता है। पुलिस ने उसे नामजद आरोपित बनाते हुए बिहार शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वही दूसरी तरफ अमझर शरीफ रोड में बिजली ऑफिस के पास वाहन जांच के दौरान 50 लीटर महुआ शराब व एक बाईक जब्त किया है। हालांकि धंधेबाज पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो गया। जानकारी के मुताबिक वाहन जांच के लिए पुलिस द्वारा बाईक रूकवाया गया तो बाईक सवार गाड़ी छोड़कर भाग गया। उसे पुलिस ने जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि दोनों मामले में विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# जयंती पर याद किए गए सरदार पटेल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**औरंगाबाद।** नवीनगर प्रखंड के चंद्रगढ़ स्थित गौरेश्वर नारायण सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कालेज के प्रांगण में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के सचिव पंकज कुमार सिंह एवं समाजसेवी ललित किशोर सिंह एवं प्राचार्य दिलीप कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रजवलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम को प्रारम्भकिया गया। इस अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के तहत संस्थान के सभी कर्मचारी एवं प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया और लोगों को इसके माध्यम से एकता का संदेश दिया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के प्रांगण से प्रारम्भ होकर सम्पूर्ण चन्द्रगढ़ ग्राम में चलाया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव ने लोगों को एकता एवं सौहार्द बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया जिसमें महाविद्यालय के सहायक आचार्य सुशील कुमार, डॉ महेन्द्र यादव, पंकज कुमार, सुनील सिंह, विधिन कुमार मिश्रा, शिकेश सिंह, अमित कुमार गुप्ता, लवली सिंह एवं इंटर कालेज के प्राचार्य विनय कुमार सिंह एवं पुस्तकालयाध्यक्ष रामेश कुमार सिंह एवं प्रफुल्ल कुमार सिंह, मनीष सिंह, सुमित सिंह, चंदन सिंह, पिन्टू कुमार व विकाश सिंह, अमित सिंह, ओम प्रकाश सिंह, यशवंत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# कुटुम्बा में घर-घर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** चुनाव के मद्देनजर स्वीप के माध्यम से कुटुंबा प्रखंड में जिला निर्वाचन अधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशन में मतदाता जागरूकता हेतु घर-घर अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत आंगनवाड़ी सेविकाओं ने बैलट बिटिया पहल के अंतर्गत घरों पर मतदान जागरूकता संबंधी स्टीकर और बैज चिपकाए तथा लोगों को 11 नवंबर को मतदान अवश्य करने का संदेश दिया। सेविकाओं ने लोगों को समझाया कि मतदान केवल अधिकार नहीं, यह एक जिम्मेदारी भी है। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक नागरिक को मतदान केंद्र तक अवश्य पहुंचना चाहिए। इस दौरान आंगनवाड़ी सेविकाओं ने विशेष रूप से महिलाओं, प्रथम बार मतदाताओं और युवाओं को मतदान के महत्व से अवगत कराया। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना की और मतदान में भाग लेने का संकल्प लिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# विभिन्न मामलों में 33 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** चुनाव के मद्देनजर मादक प्रदार्थो की खरीद फरोख्त के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप शराब बिक्री मामले में सात और सेवन मामले में 26 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 1263.60 लीटर देसी शराब एवं 9900 किलोग्राम जावा महुआ बरामद करते हुए 2 बाइक जब्त किया गया है। यह कार्रवाई जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। यह कार्रवाई जम्होर थाना क्षेत्र के शंकरपुर चेकपोस्ट पर की गई जिसमें एक व्यक्ति को देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। नगर थाना क्षेत्र के रामनगर (कर्मा रोड) से 1 व्यक्ति को देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। कुटुंबा थाना क्षेत्र के पिछुलिया चेकपोस्ट से 1 व्यक्ति को देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। मदनपुर थाना क्षेत्र के मनवादोहर में 1 व्यक्ति को देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के नरसिंहा भुईयां टोला से देसी शराब की बरामदगी की गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न क्षेत्रों में शराब के सेवन के आरोप में कुल - 21 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। दाउदनगर अनुमंडल अंतर्गत दाउदनगर थाना क्षेत्र के बेरई गांव से 1 व्यक्ति को शराब एवं बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। हसपुरा थाना क्षेत्र के हसपुरा से 2 व्यक्तियों को देसी शराब एवं बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। हसपुरा थाना क्षेत्र के चनहट में देसी शराब एवं जावा महुआ बरामद किया गया। साथ ही शराब के सेवन के आरोप में 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त नरारीकला खुर्द थाना अंतर्गत मेह सोन दियारा, शेखपुरा सोन दियारा, शोभेखाप सोन दियारा एवं बेनी बिगहा सोन दियारा क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से छापामारी की गई, जिसमें भारी मात्रा में अवैध चुलाई शराब एवं जावा महुआ बरामद किया गया तथा कई शराब भठियों को ध्वस्त किया गया। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की माने तो यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ताकि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं शांति सुनिश्चित की जा सके।

# फुटपाथी दुकानदारों की भूख हड़ताल आज से

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अपनी मांगों को लेकर फुटपाती दुकानदारों ने शनिवार से भूख हड़ताल और वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया। शुक्रवार को औरंगाबाद शहर के मुख्य डाक घर के सामने जिला फुटपाथ फ़ेरी विक्रेता संघ औरंगाबाद के बैनर तले संघ के अध्यक्ष शशि कुमार सिंह के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन और जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। प्रदर्शन कर रहे फ़ुटपाती दुकानदारों ने कहा कि वे लोग फुटपाथ से दुकान हटाए जाने का विरोध नहीं कर रहे है, बल्कि समर्थन में है। लेकिन नगर परिषद के तरफ से सर्वे कर चिन्हित किए गए 1700 फुटपाती दुकानदारों को दुकान आबंटित न कर के सिर्फ 250 दुकानदारों को ही दुकान आवंटित कर रही है। समस्या यह है कि बाकी दुकानदार कहां जायेगे। स्थिति ऐसी रही तो शेष दुकानदारों को भुखमरी का शिकार होना पड़ेगा। दूसरी बात दुकानदारों को जगह दानी बिगहा परिसर में दिया जा रहा है जहां ट्रांसपोर्टिंग खर्च ज्यादा लगेगा। ऐसे में मुनाफा पर असर पड़ेगा। आक्रोशित दुकानदारों ने दुकान आबंटन को लेकर नगर प्रशासन और जिला प्रशासन से मांग की है कि सभी दुकानदारों को चबूतरा बनाकर दिया जाए ताकि दुकानदार विक्री की सामग्री अलग रख सके। इसके साथ-साथ होल सेल, खुदरा विक्रेताओं की दुकानें अलग-अलग आबंटित की जाए। जिला प्रशासन सड़क जाम और अतिक्रमण के मामले को लेकर फुटपाती दुकानदारों पर लाठियां बरसाई जाती है मगर जाम की जो वास्तविक स्थिति है उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती।

# कैदियों को उनके अधिकार व कर्तव्य के बारे में बताएं : तान्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** मंडलकारा औरंगाबाद का जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। कारा में निरीक्षण के दौरान कारा में पदस्थापित जेलर सरोज कुमार उपस्थित रहे। सचिव तान्या पटेल द्वारा जेल के प्रत्येक वार्ड का निरीक्षण किया गया तथा बंदियों के संबध में जानकारी प्राप्त किया गया। सचिव ने कैदियों को कारा में उत्पन्न हो रही समस्याओं से अवगत होने के उपरांत कैदियों के समक्ष ही तत्काल निदान करने का निर्देश जेल प्रशासन को दिया। सचिव ने अपने निरीक्षण के दौरान बंदियों से उनके जमानत एवं अधिवक्ता के संबध में पूछताछ किया। साथ ही सभी कैदियों को कहा गया कि अगर आप निजी अधिवक्ता रखने में समक्ष नहीं है तो जेल में प्रतिनियुक्त जेल भ्रमण अधिवक्ता अथवा कारा प्रशासन से उसे अग्रसारित कराते हुए प्राधिकार के कार्यालय में भेजें जिससे कि पैनल अधिवक्ता की सेवा तत्काल उन्हें उपलब्ध कराया जा सके। जेल भ्रमण में निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा जेल की साफ-सफाई हेतु आवश्यक निर्देश भी दिया गया। इसी क्रम में बरसात के मौसम को देखते हुए मौसम आधारित बीमारियों से बचाव और मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु हर संभव प्रयास करने का निर्देश देते हुए संबधित बीमारियों हेतु प्रचुर मात्रा में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। जेल में मिलने वाले खाने के मेनू के अनुसार और गुणवत्तापूर्ण रखने का निर्देश दिया ताकि बंदियों के बीच असंतोष की भावना के साथ-साथ उन्हें भोजनजनित बीमारी न हो। सचिव द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि जो भी नये कैदी जेल में आते हैं तो बंदी के दौरान उनके अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में बतायें। साथ ही साथ अगर उन्हें विधिक सहायता की आवश्यकता है तो किस प्रकार उन्हें विधिक सहायता मिल सकती है के बारे में भी बतायें। पूरे निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु न्यायिक पदाधिकारी निकिता राज, शिवांगी कुमारी एवं अमरेश कुमार दीपक, उप प्रमुख प्रतिरक्षा अधिवक्ता अभिनंदन कुमार और चन्दन कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

# मारपीट में अधेड़ जख्मी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पवई गांव में नाली का पानी बहाने को लेकर दो भाइयों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस घटना में एक 54 वर्षीय अधेड़ जख्मी हो गया। जख्मी की पहचान उस गांव निवासी विजय कुमार गुप्ता के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि भाइयों द्वारा नाले का पानी बहाने से मना किया जा रहा था। इसी बात को लेकर विवाद हुई तो भाई और भतीजा ने जमकर मारपीट की।